राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 238
लखनऊ, शुक्रवार 1 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल 10

सपा, कांग्रेस, टीएमसी व डीएमके महिला विरोधी : केशव 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,50,810/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,38,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,13,140/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### लद्दाख में 4.1 तीव्रता का भूकंप, लेह में था केंद्र

**लेह।** लद्दाख में गुरुवार को 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र लेह में था और यह भारतीय समयानुसार 03:54:49 बजे दर्ज किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार गुरुवार सुबह 3:54 बजे भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 रही। भूकंप 150 किमी की उथली गहराई पर आया, जिसका केंद्र अक्षांश 36.722 उत्तर और देशांतर 74.456 पूर्व पर लेह, लद्दाख में स्थित था। भूकंप के कारण किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### अविमुक्तेश्वरानंद 3 मई को गोरखपुर से 81 दिवसीय गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा करेंगे शुरू

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आगामी 3 मई को गोरखपुर से 81 दिवसीय गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा का शुरू करने का ऐलान किया है। इस यात्रा के लिए वे दो मई को काशी से गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी केदारघाट स्थित श्री विद्यामठ के संजय पांडेय ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बुधवार को काशी में आए और भक्तों को दर्शन एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन किया। वे गोरखपुर जाने से पहले काशी में ही प्रवास करेंगे।

### 50 हजार का इनामी बर्थडे बॉय जीतू सैनी मुठभेड़ में ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने .32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

महिला सशक्तिकरण पर विशेष सत्र

# ध्वनिमत से निंदा प्रस्ताव पारित

## भाजपा मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करती रही है और करती रहेगी : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- मजहबी आरक्षण की आड़ में विपक्ष ने आधी आबादी को उनके अधिकारों से किया वंचित
- 1947 के विभाजन की त्रासदी दोबारा न देखनी पड़े

महिला सशक्तीकरण पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में लंबी चर्चा के बाद नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के आरक्षण के पक्ष में हमेशा रही है, लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण का लगातार विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

देश ने 1947 के विभाजन की त्रासदी देखी है, ऐसी परिस्थितियां दोबारा न उत्पन्न हों, यह सुनिश्चित करना हर जिम्मेदार राजनीतिक दल का कर्तव्य है और भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं को मिलने वाले राजनीतिक अधिकारों को बाधित करने का प्रयास किया और मजहबी आरक्षण का मुद्दा उठाकर वास्तविक उद्देश्य से ध्यान भटकाया।

देश के साथ इससे बड़ा द्रोह नहीं हो सकता, इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। आपके इस कृत्य की हम घोर निंदा करते हैं। हम इस बात के पक्षधर हैं कि अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़ी जाति से जुड़े लोगों को उनका अधिकार हर हाल में मिलना चाहिए। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है, लेकिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन विधेयक का विरोध करने से आपकी जो मंशा सामने आई है, उसकी हम निंदा करते हैं। आप लोगों ने इसकी आड़ में नारी शक्ति को नीति निर्धारण में मिलने वाले उनके अधिकारों से वंचित करने में मजहबी आरक्षण को आधार बनाया।

आपका कहना है कि मुस्लिम आबादी के अनुरूप उनको आरक्षण मिलना चाहिए, मुझे लगता है कि देश के प्रति इससे बड़ा द्रोह कुछ नहीं हो सकता और आपके इस कृत्य की हम निंदा करते हैं।

### महिलाओं को नीति-निर्धारण और निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी मिलनी चाहिए

सीएम योगी ने सदन में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भारतीय संविधान में लैंगिक समानता की स्पष्ट अवधारणा निहित है और एनडीए सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य क्षेत्रों में व्यापक अवसर प्रदान किए गए हैं। इसके बावजूद उन्हें उनकी जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। महिलाओं को नीति-निर्धारण और निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी मिलनी चाहिए और इसी उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम वर्ष 2023 में पारित किया गया। हालांकि, इस अधिनियम को शीघ्र लागू करने में कुछ बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं, जिन्हें चिन्हित कर दूर करना आवश्यक है। सदन में दिनभर चली चर्चा के दौरान विभिन्न सदस्यों ने महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।

# मतगणना केंद्रों में अब केवल क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र से मिलेगा प्रवेश

एजेंसी, नई दिल्ली।



चुनाव आयोग ने मतगणना केंद्रों की सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र प्रणाली लागू कर दी है। इससे अनधिकृत व्यक्ति मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं कर पाएगा। प्रणाली ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसकी शुरुआत चार मई को होने वाली मतगणना से होगी।

असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवं पुडुचेरी विधानसभा के चुनाव तथा पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की मतगणना चार मई को होगी।

गोवा की पोंडा विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की अधिसूचना बंबई उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था, जिससे 9 अप्रैल को इस सीट पर होने वाला मतदान भी रद्द हो गया था।

इस पहल के अंतर्गत तीन-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली निर्धारित की गई है। पहले और दूसरे स्तर पर रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से फोटो पहचान पत्रों की मैन्युअल जांच होगी, जबकि तीसरे और सबसे अंदरूनी सुरक्षा घेरे में केवल क्यूआर कोड स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश की अनुमति होगी।

यह क्यूआर कोड आधारित पहचान पत्र रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, मतगणना कर्मियों, तकनीकी स्टाफ, प्रत्याशियों और उनके एजेंटों सहित सभी अधिकृत व्यक्तियों के लिए अनिवार्य होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती करें।

# रक्षा मंत्री ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर की चर्चा

- भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, आजादी और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित



एजेंसी, नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इटली के अपने समकक्ष मिस्टर गुइडो क्रोसेटो के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दोहराया कि भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, आजादी और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। द्विपक्षीय वार्ता के लिए पहुंचने पर इटली के रक्षा मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने 2026-27 के लिए द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का भी आदान-प्रदान किया, जिसमें सैन्य जुड़ाव का रास्ता तय किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज दिल्ली में अपने इटैलियन समकक्ष का स्वागत करके और उनके साथ लंबी बातचीत करके खुशी हुई। हमने वेस्ट एशिया के मौजूदा हालात समेत कई रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर चर्चा की। हमने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम और इटली के रक्षा सहयोग पहल के तहत आपसी फायदे वाले रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

बैठक में दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही बदलते सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किये। दोनों मंत्रियों ने दोहराया कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित है। रक्षा मंत्री की अक्टूबर, 2023 में रोम यात्रा के बाद भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग को और गति मिली। रक्षा मंत्री क्रोसेटो की भारत की पहली यात्रा से दोनों देशों की मौजूदा सहयोग को और विस्तार देने और विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने की इच्छा प्रतिबिंबित हुई है।

बैठक में अलग-अलग जरूरी समुद्री मुद्दों पर दोनों पुराने समुद्री देशों के बीच तालमेल पर भी जोर दिया गया, जिसमें गुरुग्राम के सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र के जरिए सूचनाओं का आदान-प्रदान भी शामिल है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच इसी साल जनवरी में रक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर हुए समझौते से दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। यह समझौता रक्षा उद्योग में सहयोग को तेज करने के साथ-साथ साझा हितों वाले क्षेत्रों में नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करेगा।

# नौसेना को मिला महेंद्रगिरी युद्धपोत, ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से बढ़ेगी समुद्री क्षमता

- प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स के आखिरी जहाज में इस्तेमाल हुई 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय नौसेना को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी स्टेल्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरी गुरुवार को मिल गया। मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने आज देश में ही बना चौथा जहाज नौसेना को सौंपा, जिससे भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ गई है। जहाज का नाम ओडिशा स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत शिखर के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है।

प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को चार और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को तीन जहाजों का निर्माण सौंपा गया था। इस परियोजना के पहले छह जहाज तारागिरी, उदयगिरि, दूनागिरी, नीलगिरि, हिमगिरी और विंध्यगिरी 2019-2023 के बीच लॉन्च किए जा चुके हैं। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 अगस्त को विंध्यगिरी को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया था। भारत में पर्वत श्रृंखलाओं के नाम पर इन सभी जहाजों के नाम रखे गए हैं।

# शाहजहांपुर : दो सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत, तीन घायल

- सीएम ने लिया घटना का संज्ञान, व्यक्त किया शोक

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

पुवायां तहसील में दो सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और गहरी संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ितों की मदद के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए।




पुवायां के गांव भूड़ा मैनारी के पास बने फ्लाईओवर पर एक बोलेरो गाड़ी ने निगोही के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी अरूण कुमार की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अरूण और उनकी पत्नी सीमा, बेटा नैतिक, बेटी दीक्षा की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दूसरा हादसा शाहजहांपुर पलिया हाइवे पर खुटार के रौतापुर कलां के पास एक टैंकर ने कार में टक्कर मार दी, जिससे नवविवाहिता कल्पना वर्मा पत्नी रोहविल, शेशवी, रीना पत्नी कर्मदेव, कार चालक निर्देश की मौत हो गयी। जबकि अनिल कुमार, अनिमेष, आयांश घायल हो गए। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। घायलों का इलाज चल रहा है।

विस्तृत खबर पेज 4 पर

### बरगी डैम में क्रूज पलटा 40 यात्रियों में 35 को बचाया, पांच लापता



**एजेंसी, जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी क्षेत्र में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां अचानक आए तेज आंधी-तूफान के चलते एक क्रूज अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के वक्त क्रूज पर करीब 40 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अब तक 30 से 35 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि, अभी भी पांच लोगों के लापता होने की सूचना है, जिनकी तलाश जारी है।

# सीआईएससीई 2026 : 10जी व 12जी का परिणाम जारी

एजेंसी, नई दिल्ली।



- छात्राओं ने मारी बाजी, 99 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हुई उत्तीर्ण

भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने बृहस्पतिवार को 2026 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिनके अनुसार 10वीं कक्षा में 99.18 प्रतिशत जबकि 12वीं में 99.13 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 2,58,721 परीक्षार्थियों ने 10वीं (आईसीएसई) जबकि 1,03,316 परीक्षार्थियों ने 12वीं (आईएससी) की परीक्षा दी थी। छात्राएं दोनों परीक्षाओं में छात्रों से आगे रहीं।

आईसीएसई में, 99.46 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.93 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, 99.48 प्रतिशत छात्राएं जबकि 98.81 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

आईसीएसई परीक्षा में 2,56,590 परीक्षार्थी उत्तीर्ण जबकि 2,131 अनुत्तीर्ण हुए। आईएससी परीक्षा में कुल 1,02,414 उत्तीर्ण जबकि 902 अनुत्तीर्ण हुए। श्रेणीवार आंकड़ों के अनुसार आईसीएसई में सामान्य श्रेणी के छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.26 प्रतिशत रहा। अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.24 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 98.07 प्रतिशत और अनुसूचित जाति में 98.76 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। आईएससी में, सामान्य श्रेणी के 99.17 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 99.12 प्रतिशत, अनुसूचित जाति में 98.77 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति में 98.84 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

आईसीएसई में 67 विषयों में जबकि आईएससी में 45 विषयों में परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणाम सीआईएससीई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### जम्मू से श्रीनगर तक चली 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू और ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर आज सीधी रेल सेवा से जुड़ गईं। इसी के साथ श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की क्षमता ढाई गुनी की गई है जिससे पर्यटकों, तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय आबादी को आसानी से टिकट सुलभ होगा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकीमंत्री अश्विनी वैष्णव, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में बीस कोच वाली 26401 जम्मू - श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वैष्णव और सिंह ने बाद में इसी ट्रेन से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक यात्रा की।

# जून से अगस्त के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा, 19 मई तक कर सकते हैं आवेदन

एजेंसी, नई दिल्ली।



विदेश मंत्रालय चीन सरकार के साथ समन्वय करते हुए जून से अगस्त के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा आयोजित कर रहा है।

इस वर्ष, 10 जत्थे (बैच) उत्तराखंड के रास्ते लिपुलेख दर्रे से होकर यात्रा करेंगे और अन्य 10 जत्थे सिक्किम के रास्ते नाथू ला दर्रे से होकर यात्रा करेंगे।

प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार आवेदन स्वीकार करने के लिए वेबसाइट kmy.gov.in खोल दी गई है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से एक निष्पक्ष, कंप्यूटर-जनित, रैंडम और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि यात्रा की पूरी प्रक्रिया–ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक–पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है।

इच्छुक आवेदक साइट पर पंजीकरण करके लॉग इन कर सकते हैं और अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदकों को जानकारी मांगने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर उपलब्ध फीडबैक विकल्पों का उपयोग जानकारी प्राप्त करने, अपनी राय दर्ज करने या यात्रा में सुधार के लिए सुझाव देने हेतु किया जा सकता है। आवेदक या तो दोनों मार्गों का चयन कर सकते हैं (प्राथमिकता दर्शाते हुए) या केवल एक मार्ग का चयन कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 मई है।

खुलासा

जासूसी गतिविधियों पर एजेंसियों की नजर

# यूपी चुनाव से पहले बड़ी साजिश में जुटी आईएसआई

एजेंसी, नई दिल्ली।

खुफिया एजेंसियों के अनुसार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बड़ी साजिश रचने में जुटी है।

अधिकारियों का कहना है कि आईएसआई लंबी रणनीति के तहत काम कर रही है और बड़े हमले की तैयारी से पहले ध्यान भटकाने, निगरानी और प्रचार तंत्र के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक यूपी चुनाव बड़ा राजनीतिक आयोजन है और इसके मद्देनजर आईएसआई कई हमलों की साजिश रच सकती है।

इसके लिए उसके समर्थित तत्व सीसीटीवी कैमरे लगाने, जासूसी गतिविधियों में शामिल होने और संवेदनशील स्थानों की जानकारी जुटाने जैसे काम कर रहे हैं। एक खुफिया अधिकारी ने बताया कि अचानक बढ़ी ऐसी गतिविधियों का मकसद भारतीय एजेंसियों को अलग-अलग मामलों में उलझाए रखना है, ताकि बड़े हमले की साजिश को अंजाम दिया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि इन तत्वों का मकसद सिर्फ हमला करना नहीं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना भी है।

कई इंटरसेप्ट्स में संकेत मिले हैं कि प्रचार चैनलों को शांति और सद्भाव बिगाड़ने के लिए सक्रिय किया गया है। सूत्रों के मुताबिक आईएसआई की नजर सिर्फ यूपी के बड़े शहरों पर नहीं, बल्कि दूसरे दर्जे के शहरों और गांवों पर भी है। मकसद एजेंसियों को भ्रमित करना और अचानक हमला करना है।

हाल ही में गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जो रेलवे स्टेशनों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगा रहा था। सोलर पावर कैमरों के जरिए लाइव फीड पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स तक पहुंचाई जा रही थी। इसके बाद देशभर में सीसीटीवी ऑडिट कराया गया। एजेंसियों को आशंका है कि बड़ी संख्या में कैमरे पहले से ही जुटाए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि यूपी चुनाव से पहले इसी रणनीति को दोहराया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक सड़क किनारे ढाबों और दुकानों पर कैमरे लगाकर चुनाव प्रचार के दौरान बड़े नेताओं के रूट पर नजर रखने की योजना हो सकती है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि आईएसआई उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद नेटवर्क का इस्तेमाल कम कर सकती है। शक से बचने के लिए दूसरे राज्यों के लोगों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिनका स्थानीय पुलिस रिकॉर्ड में नाम नहीं हो।

खुफिया एजेंसियों का मानना है कि अलग-अलग राज्यों में जासूसी और आतंकी मॉड्यूल पकड़े जाने के बावजूद अन्य क्षेत्रों में हो रही गतिविधियों पर भी करीबी नजर रखना जरूरी है। लगातार पैदा किया जा रहा ध्यान भटकाव किसी बड़ी योजना का हिस्सा हो सकता है। सूत्रों के अनुसार भारत द्वारा पाकिस्तान से जुड़े हर आतंकी हमले को युद्ध जैसी कार्रवाई मानने की नीति के बाद आईएसआई ने अपनी रणनीति बदली है। अब वह ऐसे हमले करवाना चाहती है, जो पूरी तरह घरेलू नेटवर्क की करतूत लगें और जिनका सीधा संबंध पाकिस्तान से न जुड़ सके। अधिकारियों ने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान पर एफएटीएफकी नजर भी है। ऐसे में वह दोबारा ग्रे लिस्ट में नहीं जाना चाहता, इसलिए आतंकी फंडिंग और गतिविधियों को छिपाने के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं।

# बारातियों का तांडव: टेंट लगा रहे मजदूरों को मारा, फिर टेंट मालिक को पीटा

▸ पुलिस ने समझाने का किया प्रयास, नहीं मानने पर ले गए थाने






**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामपुर धोबिया हार में लाहड़ौरा से आए बारातियों ने जमकर तांडव किया। पहले टेंट लगा रहे मजदूरों को मारा फिर टेंट मालिक की पिटाई की। पुलिस ने शुरू की जांच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार गांव निवासी तिलक राम वर्मा की लड़की की शादी थाना पयागपुर क्षेत्र के लाहड़ौरा से तय थी। तय कार्यक्रम के अनुसार बारात गाजे बाजे के साथ गांव पहुंची सभी गांव वालो ने बारातियों का खूब स्वागत किया। देर रात टेंट के मजदूरों से बारातियों के लोगों से कहा सुनी हुई। और मजदूर रोहित को एक दो बारातियों ने गाली भी दिया। विवाद शांत हो गया। विवाद की जानकारी टेंट के मालिक जुन्नू चौधरी को हुआ तो वह जहां टेंट लगा था गुरुवार की सुबह वहां पहुंचे और बारातियों से पूछने लगे कि मजदूर को क्यों मारा क्या गलती थी। इसी बात पर विवाद इतना बड़ा कि बारात पक्ष के करीब 15 से 20 लोगों ने टेंट के मालिक पर जान लेवा हमला कर दिया और मारने पीटने लगे। बारातियों ने टेंट में लगी लाइट सहित अन्य सामान को भी तोड़ा। आस पास के लोगों ने बीच बराव किया। सूचना के बाद मौके पर चौकी बैवाही के उपनिरीक्षक मुकुट नाथ चौधरी, सहित लालधर प्रसाद पहुंच गए। और मामले को शांत करवाने के लिए जुट गए। काफी देर तक मामला जब नहीं निपटा तो थाना से पुलिस बल मंगवाया गया। कुछ बारातियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

चौकी इंचार्ज बैवाही महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष थाने पर बैठे हैं, तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# विशेश्वरगंज में जन-आक्रोश के साथ पदयात्रा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड विशेश्वरगंज में गुरुवार को जन-अक्रोश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने आयोजन को प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के उपरांत ब्लॉक परिसर से भाजपा कार्यालय (निकट कृष्णा पेट्रोलियम) तक एक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान महिलाओं और उपस्थित जनसमूह ने जागरूकता के नारे लगाए और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडे, मंडल अध्यक्ष विशेश्वरगंज विष्णु दयाल चौहान, राजकुमार शुक्ला, संजीव तिवारी, त्रिलोकी चौबे, दिनेश सिंह, शिव कुमार तिवारी, राम किशुन, शिवानंद शुक्ला, शिवम तिवारी, आलोक पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।




# पिपरिया में तेंदुए का आतंक: ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद हरकत में आया वन विभाग

## डीएफओ ने पिपरिया गांव का किया दौरा, बोले: 'जल्द ही पिंजरे में कैद होगा तेंदुआ'

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के वन रेंज नानपारा के पिपरिया गांव में तेंदुए के आतंक से डरे ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। मीडिया में मामला प्रमुखता से उठने के बाद डीएफओ बहराइच सुंदरेसा ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि एक तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ कई दिनों से इलाके में घूम रहा है और लोगों में दहशत फैला रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक कुछ दिन पहले गांव की एक बच्ची पर भी तेंदुए ने हमला कर उसे घायल कर दिया था, जिसका इलाज अभी जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ लगातार क्षेत्र में देखा जा रहा है, बावजूद इसके उसे पकड़ने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने जल्द से जल्द तेंदुए को पिंजरे में कैद करने की मांग की। मामले के तूल पकड़ने के बाद डीएफओ सुंदरेसा और नानपारा रेंजर पीयूष गुप्ता मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने इलाके का निरीक्षण कर टीम को आवश्यक निर्देश दिए। रेंजर पीयूष गुप्ता ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और शावकों को घेराबंदी में रखा गया है। उम्मीद है कि तेंदुआ अपने बच्चों के पास आएगा और उसे पकड़ लिया जाएगा।



उन्होंने यह भी बताया कि पिछले तीन दिनों से वन विभाग की टीम लगातार कॉम्बिंग कर रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।डीएफओ ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन विभाग का सहयोग करने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही तेंदुए के आतंक से राहत दिलाई जाएगी।

# घर से सैकड़ों लीटर पेट्रोल-डीजल बरामद

▸ डीएसओ के आदेश पर हुई छापेमारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

बलहा ब्लॉक के जगन्नाथपुर गांव में एक घर से भारी मात्रा में पेट्रोल और डीजल बरामद किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर की गई छापेमारी में सैकड़ों लीटर ईंधन जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई दोपहर करीब 2 बजे गांव के निवासी अजय वर्मा पुत्र राम नारायण उर्फ ननकऊ के घर पर की गई। छापेमारी के दौरान अजय के घर से 15 ड्रम पेट्रोल और डीजल मिला। इस बरामदगी से गांव में हड़कंप मच गया।आरोपी अजय वर्मा ने पूछताछ में बताया कि उसने यह पेट्रोल और डीजल खेती के उद्देश्य से अपने घर में रखा था। उसने अपने पिता के नाम पर करीब 26 बीघा, माता के नाम पर 12 बीघा और अधिया पर लगभग 18 बीघा खेत दिखाकर इतनी मात्रा में ईंधन इकठ्ठा किया था। छापेमारी करने वाली टीम में पूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर अमन कुमार, लिपिक सलीम सिद्दीकी और खाद्य पूर्ति अधिकारी (बलहा) साधना श्रीवास्तव शामिल थे।



पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक ममता सिंह यादव, सौरभ वर्मा और धूप नारायण मौर्य सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# आवारा कुत्ते ने 7 लोगों को किया घायल

## एक महिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के मक्कापुरवा गांव में एक आवारा कुत्ते के हमले से सात लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार रात करीब 2:30 बजे हुई, जब कुत्ता घरों के आंगन में सो रहे लोगों पर टूट पड़ा। हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कुत्ते ने सबसे पहले आंगन में सो रही 45 वर्षीय शिव कुमारी पत्नी कैलाश के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई। इसके बाद उसने 48 वर्षीय समसुल्लका, 30 वर्षीय मीरा देवी और उनके 8 वर्षीय बेटे अंकित, 38 वर्षीय बंशीलाल, 13 वर्षीय गजरिया देवी और 5 वर्षीय चनटी देवी पुत्री बाबादीन को काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ित अपने घरों में सो रहे थे तभी उन पर हमला हुआ। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और परिजनों ने किसी तरह कुत्ते से लोगों को बचाया और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर रूप से घायल शिव कुमारी को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सीएचसी शिवपुर में जारी है।



# खबरें एक नजर में

## किशोर ने फंदे से लटककर की आत्महत्या



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामपुर धोबिया हार में किशोर ने लट्टान में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार गांव निवासी अच्छू वर्मा का पुत्र धर्मेंद्र वर्मा जो बुधवार की शाम करीब 7 बजे के आस पास घर का मुख्य द्वार बंद कर घर में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद पिता ने कहा दरवाजा खोलो जब दरवाजा नहीं खुला तो खूब आवाज लगाई फिर भी नहीं खुला तो उसने जोर से दरवाजे पर धक्का दिया और मुख्य दरवाजा खोला और घर के अंदर जाकर देखा तो किशोर का शव लट्टान में बंधी रस्सी में लटक रहा है। शव को नीचे उतारा धीरे धीरे सूचना आग की तरह से फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज बैवाही महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ई-लॉटरी से मिलेगा खरीफ फसलों का बीज

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद के समस्त पंजीकृत किसानों को खरीफ 2026 के लिये विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत समस्त प्रकार के बीज वितरण की प्रकिया में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये है। अब बीजों का वितरण पहले आओ पहले पाओ के स्थान पर ऑनलाइन बुकिंग, ई लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी पद्धति द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जायेगा। इच्छुक कृषक को खरीफ 2026 के दृष्टिगत विभिन्न योजनान्तर्गत सामान्य बीज वितरण जैसे- ढाँचा, धान, अरहर, उर्द एवं मूंग/मिनीकिट बीज श्री अन्न (मिलेट्स) ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो एवं रागी एवं दलहनी मिनीकिट उर्द, अरहर एवं मूंग तथा तिलहनी मिनीकिट / सामान्य वितरण जैसे संकर धान एवं संकर मक्का का लाभ प्राप्त करना चाहते है, उन्हें विभागीय वेवसाइट कृषि दर्शन-1 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बुकिंग/आवेदन करें, खरीफ 2026 के लिये बीज की बुकिंग केवल दर्शन 1 पोर्टल पर मान्य होगी।

## विश्व मजदूर दिवस पर टाइनी टॉट्स स्कूल में निबंध प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के प्रतिष्ठित सीबीएसई बोर्ड से संचालित टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मजदूर दिवस के इतिहास, महत्व एवं श्रमिकों के योगदान के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्रों ने अपने निबंधों में मजदूर दिवस की तिथि, उद्देश्य, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, हेमार्केट घटना, अंतरराष्ट्रीय मान्यता तथा भारत में इसकी शुरुआत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बच्चों ने अपने विचारों को प्रभावशाली भाषा और उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता एवं राशिद रिजवी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिक्षकों ने छात्र - छात्राओं को विषय की गहराई से समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्व मजदूर दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस प्रत्येक वर्ष 1 मई को मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों द्वारा 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर किए गए ऐतिहासिक आंदोलन से हुई थी। उन्होंने हेमार्केट घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटना श्रमिक अधिकारों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 1889 में पेरिस सम्मेलन के बाद 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मान्यता मिली, जबकि भारत में इसकी शुरुआत 1923 में चेन्नई से हुई। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके बिना विकास संभव नहीं है, इसलिए हमें उनके श्रम का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागी छात्रों के प्रयासों की सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस प्रकार यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# सेमगढ़ा चौराहे पर दो बाइकों की टक्कर

## एक युवक की मौत, दूसरा घायल, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** बौंडी थाना क्षेत्र के सेमगढ़ा चौराहे पर बुधवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर बौंडी थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ मौर्या पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जुनैद पुत्र रमजान (निवासी ग्राम पट्टी रामगढ़ी, थाना बौंडी) अपनी मोटरसाइकिल से अमवातेतारपुर चौराहे की ओर से बौंडी की तरफ जा रहे थे। सेमगढ़ा चौराहे के पास सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में जुनैद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरी मोटरसाइकिल का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# अटल सामुदायिक दिवस पर तकनीक और नवाचार का उत्सव

▸ छात्रों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा में गुरुवार को अटल सामुदायिक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में रमपुरवा के विद्यार्थियों के साथ-साथ श्री रामेश्वरदत्त बाजपेयी इंटर कॉलेज तथा राजकीय हाईस्कूल टेडवा सिसटीपुर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और तकनीकी ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना था। अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जानकारी, 3डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), रोबोटिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोगों पर सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएं संचालित की गईं। एटीएल प्रभारी अनिल कुमार द्वारा छात्रों को सरल एवं रोचक तरीके से इन उन्नत तकनीकों का परिचय कराया गया। विद्यार्थियों ने विशेष रुचि के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया तथा नए-नए प्रयोगों को समझा। जीआईसी रमपुरवा के प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए नवाचार एवं देश के विकास में विज्ञान और तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'आज का युवा यदि नवाचार की दिशा में आगे बढ़े, तो भारत को विश्व में अग्रणी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी शिक्षकों ने भी अत्यंत उत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, जिससे आयोजन और भी सफल एवं प्रभावी बन सका। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# वाह री !! गोंडा पुलिस तीन महीनों में भी नहीं ढूंढ पाई इक्कीस करोड़ के कोऑपरेटिव बैंक घोटालेबाजों को

▸ जबकि आरोपी पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक के साथ खुले आम मंच साझा करते भी देखे जा रहे हैं

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

जिले के यूपी कोऑपरेटिव बैंक की बड़गांव शाखा में हुए 21.47 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले में नामजद सोलह में से दस आरोपी साढ़े तीन महीने से फरार चल रहे हैं। गोंडा की नगर कोतवाली पुलिस आरोपियों को ढूंढने में पसीने छूट रहे हैं चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ बैंक घोटाले के फरार आरोपी खुलेआम पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक के साथ खुले आम मंच साझा करते देखे जा रहे हैं।वही अब सवाल यह उठता है कि क्या इसी के डर से गोंडा पुलिस बैंक घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तार करने से पीछे हट रही है,वही यह मामला फर्जी दस्तावेजों के सहारे गलत तरीके से 21 . 47 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े और घोटाले से जुड़ा है।लेकिन गोंडा पुलिस का कहना है कि बैंक घोटाले के आरोपियों की मोबाइल की लोकेशन नहीं मिल रही है अपना मोबाइल सिम बंद कर लिए हैं।लेकिन पुलिस के सामने ही बैंक घोटाले के आरोपी मंच पर बैठकर पूर्व सांसद और मौजूदा विधायक का स्वागत कर रहे हैं और यह सब कार्य पुलिस के सामने हो रहा है और पुलिस कहती है बैंक के घोटाले के आरोपी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं।गोंडा नगर कोतवाली में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था।बीते 12 जनवरी से ही नगर कोतवाली पुलिस इस पूरे फ्रॉड की जांच कर रही है।फरार चल रहे आरोपियों में तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय तत्कालीन प्रबंधक सुशील कुमार,तत्कालीन सहायक कैशियर पवन कुमार शामिल हैं।इनके अलावा खाताधारक सुमित्रा पाल,संजना सिंह,राज प्रताप सिंह, जय प्रताप सिंह,फूल मोहम्मद,रितेंद्र पाल सिंह, गीता देवी वर्मा,दुष्यंत प्रताप सिंह,मोहम्मद असलम और प्रतीक कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस पूरे घोटाले और फ्राड ही नहीं बल्कि कई और भी मामले हैं मामलों की भी जांच नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने जांच में इस फ्रॉड और घोटाले की पुष्टि की है।



## प्रेम चौरसिया की मनाई गई 21वीं पुण्यतिथि

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** आज भारतीय जनता पार्टी बड़गांव स्थित कार्यालय पर स्वर्गीय प्रेम चौरसिया पूर्व सभासद/पूर्व सदस्य जिला कार्य समिति भाजपा गोंडा 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उनकी धर्मपत्नी शांति देवी चौरसिया (पूर्व सभासद / उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गोंडा) बताया गया कि उनके पति द्वारा शोषित, वंचित, पीड़ित, एवं जरूरत मंद लोगों की सहायता करने के लिया हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते थे सन 1985 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे प्रदेश के चाहे विधानसभा चुनाव हो या देश का लोकसभा चुनाव हो सभी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जीतने के लिए तन मन धन से समर्पित रहते थे।

# संयुक्त निदेशक राजेश राम का भव्य सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित

**समृद्धि न्यूज़**

**गोण्डा/देवीपाटन मण्डल।** संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिक्षुता) राजेश राम के सम्मान में एक भव्य एवं गरिमामयी सेवानिवृत्ति अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने उपस्थित सभी जनों के लिए इसे एक यादगार अवसर बना दिया। इस गरिमामयी समारोह के सफल आयोजन में नोडल प्रधानाचार्य राम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन, उत्कृष्ट नेतृत्व एवं सशक्त समन्वय के परिणामस्वरूप कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से सम्पन्न हुआ। समारोह में मण्डल के विभिन्न संस्थानों के प्रधानाचार्य–मनकापुर, तरबगंज, प्रभुनाथ (प्रधानाचार्य कर्नलगंज), बहराइच, मैथिली शरण (प्रधानाचार्य बलरामपुर), फोरमैन आशीष भूषण, राम इन्द्रा यादव, फोरमैन हनुमान एवं श्रावस्ती–के साथ-साथ निजी आईटीआई संस्थानों के प्रतिनिधियों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, विष्णुपुरी कॉलोनी, गोण्डा के हरीश गुप्ता, आरबीटीएम आईटीआई के विनय कुमार त्रिपाठी, मॉडर्न आईटीआई के योगेन्द्र सैनी, लोक सेवा संस्थान के गुलाब सिंह, सविता आईटीआई के अरविंद, दीनदयाल आईटीआई के अजय कुमार सहित अनेक प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकगण, एमआईएस प्रबंधक, कार्यदेशक, अनुदेशक एवं अन्य कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों, गो आश्रय, जिला स्तरीय ओडीटी सेल, सरयू ड्रेनेज खंड, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति सहित पंचायत, कृषि, नेडा, समाज कल्याण, सिंचाई, पूर्ति, जल निगम, बेसिक शिक्षा, प्रोबेशन, विद्युत, फैमिली आईडी, वन, खनन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं एनआरएलएम से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए, जिससे जनहित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंच सके। साथ ही विभागीय रैंकिंग में सुधार लाने के लिए ठोस प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने सरयू ड्रेनेज खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई से संबंधित अद्यतन सूचना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। उन्होंने जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूर्व से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने पर बल दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी विभाग में कार्यों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई दें।

**इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी**

अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, डीपीआरओ लालजी दूबे, एक्सईएएन विद्युत राम मोहन पाण्डेय, एआरओ सप्लाई विभाग शिव प्रकाश त्रिपाठी, सीडीपीओ दुर्गेश कुमार सहित सभी बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

# सपा, कांग्रेस, टीएमसी व डीएमके महिला विरोधी : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के ऐतिहासिक प्रयासों में विपक्ष ने रोड़ा अटकाने का काम किया है। हरदोई में हुई शिल्पी कुशवाहा हत्याकांड पर कड़ा रुख अपनाते हुए श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और यहाँ अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। शिल्पी कुशवाहा हमारी बेटी है और सरकार उसके परिवार के साथ खड़ी है।



**विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण का विरोध कर आधी आबादी के साथ किया जघन्य अपराध**

मामले में वैधानिक कार्यवाही पूरी हो चुकी है और आधे से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा को हमेशा अपराधियों की सुरक्षा की चिंता में रहती है, लेकिन हमारी सरकार में अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे।

प्रधानमंत्री महिलाओं की भागीदारी स्थानीय निकायों और पंचायतों में 50 फीसदी तक ले जाने की दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन जब इसे लोकसभा और विधानसभा में लागू करने की बात आई, तो इन चारों दलों ने मिलकर बिल को गिराने का अपराध किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आजादी के बाद यह पहली बार है जब महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का इतना बड़ा षड्यंत्र रचा गया है। इसकी सजा सपा, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके को आगामी चुनाव में मिलेगी। आधी आबादी इन्हें कड़ा सबक सिखाएगी।

पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और कमल पर भरोसा जताया है, वहाँ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। असम में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। तमिलनाडु और पुडुचेरी में एनडीए की सरकार बनेगी, जबकि केरल में भाजपा का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहेगा।

### महिला सुरक्षा व सम्मान हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता

श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत की हर बेटी और महिला आत्मनिर्भर बने। उन्होंने जोर देते हुए कहा, जब देश की नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र वास्तव में शक्तिशाली बनेगा। हमारी सरकार केवल योजनाओं के नाम नहीं बदलती, बल्कि धरातल पर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा, महिला सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता है।

# अग्निकांड, ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से फसल क्षति पर राहत तेज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने हालिया खराब मौसम, आंधी, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

प्रशासन को फील्ड में सक्रिय रहते हुए त्वरित आकलन और सहायता वितरण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी प्रभावित किसान सहायता से वंचित न रह जाए। 2026-27 में अग्निकांड की घटनाओं से बाराबंकी, बलिया, बांदा, महाराजगंज, मथुरा, पीलीभीत, रामपुर और सोनभद्र सहित 8 जनपदों में 111.134 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष 668 प्रभावित किसानों में से 51 किसानों को 1,81,963 की राहत राशिवितरित की जा चुकी है।



**हजारों किसानों को आर्थिक सहायता, प्रभावित किसानों को मुआवजा**

ओलावृष्टि से मथुरा, जालौन, हरदोई, बुलंदशहर, औरैया, संभल, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, कन्नौज, ललितपुर, सहारनपुर और उन्नाव सहित 13 जनपदों में 38,369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। आपदा प्रभावित 1,07,104 किसानों में 23,983 किसानों को 14,92,60,448 की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। अतिवृष्टि के कारण कानपुर देहात, शाहजहांपुर, रामपुर, जालौन, बुलंदशहर, गोंडा, मथुरा, पीलीभीत और सहारनपुर सहित 9 जनपदों में 1,358.678 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। यहां 3,920 प्रभावित किसानों में से 1,849 किसानों को 1,09,87,132 की राहत राशि वितरित की गई है।

राज्य सरकार द्वारा फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और शेष प्रभावित किसानों को भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### मलिहाबाद में मल्हिया पासी स्मृति गेट दोबारा लगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में एक हफ्ते से चल रहे 'महाराजा मल्हिया पासी स्मृति द्वार' विवाद के बीच गेट लगा दिया गया। गुरुवार सुबह प्रशासन ने गेट को दोबारा उसी जगह पर लगवा दिया। 22-23 अप्रैल की रात इसे प्रशासन ने रातों-रात हटाया दिया था। इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी के नेता धरने पर बैठे हुए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और विधायक जय देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग 7 दिनों से 'प्रवास अनशन' पर बैठे थे। अब गेट लगने के बाद प्रवास धरना खत्म हो गया है। लेकिन, इलाके में पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि गेट को पुनः लगाए जाने से पासी समाज का खोया हुआ सम्मान वापस लौटा है और उनके साथ हुआ अपमान दूर हुआ है। उन्होंने इस मुद्दे में शामिल सभी संगठनों का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज, वैश्य समाज, मुस्लिम समाज समेत अन्य समाजों के लोगों ने भी इसमें आकर पूरा समर्थन दिया। लखन आर्मी संगठन के सूरज पासी ने कहा कि दोबारा बोर्ड लगाए जाने से बेहद खुशी है। उन्होंने सांसद, विधायक और समाज के सभी संगठनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सोच-समझकर गेट को फिर से लगवाया है। उन्होंने पुलिस से अपील की कि आरोपियों की पहचान सार्वजनिक की जाए।

### बाइक मैकेनिक के घर चोरों ने ताला तोड़ नकदी-जेवर चुराए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर इलाके में सूने घर को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित बाइक मैकेनिक है और परिवार के साथ शादी समारोह में गया हुआ था, इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी और लाखों के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर दी है। ग्राम हसियामऊ निवासी बबलू कुमार ने बताया 29 अप्रैल 2026 की रात वह अपने भाई अजीत कुमार के साथ सपरिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान देर रात करीब 2.50 बजे से 3.20 बजे के बीच चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर में घुसकर अलमारी खंगाली और करीब 1,80,000 रुपए नकद के साथ सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने-चांदी की अंगूठियां, चांदी की पायल, पाजेब, झुमकी, कमर का गुच्छा, चांदी का ब्रेसलेट और बिछिया समेत लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। परिवार जब वापस लौटा तो घर के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित के अनुसार, पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध युवक की गतिविधियां नजर आई हैं। हुलिया और चाल-ढाल के आधार पर गांव के ही युवक पर शक जताया गया है, जो पहले भी चोरी के मामलों में संलिप्त रह चुका है। सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### इलमा ने बढ़ाया मान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक्सॉन मोंटेसरी स्कूल खाला बाजार की छात्रा इलमा फातिमा ने 10वीं कक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि यह साबित किया है कि कठिनाइयों के बावजूद दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इलमा फातिमा के लिए यह सफलता सिर्फ अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के रास्ते में कई चुनौतियाँ आईं। कभी सिलेबस का दबाव भारी लगता था, तो कभी थकान और मानसिक तनाव ने उन्हें घेर लिया। लेकिन इन सबके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। हर दिन एक नया टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना और लगातार रिवीजन करना उनकी आदत बन गई थी। इलमा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी ट्यूशन टीचर मिस श्वेता भार्गव को देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन उनके लिए एक मजबूत सहारा रहा। अगर उनका साथ और मार्गदर्शन नहीं होता, तो शायद यह सफलता संभव नहीं हो पाती, उन्होंने भावुक होते हुए कहा। इसके साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उनकी माता मोहसिना फातिमा और पिता इसरार अली ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इलमा ने अपने शिक्षकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास ने उन्हें हर मुश्किल से लड़ने की ताकत दी। इलमा फातिमा की यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विपक्ष नहीं चाहता, महिलाएं राजनीति में बढ़े आगे : प्रज्ञा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधान परिषद में डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने विपक्ष पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि आम घरों से आने वाली महिलाएं राजनीति में आगे बढ़ें, क्योंकि इससे उनके राजनीतिक वर्चस्व और पारिवारिक दबदबे को सीधी चुनौती मिलती है। उन्होंने अपने सर्जन होने का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे सर्जरी में खराब हिस्से को हटाना जरूरी होता है, वैसे ही राजनीति में भी गलत सोच को जड़ से खत्म करना जरूरी है।कुल मिलाकर यह विशेष सत्र महिला सशक्तिकरण के नाम पर बुलाया गया, लेकिन सदन में असली मुद्दे से ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप हावी रहे।

# धार्मिक विरासत का संरक्षण हमारी प्राथमिकता : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- **धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से यूपी में बढ़ रहा पर्यटन**
- **बुलंदशहर, चंदौली और चित्रकूट में 17 परियोजनाओं के लिए 997 लाख मंजूर**



मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास और आस्था को साथ लेकर चलने की नीति लगातार जमीन पर साकार हो रही है। पर्यटन विभाग ने बुलंदशहर, चंदौली और चित्रकूट में 17 परियोजनाओं के लिए 997 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का कायाकल्प कर वहां बुनियादी सुविधाएं विकसित करना है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिले।

बुलंदशहर में 315 लाख रुपये की 5 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनमें स्याना क्षेत्र के ऊंचागांव स्थित सिद्ध बाबा काल भैरव मंदिर के लिए 52 लाख, खुर्जा में बौद्ध महासभा संस्थान के लिए 88 लाख, डिबाई में मां आशवर देवी मंदिर के लिए 46 लाख, शिकारपुर के बरामऊ स्थित शिव मंदिर के लिए 53 लाख और अनूपशहर के छोटी माता मंदिर के लिए 76 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।चंदौली में 476 लाख रुपये की 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसमें मुगलसराय क्षेत्र के बिलारीडीह स्थित शंकर मंदिर के लिए 65 लाख, सकलडीहा के पदमनाथपुर में हनुमान मंदिर के लिए 70 लाख, सैयदराजा में काली मंदिर के लिए 58 लाख रुपये दिए गए हैं। चकिया के औरवाटांड में ग्रामीण पर्यटन के लिए 25 लाख, उसी क्षेत्र के हनुमान मंदिर के लिए 114 लाख तथा चहनिया के कॉवर गांव स्थित शक्तिपीठ माता महालक्ष्मी महडौरी देवी मंदिर में बहुउद्देशीय सुविधाओं के लिए 144 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।चित्रकूट में 206 लाख रुपये की 6 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। पालेश्वरनाथ मंदिर पहाड़ी के लिए 80 लाख, सीतापुर खेड़ी चौराहे के पास पर्यटन सुविधा केंद्र के लिए 10 लाख, राम शैया स्थल के लिए 25 लाख, मानिकपुर के महर्षि वाल्मीकि लालपुर स्थित हनुमान मंदिर के लिए 26 लाख, तमसा गंगा नदी पर वाल्मीकि घाट निर्माण के लिए 50 लाख और लालापुर में महर्षि आश्रम परिक्रमा पथ के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार आस्था के साथ विकास की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को विकसित कर उन्हें पर्यटन मानचित्र पर लाना है। उत्तर प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जिसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सरकार इन स्थलों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास के माध्यम से न केवल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है।

# बीजेपी को हराना चाहती है यूपी की 95 फीसदी जनता : अखिलेश यादव

- **जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर काम कर रही है और लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

बोले, सरकार ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है। विपक्षी दलों को दबाने के लिए इन संस्थाओं का गलत उपयोग हो रहा है। उपचुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुए चुनावों में वोट लूटने की घटनाएं सामने आई हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदेश की 95 प्रतिशत जनता भाजपा को सत्ता से बाहर देखना चाहती है। जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है। उनके बयान के बाद सियासी बहस शुरू हो गई है।

# सरसवां में तीन करोड़ की सरकारी भूमि कराई गई कब्जा मुक्त



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम सरसवां, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई की गई।

यह अभियान महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शहर और आसपास की शासकीय भूमियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जा रहा है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार ग्राम सरसवां की गाटा संख्या 739, जिसका क्षेत्रफल 0.159 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है। इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अस्थायी बाउंड्रीवाल बनाकर तथा प्लॉटिंग, निर्माण का प्रयास किया जा रहा था, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त,प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश ने किया, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संपन्न कराया। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

थाना सुशांत गोल्फ सिटी के थानाध्यक्ष द्वारा पुलिस बल उपलब्ध कराया गया, साथ ही पीएसी बल भी मौके पर तैनात रहा। नगर निगम के लेखपाल राजू सोनी एवं शक्ति वर्मा ने भी कार्रवाई में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अभियान के तहत कुल 0.159 हेक्टेयर बेशकीमती शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# महिला आरक्षण पर सियासत तेज, मायावती ने दिया समर्थन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



**बसपा प्रमुख ने यूपी के विशेष सत्र का किया स्वागत**

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने इस सत्र का स्वागत करते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी पार्टी का स्पष्ट समर्थन जताया है। राज्य सरकार ने इस विशेष सत्र को महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न हो पाने के मुद्दे पर केंद्रित किया है। सरकार इस दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है।

विशेष सत्र को 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक अहम राजनीतिक कदम माना जा रहा है। सत्तारूढ़ दल जहां विपक्ष को महिला विरोधी के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है, वहीं विपक्ष इस रणनीति का विरोध कर रहा है। मायावती ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मुद्दा लंबे समय से लंबित है, जो चिंताजनक है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए। बसपा प्रमुख ने साफकिया कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है और इस दिशा में उठाए गए कदमों का समर्थन करती है। गौरतलब है कि महिला आरक्षण को लेकर यूपी की सियासत गर्म है। विशेष सत्र के जरिए यह मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है, जिसका असर आने वाले चुनावों पर भी पड़ सकता है।

### विशेष सत्र के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

विधानसभा में सदन की कार्यवाही की शुरुआत में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर जो बात हो रही है वह केंद्र सरकार का विषय है। इसलिए सदन में यह चर्चा नहीं होनी चाहिए। माता प्रसाद पांडेय का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुझे बहुत बड़ा दुख हुआ कि महिला सशक्तिकरण बिल को लेकर विपक्ष सवाल खड़ा कर रहा है। सशक्तिकरण पूरे देश की महिलावों और उत्तर प्रदेश की महिलाओं को लेकर सरकार गंभीर है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार के प्रस्ताव का विरोध किया और कहा कि सरकार जानबूझकर गुमराह करना चाहती है। यूपी विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में बृहस्पतिवार को लाए गए प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आपत्ति जताई और कहा कि जो विषय राज्य सरकार का नहीं है, उस पर चर्चा नहीं हो सकती।

# फ्लाइट के सामने आया बंदर, पायलट ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ एयरपोर्ट के रनवे पर गुरुवार सुबह फ्लाइट के सामने अचानक बंदर आ गया। पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। फ्लाइट 135 यात्रियों के साथ रायपुर के लिए उड़ान भरने वाली थी। तुरंत ही फ्लाइट को टैक्सी-वे पर लाया गया।

प्रोटोकॉल और जरूरी जांच के बाद फ्लाइट को सवा घंटे बाद रवाना किया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, घटना सुबह 8.55 बजे इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-6521) के साथ हुई। फ्लाइट उड़ान भरने के लिए रनवे पर कुछ दूरी तय कर चुकी थी। पायलट की सूझबूझ की वजह बड़ा हादसा टल गया। फ्लाइट ने सुबह 10.05 बजे रायपुर के लिए उड़ान भरी। अचानक ब्रेक लगने से फ्लाइट सवार सभी यात्री और क्रू मेंबर घबरा गए।

एयरपोर्ट प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात फॉलो मी' वाहन के कर्मचारियों ने तुरंत बंदर को रनवे से भगाया। वहीं, एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बातचीत में ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है। बंदर करीब घंटेभर रनवे और उसके आसपास उछल-कूद करता रहा। काफी मुश्किल के बाद रनवे सुरक्षा में तैनात कर्मचारी उसे भगा पाए। बंदर रहीमाबाद गांव की तरफ मौजूद एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल की ओर भाग निकला।

सूत्रों के मुताबिक सिटी साइड से एक बंदर फ्लाइट टेक ऑफ करने से पहले पायलट को दिखाई पड़ा। जो रनवे क्रॉस करके जा रहा था। बंदर को जाते हुए पायलट ने देखा तो फ्लाइट को टेक ऑफ नहीं किया। एटीसी को दोबारा से जानकारी दी। इसके बाद दोबारा से फ्लाइट रिपोजिशन कराई गई। रिपोजिशन होने के बाद एटीसी के क्लीयरेंस मिलने के बाद फ्लाइट को टेक ऑफ कराया गया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आठ मई को होगा आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ द्वारा शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रत्येक माह आयोजित किया जाने वाला 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' इस बार निर्धारित तिथि पर आयोजित नहीं किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि मई माह के प्रथम शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है।नगर निगम की ओर से प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक किया जाता है। इस दौरान नागरिक अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर उनका समाधान प्राप्त करते हैं। नगर निगम के अनुसार, मई 2026 के प्रथम शुक्रवार यानी 01 मई को बुद्ध पूर्णिमा का सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस कारण निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन संभव नहीं हो सकेगा। नगर आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में अब 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' आगामी शुक्रवार, 08 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस समाधान दिवस में गृहकर, जीआईएस सर्वे, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नगर निगम सेवाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे 08 मई को आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु 08 मई को आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में उपस्थित होकर इस पहल का लाभ उठाएं, जिससे उनकी शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

**तैयारी** | **आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए सोवा रिग्पा का शुरू होगा पाठ्यक्रम**

# सरकार 2500 साल पुरानी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को देगी नई पहचान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



योगी सरकार आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने और वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के आयुष कॉलेजों में 2500 वर्ष पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली 'सोवा रिग्पा' यानि अमची चिकित्सा और सिद्ध पद्धति की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे न सिर्फ पारंपरिक चिकित्सा को नई पहचान मिलेगी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा भी व्यापक होगा।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी के साथ सोवा रिग्पा पद्धति को भी मुख्यधारा में लाया जाए।

यह पहल खासतौर पर उन बीमारियों के इलाज में कारगर साबित होगी, जिनमें आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ पूरक उपचार की जरूरत होती है, जैसे कैंसर, जोड़ों का दर्द, मानसिक रोग और दीर्घकालिक बीमारियां आदि।प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि सोवा रिग्पा और सिद्ध पद्धति के डिग्री कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इन कोर्सों के लिए जरूरी मानकों, पाठ्यक्रम और इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है और जल्द ही प्रदेश के चयनित आयुष कॉलेजों में इनकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। वाराणसी में सोवा रिग्पा का एक प्रमुख केंद्र विकसित किया जाएगा।

यह केंद्र शोध, प्रशिक्षण और उपचार का हब बनेगा, जहां जटिल बीमारियों के इलाज पर विशेष फोकस रहेगा। वाराणसी को इस परियोजना के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि यह पहले से ही आयुर्वेद और आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र रहा है। सोवा रिग्पा हिमालयी क्षेत्रों में प्रचलित एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसकी उत्पत्ति तिब्बत में मानी जाती है।

# निर्माणाधीन अस्पताल की दीवार धंसी, मजदूर की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में एनटीपीसी बिल्डिंग और साइबर हाइट्स के पास निर्माणाधीन अस्पताल की दीवार गिर गई। गुरुवार सुबह नींव के बगल में खुदाई के दौरान दीवार के पीछे से मिट्टी खिसक गई। इसमें 2 मजदूर दब गए। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया तो एक मजदूर अचेत अवस्था में मिट्टी से निकाला गया।

डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विभूतिखंड थाने के इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान बाराबंकी रामनगर के लक्ष्मी शंकर अवस्थी (35) के रूप में हुई। दूसरे साथी तुलसीराम को कम चोट थी। उसे पुलिस ने लोहिया संस्थान में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना करीब 10 बजे हुई। एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने मौके पर निरीक्षण किया। उनका कहना है कि डी63 का नक्शा पास है। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है। जिस जमीन पर हादसा हुआ है, उस पर हॉस्पिटल बन रहा है। इसका मानचित्र प्राधिकरण से पास है। मौके पर मौजूद एक बुजुर्ग ने बताया कि दो आदमी नींव की सफाई कर रहे थे। उसी समय मिट्टी खिसक गई। दोनों उसी में दब गए। करीब आधे घंटे तक हम 10 लोग हाथों से मिट्टी निकालते रहे। करीब 40 मिनट बाद पुलिस यहां आई। वे दोनों हमारे पास के गांव के थे। मनीष ने बताया यहां पर 4 लेबर काम कर रहे थे। मिट्टी खिसकने लगी तो उनमें से 2 लेबर बाहर निकल पाए। 2 लोग बाहर निकल ही रहे थे कि मिट्टी भरभराकर गिर गई। हम लोगों ने हाथों से मिट्टी हटा-हटाकर दोनों को बाहर निकाल लिया। एक को कम चोट थी और दूसरे की सांसें चल रही थीं। दूसरे वाले को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिट्टी ऊपर से खिसककर गिर गई थी। एसीएम सचिन वर्मा ने बताया कि आपदा राहत कोष के जरिये मृतक लक्ष्मीशंकर के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता तत्काल दिलाई जा रही है। मामले में लेखपाल से रिपोर्ट ली जाएगी।

# शाहजहांपुर में दो सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत, तीन घायल

- पुवायां में हादसे में दंपती सहित दो बच्चों की जान गई
- खुटार में तीन महिलाओं सहित चार की दर्दनाक मौत, तीन घायल
- शवों का कराया गया पोस्टमार्टम, घायल मेडिकल कालेज में भर्ती





**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की उस समय जान चली गई। जब दंपति और दो बच्चे शादी समारोह से बाइक से वापस घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जबकि बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल सीमा को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरो ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना निगोही के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी 35 वर्षीय अरुण पुत्र राकेश कुमार बुधवार को अपनी पत्नी सीमा देवी, बेटी दीक्षा, बेटा नैतिक के साथ बाइक से पुवाया थाना क्षेत्र के गांव सिरखिड़ी में अपने चचेरे साले की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से वापस घर जा रहे थे। अरुण गांव सिरखिड़ी से मोहम्मदी रोड से होते हुए फ्लाई ओवर पर बड़ागांव के पास पहुंचे। तभी शाहजहांपुर से खुटार की ओर आ रही बोलोरो गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक डिवाइडर से जा लगी और बाइक सवार पति पत्नी और दोनों बच्चे सड़क पर जा गिरे। जिसमें 35 वर्षीय अरुण, 10 वर्षीय दीक्षा, 3 वर्षीय नैतिक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 32 वर्ष घायल सीमा को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सीमा को भी मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। वही पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गई। जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा बोलोरो चालक की तलाश की जा रही है।

**बुझ गया घर का चिराग**

मृतक अरुण के पिता राकेश कुमार ने बताया कि बेटे अरुण के दो बेटी 13 वर्षीय क्रांति देवी, 10 वर्षीय दीक्षा तथा 3 वर्षीय बेटा नैतिक तीन संतानें थी। जिसमें बेटे अरुण और पोते नैतिक की मृत्यु के बाद घर में चिराग जलाने वाला भी कोई नहीं रह गया। मृतक की एक बेटी क्रांति देवी घर है। जिसे अभी तक पता नहीं है कि उसके माता पिता एवं भाई बहन अब इस दुनिया में नहीं है।

**सीएम ने लिया घटना का संज्ञान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वह मामले की जांच करें और पीड़ित परिवार को मदद पहुंचाने का कार्य करें। सीएम के घटना का संज्ञान लेने के बाद अधिकारियों ने मामले की जांच तेज कर दी हैं।

## टैंकर-कार की भिड़ंत में नवविवाहिता समेत चार की मौत, तीन घायल








**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में नवविवाहिता समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब एक परिवार बहू की विदाई कराकर कार से वापस लौट रहा था। पुलिस के अनुसार, पुवायां क्षेत्र के गांव अगोना बुजुर्ग निवासी अनिल वर्मा के पुत्र रोहविल वर्मा की शादी 25 अप्रैल को खुटार थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भागबंत निवासी रामनरेश वर्मा की पुत्री कल्पना से हुई थी। गुरुवार को परिजन नवविवाहिता को विदा कराकर कार से लौट रहे थे। वाहन में बच्चों सहित कुल सात लोग सवार थे। बताया गया है कि कार जैसे ही रौतापुर कलां गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में 22 वर्षीय नवविवाहिता कल्पना, 18 वर्षीय शेषवी पुत्री विनय तथा 30 वर्षीय रीना देवी पत्नी कर्मदेव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक निर्देश वर्मा को उपचार के लिए शाहजहांपुर स्थित ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकालकर एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हादसे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल टैंकर नेपाल नंबर का बताया जा रहा है। टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। परिजनों के मुताबिक, दूल्हा परीक्षा के कारण विदाई में शामिल नहीं हो सका था। परिवार के अन्य सदस्य ही नवविवाहिता को लेने पहुंचे थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर मार्मिक दृश्य भी सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल मासूम सार्थक अपनी मां रीना देवी के शव के पास ÷मां-मां÷ पुकारता रहा, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से घायलों के समुचित इलाज और मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन प्रभावी यातायात नियंत्रण के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्रमिक दिवस पर निकाली जाएगी रैली

**शाहजहांपुर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज 1 मई अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे से असंगठित मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश के असंगठित श्रमिकों का एक जुलूस व रैली गर्रा पुल गांधी पार्क में एकत्र होगे तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त जुलूस- रैली निकाली जाएगी। जोकि गर्रा पुल से प्रारम्भ होकर चार खम्भा रोड से चैक मण्डी होते हुए कच्चा कटरा मोड़ से घंटाघर से मशीनरी मार्केट बहादुरगंज सदर बाजार चैराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम दो ज्ञापन डीएम को देकर जुलूस का समापन होगा। जिसमें मुख्य रूप में यूनियन संरक्षक सुबोध रावत व प्रदेश अध्यक्ष मो. खुर्शीद रहेगें। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से अनुरोध किया गया है कि श्रमिक दिवस के जुलूस-रैली में पहुंचकर सफल बनाएं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार सास दामाद घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीमार रिश्तेदार को देखने जाने के दौरान हाइवे पर ट्रेक्टर ट्रॉली की टक्कर से सास दमाद गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार को हाईवे स्थित कच्छियानी हनुमान मंदिर के निकट एक अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार सास दामाद घायल हो गए। राहगीरों के सहयोग से घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। जहां से बाइक चला रहे अर्जुन पुत्र राम अवतार 25 को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल महिला ने बताया कि अर्जुन उनका रिश्ते में दामाद है और वह हरदोई जनपद के गांव भादसी की निवासी हैं। घायल अर्जुन कांट थाना क्षेत्र के गांव बीरमपुर का रहने बाला है। दुर्घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दे दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### गोष्ठी आज

**शाहजहांपुर।** आज 1 मई को सुबह 8 बजे बुद्ध जयंती पर गौतम बुद्ध पार्क बेरी चैकी पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बुद्ध की शिक्षाओं पर गोष्ठी आयोजित होगी। जिसमें शाहजहांपुर राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक विजेता को सोसाइटी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक पीके कपिल मुख्य वक्ता जिला विकास अधिकारी ॠषिपाल सिंह होंगे। जानकारी राम सिंह, अध्यक्ष पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने दी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**शाहजहांपुर।** शहीदों की याद में शाहजहांपुर प्रीमियर लीग टेनिस कप 2026 कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉक्टर अभिषेक ने सिक्का उछलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का पहला मैच नाइट राइडर्स और हैदर 11 के बीच खेला गया। नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। हैदर पहले बल्लेबाजी करते हुए 135 का लक्ष्य दिया। नावेद 49 रन, नसीम ने 33 रन, हैदर ने 16 रनों की पारी खेली। नाइट राइडर्स के बॉलर वसीम में दो विकेट अंशुल और अमन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स टीम मात्र 76 रन पर अलाउड हो गई। कामरान ने 24 रन मोहम्मद सलीम ने 13 रन बनाए। हैदर 11 के बॉलर अपेक्स ने तीन विकेट आरिफ विक्रम एक एक विकेट प्राप्त किया। हैदर 11 ने पहला मुकाबला 58 रनों से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच का नावेद रहे। मैच के अंपायर सत्यम और फैज खान स्कोरिंग खादिम हिंदी कमेंट्री पंकज तिवारी ने की। इस मौके पर निजाकत, अकरम, वीरपाल, नसीम, रहमान, मसूद, निजाम मौजूद रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजा स्पोर्टिंग द्वारा किया जा रहा है। विनर टीम को 5100 कैश प्राइज और ट्रॉफी रनर टीम को 2100 कैश प्राइज ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट के आयोजन फैज ने बताया टूर्नामेंट का दूसरा मैच तारीख 2 में मॉर्निंग क्लब वर्सेस पक्का बाग क्लब के बीच खेला जाएगा। अंत में राजा स्पोर्टिंग में सभी का आभार व्यक्त किया।

### सेंटमेरी में हुआ अलंकरण एवं मजदूर दिवस समारोह



**तिलहर-शाहजहांपुर।** सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अलंकरण एवं मजदूर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त एडीजी एसएम सहाय ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र छात्राओं को संबोधित कर उन्हें बहुआयामी क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रेव. फादर लिजू एंटोनी, प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर पुनीता और फादर राजू ने भी बच्चों उनकी कर्तव्य निष्ठा का बोध कराया। समारोह के दौरान नए छात्र कैबिनेट सदस्यों की नियुक्ति की गई। अयान खान को स्कूल कैप्टन और वान्या जौहरी को वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि श्री सहाय ने नई कैबिनेट को शपथ ग्रहण करवाई। जिसमें सभी कैबिनेट सदस्यों ने अपने कर्तव्यों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की शपथ ली। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक , सामाजिव व रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में मजदूर दिवस भी मनाया गया। विद्यालय ने अपने सहायक कर्मचारियों को उनकी मूल्यवान सेवाओं के लिए सम्मानित किया। छात्रों ने एक भावपूर्ण स्किट के माध्यम से उनके प्रति आभार व्यक्त किया। रेव. फादर लिजू एंटोनी ने अपने भाषण से कार्यक्रम का समापन किया और छात्रों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

## पीएम को पोस्टकार्ड, 33 फीसदी महिला आरक्षण बिल लागू करें: अर्चना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय राष्ट्रीयअध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी जोन भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया के नेतृत्व में चारखम्बा स्थित पोस्ट ऑफिस पर 33 फीसदी आरक्षण लागू करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया व पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय पर पोस्ट किए।प्रधानमंत्री के नाम अर्चना कटारिया के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने पोस्टकार्ड लिखे जिसमें उन्होंने 2023 में महिला आरक्षण पारित हो गया। राष्ट्पति के हस्ताक्षर के साथ जिसको महिला कांग्रेस जल्द से जल्द लागू करने की मांग करते हैं 33 फीसदी आरक्षण 543 सीटों के साथ होना चाहिए। इस अधिनियम में एससीएसटी हैं हम मांग करते हैं इसमें ओबीसी को भी शामिल किया जाए, फिर यह बिल लागू किया जाए। महिलाओं को उनका हक मिलना चाहिए। जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कहा भाजपा हमेशा बातें करती रही है लेकिन काम नहीं कर रही। महिला आरक्षण विधायेक पारित हो गया लेकिन वह अमल में नहीं लाया गया ।महिलाएं परेशान है उनका उत्पीड़न हो रहा है उनकी कोई सुनने वाला नहीं है कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए काम किया है। सरकार लगातार बड़े वादे कर रही है लेकिन सरकार की कथनी और करनी में काफी फर्क है। अब जनता को पता हो गया है कि भाजपा जो कहती है वह नहीं करती है। इसलिए जनता समझ चुकी है कि अब उसे किसे अपना कीमती मत देना है इसलिए जनता अब कांग्रेस की तरफ देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी एक ऐसी पार्टी है जिसने हमेशा जो कहा है, वह किया है।अर्चना ने कहा कि खस्ताहाल सड़के जग जाहिर है। सड़कों पर काफी गड्ढे हैं लोग परेशान है कब कौन सा सीवर लाइन का होल गहरे गड्ढे में बदल जाए कोई भरोसा नहीं पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं क्योंकि सड़कों पर गड्ढे अधिक है जिससे लोग परेशान है सीवर लाइन का जो भी काम हुआ है वह भी सही नहीं हुआ है जिस कारण से लगातार सीवर लाइन के गड्ढे बनते जा रहे हैं और सड़क खस्ता हाल सड़कों से लोग परेशान है लोगों की कोई सुनने वाला नहीं है लेकिन कांग्रेस लोगों के हक के लिए आवाज उठाने वाली पार्टी है और उन्हें उनका हक दिला रही है और सारी समस्याओं को हल करने के लिए कांग्रेस आवाज उठा रही है। इस मौके पर पार्वती, सीमा, बिटोली, पूर्व सभासद मंगला, रानी, रूबी, शांति, गुंजा, गीता, तबस्सुम, आदि महिलाएं मौजूद थी।

## अभिषेक का इंडियन आर्मी में स्पोर्ट्स कोटे में सिलेक्शन



**शाहजहांपुर।** ओसीएफ रामलीला ग्राउंड मे सीनियर फुटबॉल के खिलाड़ियों द्वारा ओसीएफ रामलीला मैदान में फुटबॉल के खिलाड़ी अभिषेक निवासी गौटिया निगोही रोड का इंडियन आर्मी स्पोर्ट कोटे से हैदराबाद में भर्ती होने पर सम्मानित किया गया। अभिषेक लगभग 10 वर्षो से ओसीएफ रामलीला ग्राउंड में फुटबॉल की प्रैक्टिस कर रहे हैं, उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर इंडियन आर्मी में स्पोर्ट्स कोटे में सिलेक्शन लिया। ज्ञात होगी अभिषेक ओसीएफ फैक्ट्री मंदिर के पीछे मार्केट में अपनी चाय की दुकान पर खुद चाय बनाकर ग्राहकों को पिलाते थे, साथ हीं फुटबॉल की लगातार निरंतर प्रैक्टिस भी करते रहे। जिससे उन्हें सफलता मिली जो हर एक युवा के लिए प्रेरणादायक है।

### तहसील सदर में पोर्टल प्रक्रिया से चरित्र प्रमाण पत्र में देरी, आमजन परेशान

**शाहजहांपुर।** तहसील सदर में चरित्र प्रमाण पत्र व ठेकेदारी संबंधी आवेदनों में पोर्टल प्रक्रिया के कारण अनावश्यक देरी हो रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। जानकारी के अनुसार, उप जिलाधिकारी सदर द्वारा तहसील से उनके कार्यालय व एडीएम कार्यालय को भेजी जाने वाली रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया गया है, जबकि जनपद की अन्य तहसीलों में ऐसी प्रक्रिया लागू नहीं है। केवल तहसील सदर में यह व्यवस्था होने से रिपोर्ट भेजने में अधिक समय लग रहा है और आवेदकों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आमजन ने जिला प्रशासन से व्यवस्था को सरल बनाकर कार्यों का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की है।

## गन्ना सर्वे को पारदर्शी बनाने हेतु टीमों का संयुक्त सर्वे प्रशिक्षण

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड़ चीनी मिल मकसूदापुर के सभागार में गन्ना सर्वे को पारदर्शी बनाने के लिये गन्ना विकास परिषद पुवायां एवं बीसलपुर के गन्ना पर्यवेक्षकों व चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षकों को संयुक्त सर्वे प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश के सर्वे नीति के द्वारा जारी गन्ना सर्वे का बिंदुवार व्याख्यान किया गया। जिसमें गन्ना सर्वे कार्य 1 मई से 30 जून तक जी पी एस से मैट्रिक प्रणाली पर आधारित केवल पौधा गन्ने का सर्वेक्षण किया जाएगा। जब कि पिछले वर्ष जो पौधे पेड़ी में परिवर्तित हुए हैं उन प्लाटों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पुवायां मनीष शुक्ला ने सर्वे सट्टा नीति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 2026-27 के लिए नये सदस्य बनने और उपज बढ़ोतरी हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। साथ ही साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है। चीनी मिल के विभागाध्यक्ष (गन्ना) सुग्रीव पाठक ने बताया कि सर्वे के समय गांव में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि सभी कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। सभी कर्मचारी पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो, सर्वे में सही गन्ना प्रजाति दर्ज करने की सलाह दी ,जिससे पेराई सत्र में किसानों को गन्ना आपूर्ति को लेकर कोई परेशानी न हो, सभी गन्ना पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क में रहें, जिससे पेराई सत्र के दौरान सट्टा संचालित होने में कोई असुविधा ना हो। सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड पुवायां विनोद यादव ने सभी गन्ना किसानों से अनुरोध किया है कि अपने गांव में सर्वे के समय सभी किसान खेत पर मौजूद रहे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक गन्ना कॉर्पोरेट अशद शेख सहित गन्ना विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मुन्ने मियाँ के स्थान पर सफदर हुसैन रख लिया है। भविष्य में मुझे सफदर हुसैन के नाम से लिखा-पढ़ा जाये। **सफदर हुसैन पुत्र बन्ने मियाँ निवासी पक्का कटरा-तिलहर (शाहजहाँपुर)।**

**सूचना**

मेरा सभी अभिलेखों में नाम नूर जहां बेगम दर्ज हैं, जबकि आधार कार्ड में गलती से शायरा बानों अंकित हो गया। उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं। वह दोनों नामों से जानी जाती है। **नूर जहां बेगम पत्नी समीम नि.ग्रा. बलरामपुर, मोहनपुर, तह. पुवायां, शाहजहांपुर।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शारिब व पुत्रवधू जीनत को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रजिया पत्नी स्व. छोटे नि.मो. तारीन जलालनगर, हाल निवासी-शांतिपुरम कालोनी, शाहबाज नगर रोड़, पर. व तह.-सदर, शाहजहांपुर।**

## श्रृद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया बाबूजी महाराज का जन्मोत्सव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- रामचन्द्र मिशन आश्रम में प्रवाहित हुई ध्यान, प्रेम और करूणा की त्रिवेणी
- हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर की विश्व कल्याण की कामना



श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी. पटेल दाजी के मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आज महात्मा रामचन्द्र जी महाराज बाबूजी का जयंती समारोह पूर्ण दिव्यताए भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन साधना से प्रारंभ हुआ यह समारोह मानो साधकों की चेतना को नव प्रकाश से आलोकित करने का विराट यज्ञ बन गया। देश के विभिन्न स्थानों से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान.साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति के लिए मंगल कामना की। उत्सव का शुभारंभ सुबह के ध्यान सत्र के साथ हुआए जिसमें वातावरण शांतिए श्रद्धा और साधना की दिव्य तरंगों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान शहर के अजीज गंज स्थित सहज मार्ग जंक्शन में बाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवालए केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, माधो गोपाल अग्रवाल, विजय कुमार आदि शामिल रहे। इस पावन अवसर पर श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी पटेल दाजी ने अपने संदेश में कहा कि सहज मार्ग के साधकों के लिए बाबूजी महाराज का जन्मोत्सव केवल उल्लास का पर्व नहीं बल्कि एक दिव्य स्मृति और चेतना का उत्सव है। इसी पावन तिथि को दिव्य प्रकाश ने महात्मा रामचन्द्र जी महाराज के रुप में पृथ्वी पर अवतरण का संकल्प लिया था। वर्ष 1899 में शाहजहांपुर में एक ऐसी महान आत्मा का अवतरण हुआए जिसने मानवता की आध्यात्मिक यात्रा को नवीन दिशा प्रदान की। वही महापुरुष आगे चलकर बाबूजी के नाम से विख्यात हुए। संसार उस समय उनके महत्त्व से अनभिज्ञ थाए क्योंकि महान आत्माएं प्रायः बिना किसी उद्घोष के सामान्य मानव रूप में प्रकट होती हैं। दाजी ने कहा कि बाबूजी महाराज के माध्यम से मानवता को एक विस्मृत आध्यात्मिक धरोहर प्राणाहुति का पवित्र विज्ञान पुनः प्राप्त हुआए जो सूक्ष्मए गूढ़ और दिव्य विद्या मानव अंतःकरण में ईश्वरीय चेतना के संचार का माध्यम बनी। अपने वर्चुअल संदेश में दाजी ने मिशन के अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे इस जन्मोत्सव को केवल एक पर्व के रूप में न देखेंए बल्कि इसे आत्म.परिष्कारए अंतर्मुखी साधना और चेतना के उत्कर्ष का अवसर बनाएं। उन्होंने कहा कि मिशन के अभ्यासी को अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेमए करुणा और शांति के पुष्प खिलाने चाहिए। बाबूजी महाराज के जन्मोत्सव में संपूर्ण आश्रम परिसर में श्रद्धाए साधना और शांति का दिव्य वातावरण दिखाई दिया। सायंकाल में भी ध्यान सत्र का आयोजन किया गया और बाबूजी महाराज की जीवन यात्रा पर एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया। आयोजन में राजगोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, सुंदर अग्रवाल, सार्थक गोयल, सुरेंद्र सिन्हा, अविरल तिवारी, के एम त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तवए आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सीआईएससीई रिजल्ट: होली एंजेल्स स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस सीआईएससीई ने गुरुवार को कक्षा 10 और आईएससी कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित किया गया। जिसको देखकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। शहर के चिनौर स्थित होली एंजेल्स स्कूल में कक्षा 10 आईसीएसई 2025 26 का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा किया है। 65 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। स्कूल प्रबंधक सिस्टर प्रिया फर्नान्डिस ने बच्चों को शुभकामनाएं, आशीर्वाद दिया। स्कूल उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रतिमा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या सिस्टर के. फातिमा ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को हृदय से बधाई दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय की छात्रा विपुल अवस्थी ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष राजपूत ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, दिव्यांशी सिंह ने 83.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, सत्यम चैहान ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, वंशिका बाबू ने 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान, तमन्ना ने 79.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठ्वा स्थान, निशि प्रजापति ने 78.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, आदित्य वर्धन और गुरमीत दुआ ने 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान

### जॉन नेव सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में छात्राओं का दबदबा

एवं तनिष्का ने 76.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान लेकर विध्यालय का गौरव बढ़ाया। वही होली एंजेल्स स्कूल में कक्षा 12 आईएससी का परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय में 58 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रबंधक सिस्टर प्रिया फर्नान्डिस ने बच्चों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। स्कूल उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रतिमा ने बच्चों और उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रधानाचार्या सिस्टर के. फातिमा ने बच्चों तथा उनके



अभिभावकों को हृदय से बधाई दी तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय की छात्रा श्वेता गौतम ने 87.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिस्बाह फातिमा ने 84.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, श्रेया गुप्ता ने 83.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, अनंव सिंह ने 82.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, आकृति पाण्डेय और अंतरा अवस्थी ने 80.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान, आभास सिंह ने 79.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, अदिति कौशल ने 78.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान, अदिति सिंह ने 78.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां स्थान, वैष्णवी वर्मा ने 78.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्या सिस्टर के. फातिमा ने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल आपकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि आपके माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रतीक है। आपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। मैं आप सभी को दिल से बधाई देती हूँ। यह सफलता आपके जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। याद रखें, यह केवल एक पड़ाव है- आगे और भी ऊँचाइयाँ आपका इंतजार कर रही हैं। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, निरंतर प्रयास करते रहें और कभी भी सीखना बंद न करें। उधर लोधीपुर स्थित जॉन नेव सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 10 में 98 प्रतिशत, 12वीं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा 10वीं यशी शुक्ला 88.04 प्रतिशत, पलक्षी सिंह 83.04 प्रतिशत, हुजैफा 81 प्रतिशत, दीपक द्विवेदी 80.02 प्रतिशत, अर्शप्रीत कौर 80 प्रतिशत, संदेश यादव 80.05 प्रतिशत, जसप्रीत कौर 79 प्रतिशत, हर्षित कुमार 79 प्रतिशत, प्रियांशु 78.06 प्रतिशत, आर्याश अवस्थी 78.02 प्रतिशत, खुशदीप कौर 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

## हत्या के मामले में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पुवायां,शाहजहांपुर।** दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव के युवक के साथ मारपीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी मृतक 35 वर्षीय सत्यपाल की पत्नी मिथलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार को उसका पति गेहूं बिक्री करने मझिगवां गया था। वहीं उसका दुकानदार से झगड़ा हो गया। 29 अप्रैल को उनके पति का शव मझिगवां अड्डे के पास बनी दुकानों के पीछे पड़े होने की सूचना मिली। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा और उन्होंने सत्यपाल के रूप में पहचान की। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद मृतक की पत्नी मिथलेश की तहरीर के आधार पर गांव बनिगवां निवासी बिल्लू ,टिल्लू पुत्र गण रामऔतार के खिलाफ मारपीट कर हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों को दी जानकारी



**शाहजहांपुर।** ब्लॉक पुवायां के ग्राम पंचायत उमरसड़ा में जागरूकता कार्यक्रम व विधवा पेंशन सत्यापन के अंतर्गत डीएम, सीडीओ व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा महिलाओं को फोल्डर एवम पैंपलेंट देकर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, घरेलू हिंसा, के प्रति जागरूक किया गया। रश्मि देवी द्वारा समस्त हेल्पलाईन नंबर्स यथा- महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 , वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा अधिनियमों यथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा योजनाओ का प्रचार - प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, ग्राम प्रधान, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आदि स्टाफ व महिलाएं मौजूद रहे।

## विवाहिता का बंद कमरें में लटकता मिला शव

### भाई ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस को शाम तक नहीं मिली थी तहरीर

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





रोजा क्षेत्र में एक विवाहिता ने घर के अंदर कमरे में दुप्पटे के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरें का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। महिला का शव फंदे से लटके होने की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वही मृतका के भाई ने हत्या करने का आरोप लगाया हैं। फिलहाल पुलिस ने मृतका के पति को पूछताछ के लिये हिरासत में ले लिया हैं। थाना रोजा के गांव बिलन्दापुर गौटिया निवासी राजकपूर ट्रक ड्राइवर हैं। उसकी शादी लगभग सात साल पूर्व थाना तिलहर के गांव कपसेड़ा निवासी लल्लन की बहन शेतलता (35) के साथ हुई थी। शादी के कई साल बीत जाने के बाद उसके कोई औलाद नहीं थी। बताते हैं इसी बात को लेकर अक्सर पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मृतका शेतलता मायके रहती थी। अभी दो सप्ताह पूर्व दोनों का विवाद थाने तक पहुंच गया था, मगर ग्राम प्रधान ने थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। गुरुवार की तड़के सुबह मृतका शेतलता का पति राजकपूर शौच के लिए चला गया। इसी बीच शेतलता ने कमरा अंदर से बंद कर लिया और दुप्पटे के सहारे छत के कुंडे से लटक कर आत्महत्या कर ली। राजकपूर जब घर लौटा तो कमरा अंदर से बंद देख कर उसका माथा ठनका। दीवार की एक ईट निकाल कर कमरें में झांका तो उसकी आंखे फटी रह गई। शेतलता फांसी के फंदे से झूल रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार व डायल 112 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वीडियोग्राफी कर कमरें का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। विवाहिता के फांसी लगाये जाने की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। वही मृतका के भाई ने सास ससुर, जेठ सहित आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध थाने पर तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### जिला पंचायत प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह ने किया सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ



**घुंघचाई।** क्षेत्र की एक लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई है। जिला पंचायत प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह ने डूंडा से हरदोई ब्रांच पूल जाने वाले मार्ग पर 100 मीटर लंबी सीसी सड़क के निर्माण का शुभारंभ कर दिया ।बताया जाता है कि डूंडा से हरदोई ब्रांच नहर पुल की ओर जाने वाला यह मार्ग काफी समय से खस्ताहाल था। लगभग 100 मीटर हिस्से की मरम्मत नहीं होने के कारण आसपास के गांवों के लोगों को रोजाना आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के मौसम में यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़ भरा हो जाता था, जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो जाता था ।ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरूभाग सिंह से बार-बार मांग की थी। उनकी मांग पर गुरूभाग सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लिया ।मौके पर पहुंचकर गुरूभाग सिंह ने सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने पारंपरिक तरीके से गोला फोड़कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की ।इस अवसर पर जगतपुर जमुनिया प्रधान दिलबाग सिंह, मुश्ताक अली, गुरु प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष पति गुरूभाग सिंह सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।ग्रामीणों ने गुरूभाग सिंह का आभार जताते हुए कहा कि उनकी मांग को इतनी जल्दी स्वीकार कर निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए वे उनके शुक्रगुजार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सीसी सड़क बन जाने के बाद आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

### तीन मई को 7 केंद्रों पर आयोजित होगी नीट-यूजी परीक्षा

**शाहजहांपुर।** जनपद में आगामी 3 मई रविवार को नीट यूजी-2026 का आयोजन 7 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने परीक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा, निगरानी और परीक्षा संबंधित तैयारियों को लेकर निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर नियुक्त मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहेंगे और परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों को रिजर्व स्टाफ के रूप में कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है, जो दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस वर्ष परीक्षा जनपद के स्वामी सुखदेवानन्द स्कूल, मुमुक्षु आश्रम, गांधी फैज़-ए-आम डिग्री कॉलेज, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 एवं पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, इस्लामिया इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, मुमुक्षु आश्रम तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग सहित कुल 07 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को सभी परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सकों एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा बायोमेट्रिक एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन हेतु नेट सेवा प्रदाताओं को लगातार इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## भावुक माहौल में बीईओ शिवबोधन को दी गई विदाई

**कांट, शाहजहांपुर।** ब्लॉक सभागार कांट में खंड शिक्षा अधिकारी शिवबोधन वर्मा के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई समारोह का भव्य आयोजन ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, खंड विकास अधिकारी इंद्र कुमार शुक्ला सहित शिक्षकों व कर्मचारियों ने शिवबोधन वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह के अंत में शिवबोधन वर्मा ने भावुक शब्दों में सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। नीरज शुक्ला को कांट खंड शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार खंड शिक्षा अधिकारी शिवबोधन वर्मा के




सेवानिवृत्त होने के बाद मिला। वह मदनापुर में तैनात है। विभागीय जिम्मेदारी मिलने के बाद अब वह कांट क्षेत्र के शैक्षिक व प्रशासनिक कार्यों का संचालन भी देखेंगे ।वहीं जिला मुख्यालय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा भी शिवबोधन वर्मा को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, खंड विकास अधिकारी इंद्र कुमार शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला, शिवबोधन वर्मा, राजकीय काट के प्रधानाचार्य संजय मौर्य , शैलेंद्र कुशवाहा,डीएन दीक्षित, यशपाल सिंह अमित चतुर्वेदी मधुकर दीक्षित, देवेंद्र सिंह आदित्य सिंह धनपाल आलोक मिश्रा, उमेश सक्सेना मृदुला शर्मा मंजू कुशवाहा शाहिद सहित भारी संख्या में अध्यापक गण मौजूद रहे।

## प्रथम कुलपति की नियुक्ति हेतु सौंपा ज्ञापन

### कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षाविद को कुलपति नियुक्त करने की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अंतर्गत संचालित पांच शिक्षण संस्थानों को शासन द्वारा उच्चीकृत कर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय का स्वरूप दिए जाने के बाद अब इसके प्रथम कुलपति की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसी क्रम में स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के शिक्षक संघ ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन जिलाधिकारी शाहजहांपुर के माध्यम से प्रेषित किया है। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने साभार निवेदन किया है कि नवगठित विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के रूप में ऐसे वरिष्ठ एवं अनुभवी प्रोफेसर की नियुक्ति की जाए, जो इन शिक्षण संस्थानों से गहराई से जुड़ा होने के साथ ही मुमुक्षु आश्रम की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सनातन एवं नैतिक परंपराओं से भली-भांति परिचित हों। शिक्षक संघ का मानना है कि विश्वविद्यालय की सुदृढ़ नींव रखने एवं उसे गतिमान करने के लिए ऐसे कुलपति का होना नितांत आवश्यक है, जो संस्थान की मूल भावना और परंपराओं को समझते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक ले जा सके। शिक्षकों का ऐसा विश्वास है कि आश्रम की परंपरा शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नैतिक मूल्यों से ओतप्रोत है। अतः विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के रूप में संस्था के ही किसी अनुभवी एवं समर्पित शिक्षाविद को अवसर प्रदान किया जाए ताकि संस्था की पुरातन परंपराएं एवं मूल्य भी जीवित रहें तथा विश्वविद्यालय भी द्रुत गति से उन्नति के शिखरों को स्पर्श कर सके। ज्ञापन के माध्यम से यह भी अपेक्षा जताई गई है कि शासन स्तर पर इस विषय में गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। इस पहल को लेकर शिक्षकों में उत्साह का माहौल है और वे विश्वविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रो. आदित्य सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, प्रो. कमलेश गौतम, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. बरखा सक्सेना, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. धर्मवीर सिंह, डॉ. पूजा बाजपेई, डॉ. सचिन खन्ना, बृजलाली, व्याख्या सक्सेना, मृदुल शुक्ला, पोथीराम, डॉ. पदमजा मिश्रा, डॉ. दीपक दीक्षित, डॉ. संदीप दीक्षित सहित कॉलेज के अनेक शिक्षक उपस्थित रहें।

## भाई को बुलाकर गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या करने का आरोप

### कोतवाली शव लेकर पहुंचे ग्रामीण, तब दर्ज हुआ मुकदमा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने भाई की हत्या करने में मुकद्दमा दर्ज कराने को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों सहित शव लेकर कोतवाली पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने हत्या में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जबकि गिरफ्तारी होने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मजीदपुर निवासी ग्राम प्रधान मंगू सिंह कुशवाहा पुत्र रामभरोसे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम लगभग 7 बजे भाई कप्तान सिंह घर से थाना सिंधौली के गांव लिधौली निवासी नितिन के बुलाने पर भटपुरा चंदू के पास बुलाया ऐसा कहकर बाइक से घर से निकला था। उसी रात लगभग 10 बजे फोन आया कि भाई कप्तान सिंह की मृत्यु हो गई है। और उसका मृत शरीर शाहजहांपुर पलिया हाईवे स्थित गांव भटपुरा चंदू गांव के सामने हाइवे किनारे पड़ा है। जिसके बाद मौके पर पहुंचा तो देखा कि भाई की बाइक हाइवे किनारे खड़ी है और पास ही एक बोलेरो गाड़ी खड़ी थी जिसपर कोई व्यक्ति सवार नहीं था। और पास में ही मेरे भाई का शव पड़ा था। जिसके सर पर चोट लगी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। वही घटना के संबंध में नितिन से जानकारी करनी चाही तो कोई संपर्क नहीं हो सका। जब नितिन के घर पता किया तो पता चला कि नितिन घर नहीं है। पीड़ित ने षड्यंत्र करके भाई को बुलाकर उक्त गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या कर दी है। वही पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होते देख मृतक के परिजन और ग्रामीण शव लेकर कोतवाली पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने हत्या करने में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोड जाम किया

क्षेत्र के गांव मजीदपुर निवासी मृतक कप्तान सिंह की मौत के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज कराने को लेकर परिजन एवं ग्रामीण मृतक का शव लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोड जाम कर दिया। बड़ी तादात में कोतवाली पहुंचे ग्रामीणों को देखकर पुलिस महकमे के हाथ पांव फूल गए। कड़ी मशक्कत के बाद कोतवाल राजेंद्र कुमार रावत ने परिजनों को मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शव लेकर वापस घर लौट गए। वही कोतवाल आर के रावत ने बताया कि हत्या में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। वही परिजनों ने गिरफ्तारी होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

## थ्रिप्स कीट की हो रही शुरुआत समय पर करें नियंत्रण: वीके शुक्ल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के निदेशक वीके शुक्ल ने बताया कि गन्ने के कुछ खेतों मे इस समय थ्रिप्स का प्रकोप दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह कीट पत्ती की एपिडर्मिस के अन्दर एक-एक अण्डा देती है, जिससे शिशु निकलकर पत्ती का रस चूसता हैं। जिससे पत्ती का रंग भूरा हो जाता है तथा पत्ती का अग्रभाग मुड़ जाता है। गर्मी का मौसम इनकी जनसंख्या वृद्धि में सहायक होता है। वर्षा प्रारम्भ होते ही इनकी संख्या में कमी होने लगती है। गन्ने के खेत में पत्तियों का मुड़ना एवं सिकुड़ना, पत्तियों का सफेद एवं चाँदी जैसे धब्बे दिखाई पड़ना जैसे लक्षणों से इस कीट की उपस्थिति समझी जा सकती है। निदेशक ने बताया कि इस कीट के नियंत्रण हेतु 625 लीटर पानी में प्रोफेनोफॉस 40 प्रतिशत, साइपरमेथ्रिन 4 प्रतिशत ईसी 750 मिली-हेक्टेयर की दर से गन्ने की पत्तियों पर छिड़काव करें।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा-एल-04-26-27, कार्य का नाम: प्रयागराज रामबाग में 40 बेड वाले आरपीएफ बैरक के निर्माण के साथ फर्नीचर एवं विद्युत फिटिंग हेतु विद्युत कार्य का कनेक्शन। अनुमानित लागत: ₹ 21,68,369.57, अमानत राशि: ₹ 43,400/-, कार्य समापन का समय: 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे। **क्रम सं.-02,** निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा-एल-05-26-27, कार्य का नाम: वाराणसी मंडल में पुराने ओवरहेड मेन लाइन को भूमिगत केबल द्वारा प्रतिस्थापित करना। अनुमानित लागत: ₹ 2,53,38,438.00, अमानत राशि: ₹ 5,06,800/-, कार्य समापन का समय: 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे। **क्रम सं.-03,** निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा-एल-06-26-27, कार्य का नाम: वाराणसी मंडल में एलएचबी एसी कोचों के एसबीसी पैनल में ऑन-बोर्ड 4.5 किलोवाट अंडरस्लंग आरईबीसी एमसीबी की व्यवस्था, पावर कार में इंजन कक्ष से एसबीसी पैनल तक स्मोक/हीट डिटेक्टर को स्थानांतरित करने की व्यवस्था तथा एलएचबी एसी कोचों में 4.5 किलोवाट अंडरस्लंग कॉन्स्टेंट वोल्टेज रेगुलेटर सह आपातकालीन बैटरी चार्जर के ऑन-बोर्ड संकेतों के स्थानांतरण जैसी विभिन्न संशोधनों का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 48,97,081.78, अमानत राशि: ₹ 98,000/-, कार्य समापन का समय: 04 महीने, निविदा समापन की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 21-05-2026, 14:30 बजे।

• उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-25 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## भाला फेंक में चमके विवेक, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ संभाग के केंद्रीय विद्यालय संगठन की 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 अप्रैल तक केंद्रीय विद्यालय एमसीएफ लालगंज, रायबरेली में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के केंद्रीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 कैंट शाहजहांपुर के कक्षा 10 के छात्र विवेक कुमार वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 आयु वर्ग की भाला फेंक स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विवेक, अजय पाल वर्मा के पुत्र हैं और विकासखंड सिंधौली के ग्राम महाऊदुर्ग के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन हुआ है। विवेक कुमार वर्मा की यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि वह इससे पूर्व भी दो बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं, जिससे उनकी खेल प्रतिभा का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बार के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है। विवेक की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एम.के. गुप्ता, टीम कोच के.डी. शुक्ला, खेल प्रशिक्षक मुरलीधर, अमित त्रिवेदी, गुंजन, आशीष राठौर और रोशन लाल सहित पूरे विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त की। सभी ने विवेक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने आशा जताई है कि विवेक राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम और ऊंचा करेंगे।

## मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत इंडियन फार्माकोपिया आयोग द्वारा मटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के तहत मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता 22 अप्रैल 2026 से प्रभावी है, जो न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय एवं आम जनमानस के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। इस केंद्र के माध्यम से अब चिकित्सा उपकरणों से संबंधित किसी भी प्रतिकूल घटना की पहचान, निगरानी, संग्रहण एवं रिपोर्टिंग व्यवस्थित रूप से की जाएगी। साथ ही, इन घटनाओं का कारण विश्लेषण कर भविष्य में होने वाली संभावित हानियों की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं संबंधित पेशेवरों के लिए नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम एवं सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। महाविद्यालय प्राचार्य डा. राजेश कुमार ने इस उपलब्धि पर फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल प्रकाश गिरि एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए इसे एक उत्कृष्ट उपलब्धि बताया। उन्होंने सभी क्लिनिकल विभागों से इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह भी किया। उल्लेखनीय है कि फार्माकोलॉजी विभाग वर्ष 2021 से ही एडवर्स ड्रग रिएक्शन मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में कार्यरत है और एडीआर रिपोर्टिंग एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी योगदान देता रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, जेएनएमसी अलीगढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एएमसी एवं एमडीएमसी दोनों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। ऐसे परिदृश्य में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहांपुर प्रदेश का पहला एएसएमसी बन गया है। जिसे एएमसी एवं एमडीएमसी दोनों के रूप में नामित किया गया है। यह उपलब्धि चिकित्सा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सुरक्षित चिकित्सा उपकरण, सुरक्षित मरीज की दिशा में देश के प्रयासों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

## शाहजहाँपुर में स्वास्थ्य क्रांति

वैसे जनपद शाहजहाँपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और जन-साधारण के लिए सुलभ बनाने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के दौरान विकास की एक नई इबारत लिखी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सर्वे सन्तु निरामयाः' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए जिले के चिकित्सा विभाग ने आधुनिक तकनीक और सेवाभाव के समन्वय से स्वास्थ्य ढांचे का कायाकल्प कर दिया है। विकासपरक दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि आज शाहजहाँपुर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के घर के करीब पहुँच रही हैं। वर्ष 2019 में संयुक्त जिला चिकित्सालय का स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध होना जनपद के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, जिसके बाद से चिकित्सा संसाधनों और उपचार की गुणवत्ता में जो गुणात्मक वृद्धि हुई है, वह आज आंकड़ों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। वर्ष 2025-26 के उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा इतनी तेजी से बढ़ा है कि कुल ओपीडी सेवाओं के माध्यम से लाखों लोगों को जीवनदान मिला है, जहाँ प्रतिदिन औसतन 44,000 से 45,000 मरीजों का उपचार किया जाना विभाग की बढ़ती कार्यक्षमता का जीवंत प्रमाण है। इसी प्रकार, आईपीडी सेवाओं के अंतर्गत 45,622 गंभीर मरीजों को भर्ती कर उन्हें नया जीवन दिया गया, जिसमें दैनिक स्तर पर लगभग 3,800 मरीजों की सघन देखभाल सुनिश्चित की गई। सरकार की मंशा के अनुरूप जाँच सेवाओं को इतना पारदर्शी और सुलभ बनाया गया है कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अब महंगे निजी सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। जनपद में रिकॉर्ड 37,39,768 पैथोलॉजी जाँचें संपन्न होना शासन की सक्रियता को दर्शाता है, जहाँ प्रतिदिन 3 लाख से अधिक जाँचें निःशुल्क या न्यूनतम दरों पर की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, गंभीर रोगों की पहचान हेतु 1,14,665 एक्स-रे, 20,711 अल्ट्रासाउंड और 13,069 सिटी स्कैन जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं ने शाहजहाँपुर को एक मेडिकल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। विशेष रूप से डायलिसिस की सुविधा ने गुर्दा रोगियों के लिए वरदान का काम किया है, जिसके तहत 2,460 सत्रों के माध्यम से जरूरतमंदों को राहत पहुँचाई गई है। प्रदेश सरकार की जननी सुरक्षा योजना और मातृ-शिशु कल्याण कार्यक्रमों ने जिले के सामाजिक स्वास्थ्य सूचकांकों में क्रांतिकारी सुधार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा रु. 1,400 और शहरी क्षेत्रों में रु. 1,000 की प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ऑनलाइन भेजी जा रही है, जिससे मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी आई है। शिशु स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए एसएनसीयू विभाग में 1,877 नवजातों का सफल उपचार किया गया, वहीं बाल स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 6,638 बच्चों को पौष्टिक भोजन और देखभाल उपलब्ध कराई गई। आयुष पद्धति को मुख्यधारा से जोड़ते हुए जनपद में संचालित आयुष विंग के माध्यम से होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा द्वारा भी 6,200 मरीजों का उपचार किया गया, जो सरकार की समग्र स्वास्थ्य नीति को दर्शाता है। साथ ही, योग के माध्यम से जनमानस को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। परिवार नियोजन के क्षेत्र में भी जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4,072 परिवारों को जागरूक कर अपनी सेवाओं से जोड़ा है। स्वास्थ्य सेवाओं के इस सुदृढ़ीकरण के पीछे अस्पतालों का तेजी से होता डिजिटलीकरण, नई मशीनों की स्थापना और स्टाफ की निरंतर ट्रेनिंग जैसे प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए ठोस कदम हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों ने यह सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ केवल शहरों तक सीमित न रहकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। स्वच्छता, पोषण और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और सरकार के दृढ़ संकल्प ने शाहजहाँपुर को प्रदेश के स्वास्थ्य मानचित्र पर एक अग्रणी और आदर्श जनपद के रूप में गौरवान्वित किया है।

# जहाँ बुद्ध घर लौटते हैं



श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत

भारत के इतिहास में पहली बार, तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से उस भूमि को आशीर्वाद देने निकले हैं, जिसने सदियों की कठिनाइयों, ऊँचाइयों और आस्था के बीच धर्म को जीवित रखा। यह एक सभ्यता का अपने आप को नमन है।

किसी राष्ट्र के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जब इतिहास केवल खुद को दोहराता नहीं – बल्कि और गहरा हो जाता है। इस बुधवार, जब तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस पैमाने पर सार्वजनिक श्रद्धा के साथ पहली बार भारत में लद्दाख की धरती पर उतरेंगे, तो मैं खुद को सरकारी भाषा की ओर नहीं, बल्कि किसी बहुत पुरानी चीज़ की ओर – श्रद्धा की ओर – मुड़ते हुए पाता हूँ। सदियों से लद्दाख ने यह ज्योति संजोए रखी है। उन क्रूर सर्दियों में जो नदियों को जमा देती हैं, उन भू-राजनीतिक दबावों में जो मज़बूत से मज़बूत आत्माओं को भी आज़माते हैं, ऊँचाई की एकाकी दुनिया में और दूर-दराज़ के दर्रों की कठिनाइयों के बीच – लद्दाख के लोगों ने धर्म को ऐसी निष्ठा से जीवित रखा है जो हर संस्था और हर सरकार को नत-मस्तक कर दे। तो यह बिल्कुल उचित है कि भारत का पहला ऐतिहासिक सार्वजनिक प्रदर्शनी किसी महानगर के वातानुकूलित संग्रहालय में नहीं, बल्कि यहाँ – दुनिया की छत पर – हो रहा है, जहाँ आस्था ही जीवन की बुनावट है। और सोचिए – ये अवशेष कहाँ से आ रहे हैं? वे पिपरहवा, उत्तर प्रदेश से आते हैं – वह स्थान जिसे ऐतिहासिक रूप से प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ा जाता है, सिद्धार्थ गौतम की जन्मभूमि। उन्हें लद्दाख लाना, शाब्दिक अर्थों में, एक घर-वापसी है।

**एक ऐसा पहली बार जो युगों का बोझ उठाए हैः-** तथागत के पवित्र अवशेषों की इस पावन प्रदर्शनी का आधिकारिक नाम भी एक घोषणा हैः संघर्ष के समय में शांति। एक ऐसी दुनिया में जो युद्ध, विखंडन और बढ़ती दुश्मनी से जूझ रही है, ये शब्द उस सोच को चुनौती देते हैं जो संघर्ष को अनिवार्य मानती है, शक्ति को आक्रामकता से जोड़ती है, और अनिश्चितता का एकमात्र उत्तर बल में देखती है। बुद्ध ने ढाई हज़ार साल पहले इस चुनौती का जवाब दिया था। हम उनकी भौतिक उपस्थिति को वापस ला रहे हैं ताकि दुनिया को याद दिला सकें – वह उत्तर आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेष – जिन्हें अत्यंत पवित्रता के साथ संरक्षित किया गया है – पहली बार अपने स्थायी संरक्षण-स्थल से बाहर निकलकर इस पैमाने पर भारतीय भूमि पर दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्रेणी की सुरक्षा के साथ, एक विशेष विमान में, वे 29 अप्रैल को लेह पहुँचेंगे – और पंद्रह दिनों तक, 1 से 15 मई तक, शुभ 2569वीं वेसाक बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर से आरंभ होकर, दुनियाभर के श्रद्धालुओं, भिक्षुओं, विद्वानों और तीर्थयात्रियों के लिए यह प्रदर्शनी सुलभ रहेगी।

स्थान भी अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं। महाबोधि अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र, ऐतिहासिक लेह पैलेस का धर्म केंद्र, और जीवे-त्सल का शिक्षण स्थल – वही पवित्र भूमि जहाँ परमपावन दलाई लामा ने अपनी शिक्षाएं दी हैं – इस प्रदर्शनी के आयोजन-स्थल होंगे। और अवशेष केवल लेह तक सीमित नहीं रहेंगे। 11 और 12 मई के बीच वे सुदूर ज़ांस्कर घाटी की यात्रा करेंगे – उस समुदाय तक बुद्ध की कृपा पहुँचाने के लिए, जिनकी बौद्ध परंपराएं उनके परिदृश्य की खाइयों जितनी गहरी हैं। यह भारत की आत्मा, उसकी सभ्यता और उस शाश्वत संदेश का उत्सव है जो वह एक टूटती हुई दुनिया को देती है।



**वह भूमि जिसने ज्योति को कभी बुझने नहीं दियाः-** यह समझने के लिए कि लद्दाख इस अवसर के लिए सही घर क्यों है, पहले लद्दाख को समझना होगा। यह केवल मठों और पहाड़ों का एक नाटकीय परिदृश्य नहीं है – चाहे वह परिदृश्य कितना भी मनोरम हो। यह धर्म का एक जीवित विश्वविद्यालय है। हेमिस मठ की शांत ऊँचाइयों से – जिसका वार्षिक उत्सव समूचे हिमालयी संसार से तीर्थयात्रियों को खींचता है – अलची के प्राचीन भित्तिचित्रों तक, जो 10वीं सदी में बने और आज भी भक्ति की प्रतिभा से जीवंत हैं; दिस्कित की विशाल मैत्रेय बुद्ध प्रतिमा से – जो श्योक नदी की ओर अनंत करुणा की दृष्टि से देखती है – थिकसे के बहुस्तरीय ज्ञान तक, जिसकी तुलना अक्सर तिब्बत के महान मठों से की जाती है – लद्दाख हज़ार वर्षों से अधिक समय से बौद्ध दर्शन, कला, पांडुलिपि परंपरा और जीवंत साधना के सबसे असाधारण भंडारों में से एक रहा है। ये मठ, इनमें रहने वाले भिक्षु – ये उस परंपरा के सक्रिय वाहक हैं जो हिमालयी क्षेत्र के हर भू-राजनीतिक तूफान में टिकी रही। और यह संरक्षण का कार्य उन्होंने उन परिस्थितियों में किया है जो अधिकांश प्रशासकों की कल्पना को भी थका देः कड़ाके की ठंड, सीमित संसाधन, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, और एक ऐसा भूगोल जिसे बसाने के लिए भी साहस चाहिए। यह भारत की आधिकारिक स्वीकृति है कि लद्दाख हमेशा से क्या रहा है – नक्शे के किनारे पर एक सीमांत क्षेत्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान के केंद्र में धड़कता हुआ एक आध्यात्मिक हृदय।

**सभ्यतागत गहराई में निहित एक दृष्टिः-** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख को बौद्ध संस्कृति और आध्यात्मिकता के एक जीवंत केंद्र के रूप में निरंतर वर्णित किया है। उन्होंने लद्दाख के लोगों की लचीलेपन और देशभक्ति की – विशेषकर कठिन सीमा परिस्थितियों में – अक्सर बात की है, उनकी आध्यात्मिक शक्ति को राष्ट्रीय संकल्प और एकता से जोड़ते हुए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि लद्दाख में विकास उसकी अनूठी संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ चलेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया हैः लद्दाख न केवल अत्यंत रणनीतिक महत्त्व की भूमि है, बल्कि बुद्ध की शिक्षाओं का एक जीवंत केंद्र भी है। पवित्र अवशेषों की यह यात्रा एक आध्यात्मिक आशीर्वाद भी है और बौद्ध विरासत को संजोने में लद्दाख की सदियों पुरानी भूमिका, तथा राष्ट्र की सेवा में यहाँ के लोगों के साहस और समर्पण की पहचान भी। यह दृष्टि – कि लद्दाख एक साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का सीमांत और सभ्यतागत ज्ञान का गढ़ है – इस स्थान के बारे में सबसे सुसंगत बात है।

**एक टूटती दुनिया को लद्दाख क्या सिखाता हैः-** यह प्रदर्शनी भारत में अब तक की बौद्ध समुदायों की सबसे बड़ी सभाओं में से एक बनने की संभावना रखती है। और ऐसी दुनिया में जो संघर्ष, ध्रुवीकरण और संदेह की राजनीति से परिभाषित होती जा रही है, यह सभा एक ऐसा संदेश देती है जो किसी एक आस्था की सीमाओं से परे जाता है।

अहिंसा, करुणा और आंतरिक जागृति पर बुद्ध की शिक्षाएं किसी एक समुदाय, संप्रदाय या परंपरा की संपत्ति नहीं हैं। चाहे वह गेलुग हो, द्रुकपा, काग्यू, या लद्दाख में फलती-फूलती कोई भी अन्य महान परंपरा – धर्म का सार एक ही रहता है– करुणा का, प्रज्ञा का, सद्भाव का मार्ग।

यह पवित्र प्रदर्शनी, जो ऐसे समय में आ रही है जब क्षेत्र में वसंत आ रहा है और ऊँचे दर्रों से बर्फ पिघलने लगी है, हर उस सीमा को पार करने का आमंत्रण है जो हमें बाँटती है – संप्रदाय की, राष्ट्रीयता की, भय की।

अवशेष आस्थावानों को आशीर्वाद देते हैं। लेकिन वे एक देखती हुई दुनिया को यह भी याद दिलाते हैं कि शक्ति के सबसे शांत रूप हमेशा सबसे स्थायी रहे हैं।

**इस जीवंत विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धताः-** भारत सरकार लद्दाख को दुनिया में बौद्ध संस्कृति के सबसे महत्त्वपूर्ण जीवंत केंद्रों में से एक मानती है। हम प्रतिबद्ध हैं – केवल नीति दस्तावेज़ों की भाषा में नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई में – यहाँ के मठों के संरक्षण, बौद्ध अध्ययन के प्रोत्साहन, और इसकी अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा के लिए। इस प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में बड़ी संख्या में भिक्षुओं की एक विशाल बौद्ध जाप-सभा की योजना है – जिसे आयोजक Guinness World Records में दर्ज कराना चाहते हैं – जो इस भूमि की उस भक्ति के पैमाने का एक सटीक प्रतीक है जिसे वह जगाती है।

केंद्र सरकार मठीय संस्थाओं और लद्दाख के लोगों के साथ मिलकर काम करती रहेगी ताकि यह समृद्ध विरासत फले-फूले और दुनिया तक पहुँचे। लद्दाख पर्यटन और स्वयं इस पवित्र प्रदर्शनी के लिए हाल ही में लॉन्च किए गए digital portals इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं।

**संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, अंतर्राष्ट्रीयः-** बौद्ध परिसंघ, और लद्दाख के स्थानीय संगठन – गोम्पा एसोसिएशन, बौद्ध एसोसिएशन, और उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना के नेतृत्व में केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन – ने उसी एकता के साथ मिलकर काम किया है जो स्वयं अवशेषों की शिक्षा में निहित है।

**एक ऐसा क्षण जो हम सबका हैः-** जैसे ही तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेष इस बुधवार लद्दाख पहुँचेंगे, कुछ प्राचीन हलचल करेगा। यह अनुभूति है कि किसी सभ्यता के जीवन में कुछ चीज़ें किसी भी राजनीतिक मौसम के चक्र से बड़ी होती हैं। बुद्ध का करुणा का संदेश उन्हीं चीज़ों में से एक है। उस संदेश के प्रति लद्दाख की निष्ठा भी उन्हीं में से एक है।

बुद्ध के आशीर्वाद से लद्दाख के हर घर में शांति आए, सभी समुदायों में सद्भाव हो, और सभी प्राणियों को आध्यात्मिक जागृति मिले। और यह पवित्र प्रदर्शनी हम सभी को – चाहे हमारी आस्था कुछ भी हो, चाहे हम जहाँ भी खड़े हों – याद दिलाए कि मनुष्य की सबसे गहरी आकांक्षा हमेशा एक ही रही हैः बिना पीड़ा पहुँचाए जीना, ज्ञान के साथ कार्य करना, और दुनिया को उससे थोड़ा अधिक शांत छोड़ जाना जितनी हमें मिली थी।

बुद्धं शरणं गच्छामि।
धम्मं शरणं गच्छामि।
संघं शरणं गच्छामि।

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं।)**

विचार

# प्रदेश सरकार के कुशल प्रबन्धन से संचारी रोग हुआ नियंत्रित

*डॉ. अजीत रानाडे*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन का ही परिणाम है कि प्रदेश के पूर्वांचल के जनपदों में गत चार-पांच दशकों से बच्चों में फैली जानलेवा जापानी बुखार व दिमागी बुखार जैसे संचारी रोग को नियंत्रित कर लिया गया है। प्रदेश के पूर्वी जनपदों में संचारी रोग दशकों से आमजन के स्वास्थ्य को प्रभावित करता रहा है। यह रोग विशेषकर 15 वर्ष से नीचे की आयु के बच्चों को प्रभावित करता रहा है। इस रोग से सैकड़ों बच्चों की जान चली जाती थी। किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने वर्ष 2017 में सरकार गठन के उपरान्त लगातार व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से बचाव के लिए साफ-सफाई, टीकाकरण, जांच, दवाओं का वितरण, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था कर दिमागी बुखार रोग पर प्रभावी नियंत्रण किया है। प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान लगातार चलाकर समाज के अन्तिम व्यक्ति तक कार्यक्रम का सन्देश पहुंचाकर रोग से बचाव के उपायों पर बल देते हुए इस रोग को नियंत्रित किया है।

प्रदेश में संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय एवं जनसहभागिता से चलाया जा रहा यह अभियान आज एक सशक्त मॉडल बन चुका है, जिसकी देश और विदेशों में चर्चा हो रही है। अन्तर्विभागीय समन्वय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के साथ बेसिक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, पुष्टाहार, नगर विकास, कृषि, पशुपालन, उद्यान, जल निगम, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, चिकित्सा शिक्षा आदि है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में 12 विभागों द्वारा समन्वय बनाकर कार्य किया जाता है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोषाहार देते हैं। ग्रामीण ग्राम्य विकास व पंचायतीराज विभाग ग्राम स्तर पर नालियों, जल निकासी, गांवों की नियमित सफाई व मच्छर मारने की दवाओं का छिड़काव/फागिंग कराते है। नगर विकास विभाग गलियों-मुहल्लों की सफाई, खुली नालियों को ढकने, कूड़ा उठान, दवाओं का छिड़काव, फागिंग आदि करते है। उथले हैंडपम्पों को चिन्हित करते हैं। कृषि विभाग किसानों को वैकल्पिक सिंचाई की जानकारी, उद्यान विभाग मच्छर रोधी पौधों को उगाने, पशुपालन विभाग सुअरों के बाड़ों को आबादी से दूर रखने, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एईएस व जेई रोग के उपरान्त यदि कोई बच्चा दिव्यांग हुआ है तो उसे चिन्हित कर इलाज व उपकरण दिलाये जाने का कार्य किया जाता है। चिकित्सा विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग जांच, दवाओं का वितरण, इलाज आदि समस्त स्वास्थ्य संबंधी कार्यों का दायित्व निभाते हैं।

सरकार ने प्रदेश में लगातार चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के माध्यम से समाज और सरकार के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को मजबूत कर संचारी रोगों के विरुद्ध एक निर्णायक लड़ाई छेड़ रखी है। सरकार के अनवरत प्रयास और समाज के स्वैच्छिक सहभागिता का परिणाम है कि इस रोग के विरुद्ध अभूतपूर्व सफलता मिली है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने चिकित्सालयों में संचारी रोग के रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्थायें की है। दिमागी बुखार के उपचार हेतु पूर्ण रूप से सुसज्जित 16 पीआईसीयू 15 मिनी पीआईसीयू, 117 ईटीसी, तथा 86 सेन्टीनल लैब संचालित है। प्रदेश सरकार संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु प्रतिवर्ष 3 चरणों में दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर इस रोग पर पूर्ण नियंत्रण पाया है। प्रदेश के निष्क्रिय पड़े चिकित्सा केन्द्रों को उपकरण, दवायें तथा मानव संसाधन उपलब्ध कराते हुए इस अभियान को सक्रिय किया गया तथा आम जनता को उनके घर के निकट ही जांच, उपचार आदि समस्त स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराकर संचारी रोग को नियंत्रित किया है। प्रदेश के जनपदों में आशा कार्यकत्री हर घर में जाकर लोगों को दिमागी बुखार, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इन्सेफ्लाइटिस आदि रोगों से बचाव, लक्षणों एवं उपचार हेतु चिकित्सालयों पर मौजूद इलाज़ के सभी सुविधाओं के विषय में जानकारी देती है और आम जनता को जागरूक करती है। प्रदेश सरकार के समन्वय के अन्तर्विभागों द्वारा भी अपनी जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सरकार द्वारा चलाये गये विशेष अभियानो का ही परिणाम है कि संचारी रोग नियंत्रित हो गया है।

**डेंगू व जापानी इंसेफ्लाइटिस पर नियंत्रणः-** डेंगू रोगियों की संख्या में 94 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डेंगू से होने वाली मृत्यु में 99 प्रतिशत की कमी आई। समय पर जांच, उपचार और रोकथाम उपायों ने डेंगू के प्रभाव को लगभग समाप्त कर दिया। उसी तरह जापानी इन्सेफ्लाइटिस (जे.ई.द्ध के मामलों में 96 प्रतिशत की कमी आई। जे.ई. से होने वाली मृत्यु में भी 99 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, जो पहले जे.ई. से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र था, अब इस रोग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है।

प्रदेश में इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोजेक्ट (आई.डी.एस.पी.) के अंतर्गत रोगों की निगरानी प्रणाली को मजबूत किया गया है। प्रदेश में लाखों स्वास्थ्य संस्थानों को पोर्टल से जोड़ा गया है। नियमित रूप से रोगों की रिपोर्टिंग और निगरानी सुनिश्चित की गई। कोविड-19 सहित 16 प्रकार के रोगों की साप्ताहिक रिपोर्टिंग की जाती है। इस प्रणाली ने समय रहते रोगों की पहचान और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**डेंगू जांच एवं उपचार में सुधारः-** प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां सीमित प्रयोगशालाएं थीं, वहीं 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जांच सुविधाएं उपलब्ध हो गई। कुल 86 सेंटिनल लैब और नेटवर्क लैब स्थापित की गई। डेंगू की मृत्यु दर 2017 के 0.91 प्रतिशत से घटकर 2025 में 0.03 प्रतिशत रह गई, यानी 96.70 प्रतिशत की कमी हुई है। स्वास्थ्य ढांचे में सुधार और त्वरित उपचार व्यवस्था ने जान बचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

मलेरिया नियंत्रण में उपलब्धियां - मलेरिया के वर्ष 2017 में 32,342 मामलों की तुलना में 2025 में केवल 14,988 मलेरिया के मामले दर्ज हुए इसमें 53.66 प्रतिशत की कमी आयी है। मलेरिया जांच की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में 46,69,321 जांच हुई थी वहीं वर्ष 2025 में 1,70,84,168 की जांच की गई। इसमें कुल 266 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। Anual Blood Examination Rate (ABER) 2.02 प्रतिशत से बढ़कर 7.78 प्रतिशत हो गया, जो 285 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जांच बढ़ने से रोगियों की संख्या में कमी आई है, जो कार्य रणनीति से नियन्त्रित हुआ है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान उत्तर प्रदेश में जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य से उत्तर प्रदेश संचारी रोगों से मुक्त राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

साहित्य

## कंधों पे सपनों का भार...!



**संजय एम तराणेकर**

सुबह की पहली किरण संग, कंधों पे सपनों का भार,
चल पड़ता है वह चुपचाप, रचने दुनिया हर एक बार।
हाथों में मेहनत की रेखा, बहे पसीना उसकी पहचान,
ईंट-पत्थर में बसती है, उसकी हर अधूरी-सी मुस्कान।

धूप में जल रहें उसके अरमान, छांव में भी ना आराम,
रोटी, कपड़ा और मकान, बस इतना-सा उसका धाम।
ऊँची-ऊँची इमारतें बोलती, उसकी खामोश हैं कहानी,
हरेक मंज़िल में गूंज रही है, उसकी मेहनत की रवानी।

ना कोई शोर, न कोई मांग, बस काम ही उसका गीत,
दर्द को साथी बना लिया, हौसलों से रचता नव संगीत।
आओं आज ये वादा करें, सम्मान मिले हर श्रमिक को,
न सिर्फ़ शब्दों से, हृदय से कद्र करें उनकी मेहनत को।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी।

**कर्कः-** व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्टा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# जानो तो बुद्ध की सहजता सबसे सहज वरना अति जटिल



*राहुल कुमार गुप्ता*

महात्मा बुद्ध की शांति कोई ठहरी हुई झील नहीं, बल्कि करुणा और बोध का वह अनंत महासागर है जिसकी लहरें हर उस हृदय को छूना चाहती हैं जो ईर्ष्या, द्वेष और संकीर्णता की अग्नि में जल रहा है। बुद्ध का होना दरअसल मनुष्यता का अपने चरम उत्कर्ष पर होना है। आज जब हम चारों ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि धर्म के नाम पर समुदायों की ऊँची दीवारें खड़ी हो गई हैं, जहाँ इंसान कम और संप्रदाय के अनुयायी ज्यादा नजर आते हैं। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जिस धर्म का जन्म ही संकीर्णताओं की बेड़ियाँ काटने के लिए हुआ था, वही आज स्वयं एक संकुचित पहचान बनकर रह गया है। बुद्ध, जैन और सनातन परंपराओं की जड़ें प्रकृति की मिट्टी में गहराई तक धंसी हुई हैं और इनमें वैज्ञानिकता का वह तत्व विद्यमान है जो तर्क को भी श्रद्धा में बदल देता है। किंतु प्रश्न यह उठता है कि इतना प्यारा, इतना सुलझा हुआ और इतना वैज्ञानिक दर्शन आखिर आम आदमी की पहुंच से दूर कैसे हो गया? क्यों एक ऐसा व्यक्ति जो प्रेम की साक्षात प्रतिमूर्ति था, आज केवल चित्रों और मूर्तियों में सिमट कर रह गया है?

इसका सबसे बड़ा कारण धर्म का आचरण से फिसलकर प्रदर्शन की ओर मुड़ जाना है। बुद्ध ने कभी किसी संप्रदाय की स्थापना का स्वप्न नहीं देखा था। उनका स्वप्न था एक ऐसे मनुष्य का निर्माण जो स्वयं के भीतर के अंधकार को पहचान सके। लेकिन कालान्तर में हमने बुद्ध के विचारों को जीने के बजाय उन्हें पूजना शुरू कर दिया। जब हम किसी को पूजने लगते हैं, तो हम अनजाने में उसे अपने जीवन की वास्तविकताओं से बहुत दूर एक ऊंचे आसन पर बिठा देते हैं। हमने बुद्ध को भगवान बना दिया ताकि हमें बुद्ध न बनना पड़े। बुद्ध बनने के लिए जिस साहस, जिस आत्म-निरीक्षण और जिस कठिन त्याग की आवश्यकता थी, उससे बचने के लिए मनुष्य ने कर्मकांडों का सहारा ले लिया। धर्म जब केवल एक कम्युनिटी या मजहब की पहचान बन जाता है, तो वह इंसानियत के मूल धर्म को भूल जाता है। आज लोग बौद्ध, हिंदू या मुसलमान होने में गर्व महसूस करते हैं, लेकिन इंसान होने की उस प्राथमिक शर्त को भूल जाते हैं जिसमें दूसरे के दुख को अपना समझना अनिवार्य था। बुद्ध की शांति का आधार ही असीम प्रेम है, जहाँ स्व का विसर्जन होता है, जबकि आज के धर्म अक्सर स्व या अहंकार को और अधिक पुष्ट करते हैं।

बौद्ध दर्शन के दूर होने का एक और कारण इसकी दार्शनिक जटिलता भी रहा। बुद्ध ने अपनी शिक्षाएं बहुत ही सरल और लोकभाषा में दी थीं, लेकिन उनके जाने के बाद विद्वानों ने उन्हें ऐसे क्लिष्ट शब्दों और गूढ़ सिद्धांतों में लपेट दिया कि साधारण हृदय उससे डरने लगा। जिस मध्यम मार्ग की बात बुद्ध ने की थी, वह बहुत ही व्यावहारिक था, लेकिन कालांतर में उसे केवल भिक्षुओं और विहारों की संपत्ति बना दिया गया। जब कोई दर्शन सामान्य गृहस्थ की रसोई और उसके संघर्षों से कटकर केवल मठों की चर्चाओं तक सीमित हो जाता है, तो वह धीरे-धीरे जनमानस की स्मृति से धुंधला होने लगता है। बुद्ध का दर्शन प्रकृति के नियमों पर आधारित था, जैसे बीज से वृक्ष बनता है, वैसे ही विचार से कर्म बनते हैं। इसमें कोई चमत्कार नहीं था, बल्कि शुद्ध कार्यकारण संबंध था। परंतु मानवीय चित्त हमेशा से चमत्कारों और रहस्यों का लोभी रहा है। उसे वह मार्ग कठिन लगता है जहाँ उसे खुद अपनी जिम्मेदारी उठानी पड़े। बुद्ध ने कहा था, अप्प दीपो भवे, यानी अपना प्रकाश स्वयं बनो। यह आत्म-निर्भरता की पुकार थी, जो उन लोगों को रास नहीं आई जो धर्म को केवल सुरक्षा की एक छतरी समझते थे।

इंसानियत को महत्व न देने वाला कोई भी धर्म या मजहब वास्तव में एक मानसिक विकार ही है, क्योंकि धर्म का अर्थ ही धारण करना है उन गुणों को जो हमें पशुता से ऊपर उठाकर देवत्व की ओर ले जाएं। बुद्ध, जैन और सनातन दर्शन में वैज्ञानिकता का समावेश इसलिए है क्योंकि ये बाहर की खोज के बजाय भीतर की प्रयोगशाला पर जोर देते हैं। आज का समाज जिस तनाव और ईर्ष्या के दौर से गुजर रहा है, वहां बुद्ध की प्रासंगिकता सबसे अधिक है, फिर भी वे सबसे दूर नजर आते हैं क्योंकि हमने अपनी आँखों पर स्वार्थ और आधुनिकता की ऐसी पट्टी बांध ली है जो केवल बाहरी चमक देखती है। बुद्ध का दर्शन सरल रूप से आत्मसात न होने का एक कारण यह भी है कि हम वर्तमान में जीना भूल गए हैं। बुद्ध का पूरा आध्यात्मिक ढांचा सति यानी जागरूकता पर टिका है। हम या तो बीते हुए कल की कड़वाहट में जी रहे हैं या आने वाले कल की काल्पनिक सुखद योजनाओं में। इस आपाधापी में वह शांत क्षण खो गया है जहाँ बुद्ध खड़े हैं। बुद्ध को पाने के लिए किसी हिमालय पर जाने की आवश्यकता नहीं थी, बल्कि अपने भीतर के शोर को शांत करना था, मगर हम बाहर का शोर इतना बढ़ा चुके हैं कि अपनी ही आत्मा की पुकार सुनाई नहीं देती। यह शानदार और तर्कसंगत दर्शन व्यवहार में काफी पीछे हो गया। जब धर्म को सत्ता और राजनीति का संरक्षण मिलता है, तो वह अपनी मौलिकता खोने लगता है। वह एक संस्था बन जाता है और संस्थाएं हमेशा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए लड़ती हैं, सत्य को बचाने के लिए नहीं। बुद्ध का दर्शन एक बहती नदी की तरह था, जो हर घाट को भिगोती चलती थी, लेकिन जब उसे तालाबों में कैद किया गया, तो उसका पानी स्थिर हो गया। आज का मनुष्य जिस शांति की तलाश में भटक रहा है, वह शांति बुद्ध की आँखों में छिपी उस करुणा में है जो शत्रु के प्रति भी वैसी ही मैत्री रखती है जैसी अपने पुत्र के प्रति। बुद्ध ने सिखाया कि ईर्ष्या वह जहर है जिसे हम खुद पीते हैं और उम्मीद करते हैं कि सामने वाला मर जाए। यह क्या बात हुई! फिर भी हम इस जहर को अमृत मानकर पी रहे हैं क्योंकि हमारे धर्म केवल नाम के रह गए हैं, उनमें वह रूहानियत गायब है जो पत्थर को भी मोम कर दे।

यदि हमें बुद्ध के उस अनमोल दर्शन को वापस अपने नजदीक लाना है, तो हमें धर्म की रूढ़िवादी परिभाषाओं से बाहर आना होगा। हमें समझना होगा कि बुद्ध कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि एक चेतना हैं जो हर उस इंसान के भीतर जाग सकती है जो सत्य के प्रति ईमानदार है। जब हम प्रकृति के करीब जाते हैं, जब हम किसी प्यासे को पानी पिलाते समय वही सुख महसूस करते हैं जो किसी प्रार्थना में मिलता है, तब हम बुद्ध के करीब होते हैं। बुद्ध का दूर होना हमारी संवेदनाओं का मरना है। वह सुलझा हुआ आध्यात्मिक व्यक्तित्व हमसे दूर नहीं हुआ है, बल्कि हम ही उलझनों के ऐसे मकड़जाल में फंस गए हैं कि हमें सरलता अब कठिन लगने लगी है। हम जटिलताओं के अभ्यस्त हो चुके हैं, इसलिए हमें बुद्ध की सहजता रास नहीं आती। धर्म को जब तक हम इंसानियत के विज्ञान के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम समुदायों में तो बंटे रहेंगे, लेकिन उस असीम प्रेम की शांति से वंचित रहेंगे जो बुद्ध का असली प्रसाद है।

बुद्ध की वापसी तभी संभव है जब हम धर्म को एक बौद्धिक विलास के बजाय एक जीते-जागते व्यवहार में तब्दील करें। यह दर्शन दूर इसलिए हुआ क्योंकि हमने इसे बुद्धि से समझा, हृदय से नहीं। बुद्धि हमेशा अंतर करती है, दीवारें चुनती है और तर्क देती है, जबकि हृदय केवल प्रेम करना जानता है। बुद्ध का हृदय इतना विशाल था कि उसमें पूरे ब्रह्मांड के दुखों के लिए जगह थी। आज हमें उसी विशालता की आवश्यकता है। हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने अंधविश्वासों की तिलांजलि देनी होगी और करुणा को ही अपना एकमात्र मजहब बनाना होगा। जब तक संसार में एक भी प्राणी दुखी है, बुद्ध का दर्शन अधूरा है, और उसे पूरा करने की जिम्मेदारी किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की है। जिस दिन इंसानियत धर्म के पाखंडों से ऊपर उठकर प्रेम के यथार्थ को स्वीकार कर लेगी, बुद्ध हमसे दूर नहीं, बल्कि हमारे हर सांस में बसे होंगे। वह असीम शांति, वह दिव्य आलोक और वह प्रकृति का संगीत हमारे भीतर फिर से गूंज उठेगा, और तभी यह धरती वास्तव में रहने योग्य बनेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जिलाधिकारी ने रारा गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

- गौशाला का संचालन संतोषजनक न पाए जाने पर बीडीओ और सचिव को स्पष्टीकरण जारी करने के दिए निर्देश
- गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों का स्थान परिवर्तित करते हुए सुरक्षित और सही स्थान पर लगवाने के निर्देश
- गौशाला के संचालन में ग्रामप्रधान का सहयोग न मिलने की बात पर ग्राम प्रधान को नोटिस देने के दिए निर्देश

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने रारा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया के दौरान गौशाला में साफ-सफाई मानक के अनुरूप न पाए जाने पर व गौवंशों को ससमय भूसा/हरा चारा उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड विकास अधिकारी व सचिव का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीओ से गौशाला में गौवंशो की संख्या की जानकारी ली इस पर बीडीओ ने बताया की गौशाला में कुल 450 गौवंश हैं, सफाई कर्मचारी और केयरटेकर सहित कुल 13 कर्मचारी गौशाला में कार्यरत हैं। उन्होंने हरे चारे और नेपियर घास की उपलब्धता की जानकारी ली इसपर बताया गया की कुल 14 बीघे में हरे चारे एवं 2 बीघे में नेपियर घास की बुआई की गई है। उन्होंने वेटनरी डॉक्टर से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया की पूरी संवेदनशीलता के साथ अपना कार्य करें और समय समय पर टीकाकरण और अन्य कार्य करते रहें। कैमरे ऐसी जगह लगवाएं जहां से पूरी गौशाला का कवरेज भी हो जाए और सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरे का स्थान सुरक्षित हो। उन्होंने पंचायत सचिव से गौवंशों को दिए जाने वाले पशुआहार और प्रतिदिन हरे चारे की खपत की जानकारी ली और निर्देशित किया की यदि सही पशुआहार न मिलने से किसी गौवंश को समस्या हुई तो इसकी जिम्मेदारी पंचायत सचिव की होगी। उन्होंने गौशाला के गौवंश रजिस्टर, हरा चारा रजिस्टर,स्टॉक रजिस्टर, भ्रमण/निरीक्षण रजिस्टर को देखा और गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए तथा गौशाला में पर्याप्त मात्रा में बर्मी कंपोस्ट किट बनवाने के लिए निर्देशित किया जिससे ज्यादा से ज्यादा कम्पोस्ट खाद तैयार हो सके। उन्होंने कहा की गौवंशो को श्रेणीवार अलग चिन्हित कर लें फिर उनको चारा दें जिससे सबको पर्याप्त मात्रा में चारा मिल सके और सभी पशु स्वस्थ रहें। उन्होंने दान के भूसे को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**फतेहपुर।** आज दिन बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार(जेल) का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम, पाकशाला (रसोईघर), पुरुष/महिला बंदीगृह, आगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सालय, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान(एनआईओएस) आदि को देखा। कंट्रोल रूम में सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए, रसोईघर में मीनू के अनुसार भोजन बनाया जा रहा था जिसका जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी जांचे व दवाईयां समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की निरुद्ध बंदियों को आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर जेलर सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में



### प्लेवे इंग्लिश स्कूल में मेधावियों का हुआ सम्मान

**फतेहपुर।** प्लेवे इंग्लिश स्कूल में आईएसएसी एवं आईसीएसई बोर्ड नई दिल्ली का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का विद्यालय की प्रधानाचार्य इरम जाफरी ने मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आईएससी कक्षा 12 में सौम्या अग्निहोत्री ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टाप किया तो शक्ति सिंह ने 91प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर और अनुष्का श्रीवास्तव 87.5 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। वहीं इससे कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में अंबर वाजपेई 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया तो प्रणव्य सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहे आदित्य मौर्य 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके दौरान कक्षा 10 के छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। वही विद्यालय के प्रबंधक हुसैन अख्तर जाफरी ने बोर्ड परीक्षा में सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**जालौन (उरई)।** जनपद में नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जालौन पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 1 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जालौन के पर्यवेक्षण में थाना जालौन पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी क्रम में बंगरा रोड स्थित छैपुला के समीप पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 5 किलो 1 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अनुराग प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय किशनलाल कौशल जाटव, निवासी ग्राम कुदारी, थाना रेंढर, जनपद जालौन के रूप में बताई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना जालौन में मुकदमा अपराध संख्या 84/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी कस्बा जालौन मनीष तिवारी, कांस्टेबल उदयवीर सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कोटेदार पर अनियमितताओं का सिद्ध हुआ आरोप, एफआईआर दर्ज



**रामपुरा (जालौन)।** नगर पंचायत रामपुरा में उचित दर विक्रेता रामप्रकाश के खिलाफखाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं श्रीमती राजश्री व उनके पुत्र सनिल कुमार द्वारा 18 अप्रैल 2026 को सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया था कि कोटेदार बिना मुनादी के गुपचुप राशन वितरण करता है और कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा से करीब 2 किलोग्राम कम खाद्यान्न देता है। साथ ही अंगूठा लगवाकर कई बार राशन बाद में देने या टालने की भी शिकायत की गई थी। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर 20 अप्रैल को नायब तहसीलदार माधौगढ़ और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी द्वारा संयुक्त जांच की गई। प्रारंभिक जांच में कुछ कार्डधारकों ने विक्रेता के पक्ष में बयान दिए, लेकिन बाद में 23 अप्रैल को मौके पर शिकायतकर्ता और अन्य उपभोक्ताओं के कुल 32 बयान दर्ज किए गए, जिनमें अधिकांश ने गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि की। कई लोगों ने आरोप लगाया कि महीनों तक अंगूठा लगवाने के बावजूद राशन नहीं दिया गया, जबकि कुछ को हर माह 2 से 3 किलोग्राम तक कम खाद्यान्न दिया जाता रहा। जांच के दौरान दुकान पर अनियमितताएं भी मिलीं। स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं पाया गया और भौतिक सत्यापन में गेहूं, चावल व ज्वार की कुल 22 से अधिक बोरियों का अंतर मिला। जांच रिपोर्ट के अनुसार विक्रेता द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी और डायवर्जन किए जाने के स्पष्ट प्रमाण मिले हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भी ई-कांटे पर गलत तरीके से तौल करते हुए विक्रेता दिखाई दिया। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान का शेष स्टॉक दूसरे विक्रेता को हस्तांतरित कर दिया है। जिलाधिकारी जालौन द्वारा 24 अप्रैल को अनुमति प्रदान किए जाने के बाद आरोपी कोटेदार रामप्रकाश के खिलाफथाना रामपुर में मुकदमा अपराध संख्या 30/2026, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### एनबीडब्लू के वांछित को कुठौंद पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में शातिर अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुठौंद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कुठौन्द जगदम्बा प्रसाद दुबे के नेतृत्व में वांछित चल रहे एक एनबीडब्ल्यू एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त आदित्य प्रताप उर्फछोटू पुत्र मदनमोहन निवासी ग्राम नौरेजपुर थाना कुठौन्द जनपद जालौन सिविल जज (जू.डि.), जेएम जालौन न्यायालय में लंबित वाद संख्या 06/2026 अपराध संख्या 138/25 धारा 331(4)/305, 317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित चल रहा था। अभियुक्त न्यायालय में बार-बार तलब किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हो रहा था जिसके चलते न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट एनबीडब्लू जारी किया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना कुठौंद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए अभियुक्त को उसके घर से विधि अनुसार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस गिरफ्तारी में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी एवं कांस्टेबल बृजेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए: शशांक सिंह



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## घर में घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला, 7 नामजद आरोपियों पर मुकदमा

**जमीन विवाद में लाठी-डंडों से मारपीट, महिलाओं समेत कई घायल**

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली कालपी क्षेत्र के ग्राम मैनुपुर में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छोटे पुत्र ऊदल निवासी ग्राम मैनुपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10.30 बजे वह अपने घर पर बच्चों के साथ मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही वीरेन्द्र, लवकुश, किशन समेत अन्य आरोपी अवैध हथियार, लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित, उसकी पत्नी, पुत्र-पुत्रियों के साथ जमकर मारपीट की, जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां से कुछ को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों से उसका लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और उसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने और गांव छोड़ने की धमकी भी दी है। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उप निरीक्षक रामजी लाल को जांच सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक में विधानसभा चुनाव की बनी रणनीति

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लोक जनशक्ति पार्टी लरामविलास) के संगठन की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष राजू पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव व प्रभारी फतेहपुर कुमार विवेक आनंद ने भाग लिया। इस दौरान संगठन के सभी प्रकोष्ठों की समीक्षा की गई और संगठन को बूथ स्तर तक गठित करने के लिए भी निर्देश दिए गए तो वही कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शिव बहादुर पासवान को बनाया गया और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नसीम खान को तथा किसान प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष इरफान खान को बनाया गया। इस दौरान सपा छोड़ तमाम लोगों ने लोक जनशक्ति पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान कुमार विवेक आनंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रभारी अरुण भारती के निर्देशन पर पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक साथ हर जिले की समीक्षा बैठक की जा रही है।उसी क्रम में जनपद फतेहपुर में भी समीक्षा बैठक की गई। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मिशन 2027 में विधानसभा का चुनाव उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। इसी के साथ अगर गठबंधन होता है तो भी फतेहपुर की कम से कम दो सीटों में प्रत्याशी उतारे जा सकते हैं। इस दौरान किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा संगठन पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर तक विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा है जो भी राष्ट्रीय नेतृत्व प्रत्याशी तय करेगा उस प्रत्याशी के साथ कार्यकर्ता एड़ी चोटी का जोर लगाकर उसे जिताने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रमेश पासवान, रजोल दुबे, सिंघम दुबे, शिवसागर लोधी, नरेश कश्यप, धीरेंद्र अवस्थी, घूरजलाल पासवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अनियमित ढंग से बाइक चलाने पर रामपुरा पुलिस हुई सख्त

**रामपुरा (जालौन)।** परिवहन नियमों की अनदेखी कर अनियमित तरीके से बाइक चलाने वालों के खिलाफरामपुरा पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। टाउन इंचार्ज उपनिरीक्षक जगदीश द्विवेदी के नेतृत्व में थाने के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने तीन सवारी बैठाकर और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले चालकों को रोककर कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान भी किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े।

## जन चौपाल में पहुंचे नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों से किया संवाद

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

- ग्रामीणों से योजनाओं का लिया फीडबैक, पात्रों तक लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश
- कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण इलाज से वंचित न रहे



ग्राम पहाड़पुरा में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम उस समय जनभागीदारी का सशक्त मंच बन गया, जब प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी, सचिव कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के इन्द्र विक्रम सिंह ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित किया।

जन चौपाल में उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों को भी महत्व देते हुए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया। इस पहल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से बेटी के जन्म से लेकर उसकी शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे बेटियों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और पोषण हेतु सहायता दी जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराया जा रहा है, जिसमें एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध है। जन चौपाल के दौरान ग्रामवासी बालमुकुंद द्वारा कृषि फीडर पर कम बिजली आपूर्ति की शिकायत प्रस्तुत की गई। इस पर नोडल अधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर सत्यापन कराया। जांच में पाया गया कि कृषि फीडर पर निर्धारित 10 घंटे विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है, जिससे शिकायत निराधार सिद्ध हुई। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हुआ कि प्रशासन प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## शादी में चाचा को नहीं बुलाया, तो दूल्हे का घर ही कर दिया सील



**जालौन (उरई)।** नगर क्षेत्र में रिश्तों की नाराजगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी में चाचा को निमंत्रण न देने से नाराज परिजनों ने दूल्हे के घर का मुख्य दरवाजा वेल्डिंग कर सील कर दिया। बारात लौटने पर दूल्हा-दुल्हन को घर के बाहर खड़ा रहना पड़ा और गृह प्रवेश पुलिस की मौजूदगी में कराया गया। जानकारी के अनुसार मु. माजिद निवासी नारोभास्कर अपनी बारात लेकर विवाह समारोह में गया था। इसी दौरान उसके चाचा पक्ष के लोगों मुं. अजहर और अनस फैज ने कथित रूप से गुस्से में आकर दूल्हे के घर के मुख्य दरवाजे को वेल्डिंग कर बंद कर दिया और उस पर ताला जड़ दिया। जब बारात वापस लौटी तो मुख्य द्वार की हालत देखकर सभी स्तब्ध रह गए। दूल्हा अपनी नवविवाहिता के साथ काफी देर तक घर के बाहर खड़ा रहा। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वेल्डिंग तुड़वाकर दरवाजा खुलवाया, जिसके बाद दुल्हन का गृह प्रवेश कराया गया। पीड़ित पक्ष ने मुं. अजहर और अनस फैज पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिश्तों की रंजिश में ऐसा कांड कि दुल्हन का गृह प्रवेश भी पुलिस की मौजूदगी में कराना पड़ा।

## एसपी ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षकों को दी भावुक विदाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले तीन उपनिरीक्षकगण संजीव कुमार, मिथिलेश कुमार मिश्रा एवं रामबहादुर को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर भावुक विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवा काल की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ किया है, जो अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार द्वारा भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके सेवा काल के अनुभवों को प्रेरणादायक बताया गया तथा उन्हें सम्मानित किया। विदाई समारोह में उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भी सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षकों के साथ अपने अनुभव साझा किए गए, जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सम्मानपूर्ण विदाई के लिए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अंत में सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का निरीक्षण



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के इंजीनियर से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने परिसर में साफ सफाई, सुरक्षा उपायों एवं साइट प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निर्धारित समय में ट्रामा सेंटर तैयार होने से जिले में आपात चिकित्सा को मजबूती मिलेगी और गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा।

## जनपद में 24 विभागों के साथ वन विभाग करेगा पौधों का रोपण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- जिलाधिकारी ने 10 दिवसों में गड्ढों की खोदाई प्रारम्भ करने, कब्जा मुक्त कराई भूमि को पौधरोपण के लिए तैयार करने के दिए निर्देश



कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी महोबा देवाशीष जेना द्वारा अगवत कराया गया कि विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष 2026-27 में पूरे प्रदेश में शासन के निर्देशानुसार 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है, जिसमें महोबा जनपद में 6906609 पौधों का रोपण वन विभाग व 24 अन्य विभागों द्वारा मिलकर किया जायेगा। वन विभाग द्वारा 3931000 पौधें वन क्षेत्रों में लगाये जायेंगे एवं अन्य विभागों द्वारा 2975609 पौधों का रोपण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिये गये है कि 10 दिवस अन्दर अन्य सभी वृक्षारोपण कार्यदायी विभाग अधिक से अधिक गड्ढ़ों का खुदान प्रारम्भ कर दें तथा स्थल चयन एवं गड्ढ़ा खुदान की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी को शीघ्र उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम्य विकास विभाग को निर्देश दिये गये कि विगत वर्ष के वृहद वृक्षारोपण स्थलों को पुनः सत्यापित कर लिया जाये तथा उन क्षेत्रों का स्थलीय सत्यापन करवाकर वहाँ पर सफलता सुनिश्चित की जाय। अपर जिलाधिकारी वि./रा., मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी महोबा, चरखारी एवं कुलपहाड़ को निर्देशित किया गया कि राजस्व ग्राम की बड़ी-बड़ी जमीनें जिन्हें कब्जा मुक्त कराया गया है, उन स्थलों को वृक्षारोपण हेतु तैयार किया जाय तथा उन पर वृहद वृक्षारोपण के तहत 1000-5000 पौधें अवश्य लगाये जाय तथा उनकी पर्याप्त सुरक्षा व्यस्था की जाय एवं सिंचाई की व्यवस्था अवश्य की जाय। साथ ही स्थानीय प्रजातियों के किन पौधों का रोपण वहाँ पर सफल होगा, इसकी कार्य योजना खण्ड विकास अधिकारी, राजस्व विभाग एवं रेंज अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे जनपद में लगभग 50 बड़े-बड़े स्थल चयनित किये जाय, जहाँ पर सुरक्षा एवं सिंचाई के साथ उच्च गुणवत्ता के वृक्षारोपण किये जाय, जिसका प्रभाव जनपद में दिखाई दें। वृक्षारोपण की आगामी बैठक 15 मई, को की जायेगी। बैठक में बलराम कुमार मुख्य विकास अधिकारी एवं देवाशीष जेना प्रभागीय वनाधिकारी, कुँवर पंकज अपर जिलाधिकारी( वि/रा), शिवध्यान पाण्डेय उप जिलाधिकारी महोबा, उप जिलाधिकारी चरखारी एवं कुलपहाड़ तथा समस्त अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण व वन परिवार उपस्थित रहा।

## सूचना

मेरे आधार कार्ड में पूर्व में मेरा सही नाम रामदेवी पत्नी राम सिंह दर्ज था। लगभग 2 वर्ष पूर्व कुछ लोगों ने श्रम कार्ड बनवाने के बहाने धोखे से मेरा अंगूठा लगवाकर मेरा नाम बदलकर सुनीता देवी दर्ज कर दिया। बाद में मुझे इसकी जानकारी हुई। मेरा सही नाम रामदेवी पत्नी राम सिंह है, जो अन्य सभी अभिलेखों में भी दर्ज है, मुझे अब रामदेवी नाम से जाना पहचाना जाए।

**रामदेवी पत्नी राम सिंह**
**निवासी-लोनि पुरवा मजरा अशोगापुर, नकहा, जिला-खीरी।**

# अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन, प्रशासन ने कराया सीमांकन व दिलाया कब्जा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे गुमान सिंह मजरे कोलवा गांव में राजस्व टीम ने किसान की जमीन का सीमांकन कर उसे कब्जा दिला दिया है।

गांव निवासी मो. रियाज ने बताया कि गाटा संख्या 403 उनकी पैतृक जमीन है, जिस पर गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया था।

इस संबंध में उन्होंने तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर जमीन का सीमांकन कर कब्जा दिलाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार राम जी द्विवेदी के निर्देशन में राजस्व टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक उमेश शाहू एवं लेखपाल रूबी ने जमीन की पैमाइश कर विधिवत सीमांकन किया और संबंधित को कब्जा दिला दिया। राजस्व निरीक्षक उमेश कुमार साहू ने बताया कि जमीन का सीमांकन कर कब्जा दिला दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उक्त जमीन पर दोबारा किसी द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिली है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश गया है।

## भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता एसडीएम की कार्यवाही से क्षुब्ध

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** तहसील हैदरगढ़ में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओ द्वारा शिकायत किये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी से वार्ता न करने का निर्णय लिया है।डीएम को पत्र लिखकर उनके स्थानांतरण की मांग की गई हैं। अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा ने बताया कि व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओ द्वारा कई बार लिखित ब मौखिक शिकायत की गई,फिर भी भ्रष्टाचार पर कोई लगाम नही लग सकी।जिससे अधिवक्ताओं द्वारा उपजिलाधिकारी का स्थानांतरण न होने तक उनकी कोर्ट पर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है।जिसको लेकर एसडीएम द्वारा पहले 24 अप्रैल और अब 30 अप्रैल को अधिवक्ताओं को वार्ता का न्यौता दिया गया परन्तु नाराज अधिवक्ताओं ने उनके साथ कोई भी वार्ता करने से इनकार कर दिया गया।

## सेवानिवृत्त होने पर बीडीओ को दी गई भावभीनी विदाई



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) अशोक कुमार गुप्ता के सेवानिवृत्ति अवसर पर एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवक केवल अपने पद से मुक्त होते हैं, जबकि सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सामाजिक जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता को माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी संघ के अध्यक्ष अश्वनी प्रताप सिंह एवं महामंत्री संजय कुमार राय ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री गुप्ता के कार्यकाल की सराहना की।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहाकि अशोक कुमार गुप्ता का समर्पित सेवा काल सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है।उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

# टीईटी अनिवार्यता की पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट की स्वीकार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी**



टीईटी अनिवार्यता प्रकरण में माननीय उच्चतम न्यायालय ने दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। अब इस महत्वपूर्ण मामले की अगली सुनवाई 13 मई को अपराह्न 2:00 बजे से ओपन कोर्ट में होगी। ज्ञात हो कि 1 सितंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाते हुए टीईटी को सेवा संबंधी अनिवार्य शर्तों से जोड़ दिया था। इस निर्णय के बाद देशभर के शिक्षक संगठनों ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से पुनर्विचार की मांग उठाई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इस मामले में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम हेगड़े के माध्यम से भी पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए 13 मई को ओपन कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए कहा कि यह न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय शिक्षकों के हितों और मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हुए न्यायसंगत निर्णय देगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

▸ सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान राजमार्गों पर अवैध रूप से बनाए गए कटों को बंद कराने, राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने, पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रवर्तन कार्यवाहियों को और अधिक सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों को समय से अद्यतन करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के प्रमुख चौराहों को यातायात की दृष्टि से अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाया जाए तथा सड़कों पर किए गए अतिक्रमणों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। साथ ही, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार एवं निवारण के कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गंगा एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रारंभ हो चुका है, अतः वहां भी सघन पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेसवे पर किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी अथवा अराजक गतिविधिया न हो यह सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित डीसीएम पलटी चपेट में आकर सास की मौत दामाद घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के जैदपुर बायपास-भानमऊ मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार सास-दामाद घायल हो गए। हादसे में सास की मौत हो गई, जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार करीब 3 बजे एक डीसीएम जैदपुर से भानमऊ की ओर जा रही थी। रास्ते में मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और डीसीएम बाइक सवारों के ऊपर पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों लोग वाहन के नीचे दब गए। तभी पीछे से आ रही डीसीएम उनके ऊपर पलट गई। हादसे के बाद किसी तरह मोनू ने अपनी सास को बाहर निकाला और राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# डीएम की अध्यक्षता में एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने जिले में नशीले पदार्थ की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा संचय नहीं होने हेतु पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। कृषि विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# आंधी में गिरा साइन बोर्ड 4 लोग गंभीर घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के अंतर्गत नंदमहर चौराहे पर तेज आंधी-तूफान के दौरान सड़क किनारे लगा साइन बोर्ड अचानक गिर पड़ा। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी पहचान शुभम मिश्रा पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम बहोरखा थाना मुसाफिरखाना, शिव पूजन पुत्र रामबली पांडे निवासी ग्राम सूबेदार का पुरवा नंदियावा थाना जामों, अहम दुबे पुत्र रिंकू दुबे तथा लक्ष्मी पुत्री रिंकू दुबे निवासी पंडित का पुरवा बेसरा पूरब थाना मुसाफिरखाना के रूप में हुई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# राजेश मसाला ने बढ़ाया मदद का हाथ अग्नि पीड़ितों को बांटे राशन किट

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

तहसील क्षेत्र अमेठी अंतर्गत ग्राम सराय हीरमती ग्राम सभा मोचवा में हाल ही में आग लगने की एक दुखद घटना सामने आई है। जिसमें कई गरीब परिवारों की झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं। इस हादसे में प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों द्वारा राहत कार्य शुरू किए गए। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने प्रतिष्ठान राजेश मसाला की ओर से पीड़ित परिवारों को राशन किट वितरित की ताकि उन्हें इस कठिन समय में राहत मिल सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन लोगों को सहायता प्रदान की गई, उनमें प्रमुख रूप से रामसेवक कोरी, रामप्रकाश कोरी, रामकिशोर कोरी, देवीदीन, बंसी लाल, मवीलाल, अमृत लाल, राजेश, सुभाष कुमार, बुद्धिलाल, रामप्रकाश, रामदुलारे, संजीव एवं कन्हैयालाल शामिल हैं। राहत



सामग्री मिलने के बाद पीड़ित परिवारों ने राजेश मसाला एवं राजेश अग्रहरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए इस कठिन समय में बेहद सहायक साबित हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### जन-आक्रोश महिला सम्मेलन के तहत निकाली गई रैली

**महाराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी लगातार कांग्रेस पार्टी पर हमलावर है और जन आक्रोश महिला सम्मेलन के द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। आज पहरेमऊ मंडल उपाध्यक्ष श्वेता सिंह के नेतृत्व में पहरेमऊ पंचायत घर से एक रैली निकाली गई जिसमें दर्जनों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई भाजपा महिला नेताओं द्वारा महिलाओं के अधिकारों पर




वार कांग्रेस है जिम्मेदार जैसे नारे लगाते हुए पहरेमऊ ग्राम पंचायत में रैली के माध्यम से जन आक्रोश महिला सम्मेलन के तहत प्रदर्शन किया। इस मौके पर आरती गुप्ता सुशील सिंह राजेंद्र मौर्य सुरेश मौर्य रामसुंदर यादव पप्पू गौतम सुदर्शन मौर्य सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# जिले में आंधी पानी से कहीं राहत तो कहीं आफत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में बुधवार को अचानक आए मौसम में बदलाव से लोगों को भारी तपन से तो राहत मिल गई है। वहीं आए तेज तूफान के कहर से पेड़ और बिजली पोल गिरने के साथ ही कई मकानो के क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ कई लोग घायल हुए हैं। जनपद में आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं के चलते जगह-जगह पर पेड़ गिर गए, वहीं कई विद्युत पोल और केबल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पेड़ और टिन शेड गिरने की घटनाओं में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासन और बिजली विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर हालात को सामान्य करने में जुटी हुई हैं।

# राजेश मसाला के प्रयास से आज से अमेठी में मिलेगा सिलेंडर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला का प्रयास रंग लाया है। आज एक मई से नगर अमेठी के उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों के लिए गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब गैस सिलेंडर की पर्ची बनवाने और वितरण की प्रक्रिया कस्बा अमेठी में संचालित की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार, गैस सिलेंडर की पर्ची बनवाने एवं वितरण का कार्य मानस भवन, रामलीला मैदान नगर पंचायत अमेठी कार्यालय के बगल से किया जाएगा। अब तक संचालित पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है। प्रशासन ने बताया कि नई व्यवस्था का उद्देश्य




उपभोक्ताओं को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और सुगम सेवा उपलब्ध कराना है। सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थान पर समय से पहुंचकर अपनी पर्ची बनवाएं और गैस सिलेंडर प्राप्त करें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रशासन ने नागरिकों से यह भी आग्रह किया है कि इस सूचना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि सभी उपभोक्ता नई व्यवस्था का लाभ समय पर उठा सकें।

# चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ चार चोर गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 5 मोटरसाइकिलों के साथ 4 अभियुक्तों नावेद पुत्र मैनुद्दीन निवासी तिलोई थाना मोहनगंज, बबलू पुत्र नकछेद निवासी चेतरा, छेद्दू उर्फ दन्दू पुत्र कन्हैया लाल निवासी पूरे विश्राम मजरे पाकरगांव व वीरेन्द्र पुत्र मोतीलाल निवासी चेतरा बुजुर्ग थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर दिखा न सके। अभियुक्तों के कब्जे व मौके से कुल 5 मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों



ने बताया कि वह सभी लोग एक दूसरे को जानते पहचाते हैं और सभी लोग मिलकर चोरी करते हैं। उन लोगों ने बताया कि अपाचे मोटरसाइकिल सं. यूपी 32 एमजेड 8974 को जनपद लखनऊ से, अपाचे मोटर साइकिल सं. यूपी 36 के 5495 को 29 अप्रैल को थानाक्षेत्र मोहनगंज चेतरा में आयी बरात से, हीरो मोटरसाइकिल सं. यूपी 36 एन 5281 को 29 अप्रैल को थानाक्षेत्र मोहनगंज के पूरे विश्राम मजरे पाकरगाँव से, हीरो सुपर स्पेलेण्डर बिना नम्बर प्लेट को रास्ते से एवं हीरो स्पेलेण्डर प्रो सं. यूपी 33 एई 5792 को थानाक्षेत्र मोहनगंज के तिलोई के कब्रिस्तान के पास से चोरी किये थे। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 15,000 रु नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सभी



विभागों के अधिकारी सड़कों की पटरी सुधार हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पटरियों की व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुये साफ-सफाई भी करायी जाये। सड़क के किनारे की झाड़ियों की भी सफाई करायी जाये, जिससे पर्याप्त दृश्यता बनी रहे। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्रीय राज्यमार्गो एवं अन्य प्रमुख मार्गो के किनारे का अतिक्रमण चिन्हित करते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जाये। प्रस्तावित चौराहों पर सिग्नल स्थापना संबंधी कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। एन0एच0 ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि डेथ ऑडिट के कार्यो निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए और सभी विभागों के अधिकारी डेथ ऑडिट के समय उपस्थित रहे। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

## शासन ने डीपीआरओ की जांच डीएम को सौंपी, एक सप्ताह में रिपोर्ट तलब

**सीतापुर।** जनपद में पंचायती राज विभाग में कथित भ्रष्टाचार के मामलों ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) निरीश चन्द्र शाहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए शासन स्तर तक शिकायत पहुंचाई, जिसके बाद अब शासन ने पूरे प्रकरण की जांच जिलाधिकारी (डीएम) सीतापुर को सौंप दी है। उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने डीएम को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक जांच आख्या प्रस्तुत की जाए। सुनील राजवंशी का आरोप है कि जनपद में पंचायती राज विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है और डीपीआरओ के संरक्षण में नियमों को दरकिनार कर मनमानी कार्यशैली अपनाई जा रही है।

# आईसीएसई-आईएससी परीक्षा में सीसीए का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**दसवीं में अमन राजपूत, इंटर में नंदिनी त्रिपाठी रहे टॉपर**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन-2026 के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित होते ही सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी के छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे। कक्षा 10 में सर्वाधिक 96.40 प्रतिशत अंक पाकर अमन राजपूत व कक्षा 12 में 98.50 प्रतिशत अंक पाकर नंदिनी त्रिपाठी ने टॉप किया।

नगर के सिटी चिल्डेन्स एकेडमी का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। आईसीएसई कक्षा 10 में 123 परीक्षार्थियों में से 13 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 36 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 में अपूर्वी राजावत ने 96.20, श्रेष्ठ शाक्य ने 95.80 प्रतिशत, अरमान अहमद ने 95.60 प्रतिशत, अवन्तिका चैहान ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आईएससी कक्षा 12 में कुल 114 में से 113 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 33 बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक व 75 बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे। कक्षा 12 में मयूरकान्त मिश्रा ने 98.25 प्रतिशत, आयुषी गुप्ता ने 97.75 प्रतिशत, करुणेश प्रकाश ने 97.75 प्रतिशत, अनुकल्प गुप्ता ने 97.00 प्रतिशत, दीक्षा राठौर ने 96.50 प्रतिशत, अर्चित गुप्ता ने 96.25 प्रतिशत, गीतांजली ने 96.00 प्रतिशत, साक्षी शुक्ला ने 95.75 प्रतिशत, आव्या त्रिपीठी ने 95.50 प्रतिशत एवं तनु यादव ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय प्रबंधक प्रदीप प्रधान, प्रशासिका सुधा प्रधान, सीईओ विश्वास प्रधान एवं मधु प्रधान ने सभी सफल परीक्षार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रिंसिपल नीरा प्रसाद के. ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होनें कहा ये बच्चों की मेहनत और कठोर परिश्रम से की गई पढ़ाई का नतीजा है, कि कालेज के बच्चों का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। वहीं देर रात तक बच्चों को मिठाई खिलाने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# वाटरमेलन पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में आयोजित वाटरमेलन पार्टी में बच्चों ने जम कर धमाल मचाया। इस अवसर पर विद्यालय को तरबूज के कटआउट से सजाया गया। प्री प्राइमरी के नन्हे बच्चों ने हरे लाल रंग के वस्त्रों में सुसज्जित होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। सभी बच्चों ने नाच गाने के साथ साथ रसीले मीठे तरबूजों का सेवन किया। प्रधानाचार्या अल्का गुप्ता ने बच्चों को तरबूज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तरबूज गर्मियों के प्रमुख फलों में से एक है और इसका सेवन बच्चों के लिए अत्यंत लाभदायक है।उन्होंने बताया कि तरबूज में 80-90 प्रतिशत पानी होता है जो इसे हाइड्रेशन के लिए उत्कृष्ट बनाता है। संस्था की चेयरपर्सन विभारानी सक्सेना ने कहा कि बच्चों के लिए मौसमी फलों का सेवन बहुत आवश्यक है।

उन्होंने ये भी बताया कि तरबूज में विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम और मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है। मैनेजर हिमांशु सक्सेना ने कहा कि इसमें लायकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो इसे लाल रंग देता है और कैंसर, हृदय रोग और आंखों की बीमारियों के जोखिम को कम करने में सहायक है।इसलिए बच्चों एवं वयस्कों सभी को इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर वंशिका, नेहा, जारा, प्रियंका, आरती, शीतल आदि शिक्षकाएं उपस्थित रही।

# पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों ने किया प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

**स्थानीय बोले, ऊपर की मंजिल में नहीं पहुंच रहा है पानी**

नगर के फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों में रहने वाले परिवारों को पानी की आपूर्ति न होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पानी की समस्या से परेशान कॉलोनी वासियों ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की और नगर पालिका प्रशासन से जलापूर्ति सुचारू करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनी की ऊपरी मंजिलों पर पिछले काफी समय से पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहीं निचले फ्लोर पर भी पानी का दबाव बेहद कम है। पानी न आने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए करीब 400 से 500 मीटर दूर स्थित हैंडपंपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में दूर से पानी ढोना महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। लोगों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। विरोध प्रदर्शन के दौरान आसिफ हुसैन, छुट्टन, फैयाज, बलदेव सिंह भदोरिया, खुशनूर, नफीसा बेगम, फरजाना, रूबी, रिजवाना, शबाना, फराना, नरगिस, वसीमा, सबीना, बेबी, किरन, हुसना बेगम और पप्पी ने नगर पालिका से गुहार लगाई कि पाइपलाइन और सप्लाई की जांच कराकर जल्द से जल्द पानी की समस्या को दूर किया जाए ताकि लोगों को इस तपती गर्मी में राहत मिल सके।



## दवा व्यवसायी पवन गुप्ता बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सभासद नरेंद्र शर्मा ने नगर के मोहल्ला बस्तीराम निवासी दवा व्यवसायी पवन गुप्ता (राहुल एजेंसीज रिटेल शॉप) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक मुनीष कुमार गुप्ता ने रामपुर बैजू गांव निवासी अभिषेक को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। दोनों पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंप कर उनसे संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव कुलदीप यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव संदीप शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महिला की हालत गंभीर, पांच दिन से अस्पताल में भर्ती

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** करीब पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुई एक अज्ञात महिला जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। उसे एंबुलेंस के माध्यम से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने देर रात कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना भेजी, क्योंकि महिला अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। महिला की स्थिति चिंताजनक होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया, लेकिन उसके साथ कोई परिजन या परिचित न होने के कारण उसे भेजा नहीं जा सका। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि ऐसी स्थिति में पुलिस की मदद जरूरी थी, जिसके लिए 26 अप्रैल को सूचना दी गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पिछले पांच दिनों से महिला अस्पताल में ही भर्ती है, जहां उसका नियमित उपचार और देखभाल की जा रही है।



# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार द्वारा आज जिला कारागार कन्नौज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, निरुद्ध बंदियों की सुविधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी बैरकों का भ्रमण कर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश एवं मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश पूर्णतः रोका जाए तथा सुरक्षा जांच की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि कारागार में प्रवेश करने वाले प्रत्येक नए बंदी का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाए, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति का समय से आकलन हो सके। जेल अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि कारागार की नियमित रूप से चेकिंग की जाती है तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि कारागार की नियमित निगरानी बनाए रखी जाए, निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर सतत सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।

# जेल का निरीक्षण कर डीएम-एसपी ने बंदियों का जाना हाल



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, निरुद्ध बंदियों की सुविधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी बैरकों का भ्रमण कर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश एवं मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश पूर्णतः रोका जाए तथा सुरक्षा जांच की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि कारागार में प्रवेश करने वाले प्रत्येक नए बंदी का अनिवार्य रूप से चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाए, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति का समय से आकलन हो सके। एसपी ने निर्देश दिए कि कारागार की नियमित निगरानी बनाए रखी जाए, निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर सतत सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए।

**जेल की सुरक्षा व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता को भी परखा**

## जेल में नेत्र व दंत परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**जलालाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला कारागार में नेत्र व दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज नरेंद्र कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। शिविर में 127 बंदियों के आंख व दांत की जांच की गई। इस दौरान बंदियों को निशुल्क चश्मे, दवाएं व आई ड्रॉप्स वितरित किए गए। साथ ही 32 बंदियों को चश्मे और 37 को दंत उपचार हेतु दवाएं दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरके सिंह, सचिव अनुजा सिंह, प्रभारी जेल अधीक्षक सूबेदार यादव, अपर्णा फाउंडेशन के निदेशक अमिताभ गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला सहित जेल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**लखनऊ विधायकों को मांग पत्र सौंपने जा रहे थे प्रधान**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के आवाहन पर लखनऊ जा रहे प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया जिससे जिला अध्यक्ष प्रधानों के साथ लखनऊ रवाना नहीं हो सके। गुरुवार को बैठक में डॉ चंद्रकांत यादव जिला अध्यक्ष प्रधान संघ के नेतृत्व में 10 प्रधानों का काफिला लखनऊ बैठक में शामिल होने के लिए सुबह रवाना होना था लेकिन गुरसहायगंज पुलिस ने प्रधान संख्या जिला अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रकांत यादव को लगभग रात 1:00 बजे हाउस अरेस्ट कर लिया इस मौके पर प्रधान बाबरपुर कप्तान सिंह कठेरिया प्रधान रोहतमाई मनोज कुमार प्रधान तेरा जैकेट रामनिवास राजपूत प्रधान सांगुरा प्रधान नागेंद्र यादव नंदलालपुर अजय पाल प्रधान करमुल्लापुर आशीष पटेल प्रधान तिसौली सूरज वर्मा प्रधान बिरौली गांधी प्रधान गुलरिया कृष्ण कुमार प्रधान पूरा भोज विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रकांत ने कहा कि समय पर चुनाव होना अब असंभव है तो प्रशासन प्रशासक ना नियुक्त किए जाएं प्रधानों का कार्यकाल ही बढ़ाया जाए यदि इस पर सरकार विचार नहीं करती है तो प्रधान संघ एक आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा इन्हीं परिस्थितियों में मध्य प्रदेश राजस्थान और उत्तराखंड में प्रधानों का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार की अभी भी स्थिति साफ नहीं है जिसका प्रधान संगठन पुरजोर विरोध करता है।



गुरसहायगंज कन्नौज अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में ग्राम प्रधानों से सम्बन्धित परिस्थितियाँ अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं चिंताजनक बनी हुई हैं। इसी क्रम में संगठन की आगामी रणनीति तय करने, आपसी विचार-विमर्श (मशवरा) करने तथा एकजुट होकर आगे की कार्ययोजना बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक आयोजित की जा रही है। 30 अप्रैल को विधानसभा सत्र आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश के समस्त माननीय विधायकगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बैठक उपरान्त हम सभी विधायकगणों को संगठन की ओर से मांगपत्र सौंपेंगे, ताकि हमारी समस्याओं एवं मांगों को प्रभावी ढंग से शासन तक पहुँचाया जा सके।

# धूमधाम से मनाया गया बौद्ध का जन्मदिवस

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हम सभी लोग बहुत ही भाग्यशाली हैं विश्व को शांति का संदेश देने वाले महामानव तथागत बुद्ध ने भारत देश में जन्म लिया और भारत देश को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई।

यह विचार भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर कन्नौज के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने प्रकट किये। गुरुवार को भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया उसके बाद महामानव तथागत बौद्ध को जन्मदिन बडे ही धूमधाम से मनाया गया बौद्ध के चित्र पर समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने श्रद्धसुमन सुमन अर्पित किये साथ ही बौद्ध के जीवन व उनके द्वारा समस्त मानव जाति के जीवन में शांति के मार्ग पर चलकर अपने दुखों का निवारण कर सकते हैं सभी उपदेशों पर प्रवेश कुमार राजीव कुमार दिव्य दीपक दीक्षित आदि ने प्रकाश डाला।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बौद्ध के द्वारा बताया की कैसे सम्पूर्ण विश्व की मानव जाति को एक ही उपदेश में समझा दिया की अपः दीपो भव जब तक आप स्वयं प्रकाशित नहीं होते हैं तब तक किसी को भी प्रकाशित नहीं कर सकते हैं यही सिद्धांत छात्र छात्राओं पर भी लागू होता है क्योंकि शिक्षा रूपी प्रकाश के द्वारा स्वयं एवं दूसरों को भी प्रकाशित कर सकते हैं। योगेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य ने बताया की हम सब सौभाग्यशाली हैं कि विश्व को शांति का संदेश देने वाले महामानव तथागत बुद्ध ने भारत देश में जन्म लिया और देश की विश्व में पहचान दिलाई। इससे पहले विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने महान मानव तथागत बुद्ध के चित्र पर फूड माला अर्पण कर उन्हें नमन किया इस मौके पर छात्र- रिया शर्मा, नैन्सी ,दिव्य शाक्य, काजल, अभिषेक राजपूत ,रिचा आर्यन यादव, करन मिश्रा, खुशी देवी ,रामजी प्रजापति, स्वेता मिश्रा यश प्रताप, काव्य तिवारी , दिव्यांशी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मृदा उर्वरता बढ़ाना तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग जरूरी : डॉ. कनौजिया

**किसान पंजीकरण शिविर में किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की दी सलाह**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शिविर में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिकगण

बेहतर फसल उत्पादन के लिए मृदा का स्वस्थ होना और उसमें पर्याप्त पोषक तत्वों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग कन्नौज के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड जलालाबाद के अंगीकृत गांव पचपुखरा में संतुलित उर्वरक प्रयोग सघन अभियान के तहत हरी खाद बीज हेतु किसान पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में केंद्र के अध्यक्ष डॉ. वी.के. कनौजिया ने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आलू की फसल में प्रति एकड़ 90 से 100 किलोग्राम डीएपी, 70 किलोग्राम एमओपी तथा 40 से 45 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग बुवाई के समय करना चाहिए। साथ ही वर्षा के दौरान खेतों की मेड़ों को मजबूत करने और हरी खाद व जैविक पदार्थों के उपयोग पर जोर दिया। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने किसानों को जैव उर्वरकों के अधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट, नाडेप खाद, जीवामृत एवं घन जीवामृत के उपयोग के फायदे बताए। साथ ही ताजे गोबर को टैंक में दो दिन रखने के बाद पानी के साथ खेत में प्रवाहित करने तथा मक्का के अवशेषों के उचित प्रबंधन पर विशेष बल दिया।

वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने डिकंपोजर के प्रयोग, पत्तियों से खाद बनाने और जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. अभिमन्यु ने जैविक विधि से कीट प्रबंधन के उपाय बताए, जबकि डॉ. सुशील कुमार ने मृदा में कार्बनिक पदार्थ बढ़ाने के अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर एडीओ एजी प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार और प्रभारी बीज भंडार विमलेश कुमार ने किसानों का पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में 60 से अधिक किसान एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्मार्ट मीटर समस्या पर भाजपाइयों ने किया घेराव

**कन्नौज।** स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एक्सईएन कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और फोन के माध्यम से एक्सईएन से वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। भाजपाइयों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर में लगातार बैलेंस माइनस हो रहा है, जिससे बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक के बावजूद पहले से लगे मीटरों की खामियां दूर नहीं की जा रही हैं।

# विद्यालयों के शिक्षकों का जनसंपर्क अभियान तेज, प्रवेश पर बल

**अमीर हम्ज़ा शिव सिंह यादव ने किया प्रवेश के लिए जनसंपर्क**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गांधीनगर, गुरसहायगंज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय प्रबंधन ने इस बार नामांकन को लेकर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है, ताकि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालय के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने नए सत्र के प्रवेश को लेकर कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ एडमिशन करना नहीं है, बल्कि हर अभिभावक तक यह संदेश पहुंचाना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अब हर बच्चे का अधिकार है। इसी सोच के साथ हमने कक्षा 6, 7 और 8 को पूर्णतः निःशुल्क कर दिया है। स्कूल चलो अभियान और मिशन कर्मयोगी की भावना के अनुरूप हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल की दहलीज तक पहुंचें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि जो भी माता-पिता अपने बच्चों का कक्षा 6, 7 या 8 में निःशुल्क प्रवेश कराना चाहते हैं, वे तुरंत विद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें, क्योंकि सीटें सीमित हैं। बालिका शिक्षा पर विशेष फोकस प्रबंधक ने बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस साल ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ड्ड÷हमने तय किया है कि विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं से बोर्ड परीक्षा शुल्क छोड़कर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। कॉपी-किताब, ड्रेस या मासिक फीस - सब पूर्णतः माफ रहेगी। बेटियों को पढ़ाना ही असली राष्ट्र निर्माण है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा 9, 10, 11 और 12 में भी नए प्रवेश लिए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकगण, अनुशासन, संस्कार व आधुनिक शिक्षा का समन्वय और साफ़ आर.ओ. का पीने का पानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किया गया है। प्रबंधक ने जोर देकर कहा, नया सत्र हमारे लिए नया संकल्प है। हम घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करेंगे। शिक्षा का अधिकार कानून को जमीन पर उतारना ही हमारा कर्मयोग है। मैं सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह करता हूं कि अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए आज ही मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में प्रवेश अवश्य करवाएं।

## बेटी ने ओलम्पियाड में पहला स्थान पाकर बढ़ाया मान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले की एक बेटी ने ओलम्पियाड में शानदार प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिकंदरपुर क्षेत्र के चंदरपुर गांव निवासी अनुराज सिंह चौहान ने एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित ओलम्पियाड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेशे से किसान अभिमन्यु सिंह और अधिवक्ता संगीता सिंह की बेटी अनुराज केवीएस इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा है। उसने हजारों प्रतिभागियों को पीछे छोड़ जिले में पहला स्थान हासिल किया। हरदोई स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में अनुराज को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका जोरदार स्वागत किया। अनुराज का सपना आगे चलकर जज बनने का है। उसके इस लक्ष्य को पूरा करने में परिवार भी पूरा सहयोग कर रहा है। बेटी की इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है।

# रोटरी क्लब शौर्य के सहयोग से हुआ निशुल्क दंत परीक्षण

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के तत्वाधान में, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा के निर्देशानुसार जिला कारागार कन्नौज में स्वयंसेवी संस्था अपर्णा फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब शौर्य के सहयोग से निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कुल 127 बंदियों का नेत्र एवं दंत परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क चश्मे, दवाइयाँ एवं आई ड्रॉप्स वितरित किए गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत पुनीत कार्य है तथा ऐसे बंदियों को, जिनके परिजन सहयोग नहीं कर पा रहे हैं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आर.के. सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अनुजा सिंह, अपर्णा फाउंडेशन के निदेशक अमिताभ गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला, कारागार अधीक्षक सूबेदार यादव, डिप्टी जेलर अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कारागार में शिविर के पश्चात आम जनमानस के लिए भी कारागार परिसर के बाहर नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला महिला का शव, ससुराली फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का फांसी पर लटका मिला शव और ससुरालीजन मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मौके पर पहुंचे मायके वालों ने महिला की हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी तक पुलिस को कई घंटे तक शव नहीं उठाने दिया। सूचना सीओ भी पहुंच गये और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया, जिसके बाद परिजन मान गये और पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर किया हंगामा

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरौली के मजरा ठ्यूरिया निवासी 32 वर्षीय रेणु देवी पत्नी सुधीर कुमार ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना मृतका की 10 वर्षीय पुत्री मुस्कान ने फोन द्वारा अपने मामा संजय कुमार को दी। बहन की मौत की सूचना पाकर भाई संजय कुमार ने नवाबगंज की पीआरबी डायल112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरबी डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और सूचना उच्चाधिकारियों को दी। हल्का


मृतका का फाइल फोटो

के दरोगा सूचना पाकर सत्यनारायण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन मृतक के ससुरालजन सभी लोग घर से फरार हो गए थे। वहीं ढाई बजे मायके पक्ष भाई संजय कुमार तथा पिता लालाराम बड़ी संख्या में परिजनों के साथ पहुंचे। पिता लालाराम तथा भाई संजय कुमार के बताएं मुताबिक मृतक की बहन एक दीवार में घड़ी खूंटी में कपड़े के फंदे पर लटकी थी और ससुरालजन फरार हो गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने फील्ड यूनिट फॉरेंसिक टीम को सूचना दी। सुबह पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया। वहीं मृतक्षा रेणु देवी की 10 वर्षीय पुत्री मुस्कान ने आरोप लगाते हुए बताया कि रात में ही उसके पिता सुधीर कुमार तथा चाचा ने उनकी मां को मारकर फांसी पर लटका दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव टाडा बहरामपुर निवासी संजय कुमार ने अपनी बहन की मौत के हत्या का आरोप लगाकर बताया कि उन्होंने अपनी बहन की शादी सुधीर कुमार पुत्र सर्वेश कुमार के साथ 8 मई 2014 को पिता लालाराम ने अपने समर्थ के अनुसार दान दहेज देकर की थी। ससुरालीजन आये दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। बीती रात ससुरालियों ने बहन के साथ मारपीट की और हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पीड़ित भाई ने आरोपी बहनोई सुधीर कुमार पुत्र सर्वेश कुमार, अवधेश पुत्र रणधीर, सुदेश कुमार पुत्र सर्वेश के विरुद्ध तहरीर दी। परिजनों ने शव को नहीं उठाने दिया। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन नहीं माने। दोपहर 11:30 बजे सीओ वहां से चले गये। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने आरोपियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन शांत हो गये। हल्का इंचार्ज सत्यनारायण ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

जरियनपुर हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अमृतपुर में तिवारी कोल्ड स्टोर के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार मिस्त्री ओमवीर पुत्र रामपाल अमृतपुर से कुमरौर समरसेबल ठीक करने जा रहे थे। उसी समय सामने से आ रही बाइक जिसे प्रदीप पुत्र राकेश निवासी गुजरपुर पमारान चला रहे थे। साथ में उनकी पत्नी सोनी पुत्र पुरुषोत्तम उम्र 6 वर्ष भी बैठे हुए थे। दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़न्त हो गई। जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। चंद कदम की दूरी पर पुलिस थाना मौजूद है, जहां से थाना इंचार्ज इंद्रजीत अपने साथियों के साथ पहुंचे और उन्होंने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।


एंबुलेंस में मौजूद घायल

लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर पुलिस एवं क्षेत्रीय लोगों ने चिंता जाहिर की है। इन सभी का कहना है कि लापरवाही और तेज रफ्तार से चल रहे वाहनों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है।

# बीडीओ ने की सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा


बैठक लेते बीडीओ मौजूद सचिव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विकासखंड कार्यालय परिसर में विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान ने सभी ग्राम पंचायत के सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंचायत में कूड़ा कलेक्शन शुल्क जमा करने के शत-प्रतिशत निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए जिन लोगों के आवास स्वीकृत हो गए हैं, उनके जल्द से जल्द जॉब कार्ड जारी करने के लिए एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर को निर्देश दिए। एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार को ग्राम पंचायत में दिव्यांग, बेसहारा, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन, शत-प्रतिशत लाभार्थियों को दिलाने का काम करने के लिए निर्देश दिए। क्षेत्र में चल रहे महिला समूह के बारे में भी ब्लॉक मिशन मैनेजर से जानकारी की।

तथा ग्राम पंचायत के सचिवों से अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की। शिकायतों के निस्तारण के लिए सभी को अभिलंब निर्देशित करते हुए जल्द से जल्द समस्याएं निस्तारण करने की बात कही। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, वेदप्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, कुलदीप राजपूत आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने लापरवाह दो लेखपालों को हटाया व तीन का रोका वेतन

## लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के कार्यों में धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार जनपद में प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना हेतु भूमि क्रय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप भूमि क्रय कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे जैसी महत्वपूर्ण एवं जनहित से जुड़ी परियोजना में किसी


बैठक लेती डीएम

भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित राजस्व कार्मिकों को अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रगति में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए 02 लेखपालों-सौरभ पांडेय एवं अतुल प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से भूलेख कार्यालय से संबद्ध (अटैच) कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त 03 लेखपालों, विकास दीक्षित, सुभाष चंद्र एवं सत्येंद्र गंगवार, का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भूमि क्रय की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना जनपद के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी, निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। अतः सभी संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

## बाइक चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी अभिलाख सिंह पुत्र गुलजारी ने बाइक के अज्ञात चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 8 अप्रैल समय लगभग शाम 5 बजे पुत्र राजकुमार उर्फ गुड्डू अपने साले सुबोध पुत्र उपधेश निवासी ग्राम नगला समई थाना मोहम्मदाबाद के साथ घर आ रहा था। गनेशपुर चौराहे पर बाइक खड़ी कर सुबोध कुछ सामान लेने लगा और हमारा पुत्र बाइक के पास खड़ा था, उसी समय बाइक नंबर 25 बीएच 4057 एम के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पुत्र के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार हेतु कानपुर हैलट ले गए। वहां से पारस हास्पिटल ले जाया गया। जहां 27 अप्रैल को उपचार के दौरान मेरे पुत्र राजकुमार उर्फगुड्डू की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# डीएम ने गेहूं खरीद केंद्र सातनपुर का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में खाद्य विभाग द्वारा संचालित गेहूँ क्रय कार्य की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने राजकीय गेहूँ खरीद केंद्र सातनपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र पर रखे अभिलेखों का गहन परीक्षण किया। जिसमें टोकन रजिस्टर, क्रय पंजिका एवं बोरा रजिस्टर आदि शामिल रहे। अभिलेखों के अवलोकन में पारदर्शिता एवं अद्यतन प्रविष्टियों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित डिप्टी आर.एम.ओ. द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्तमान तक केंद्र पर कुल 40 किसानों से 2828 कुंतल गेहूँ की


अभिलेख चेक करती डीएम

खरीद की जा चुकी है, जिसमें से 38 किसानों का भुगतान उनके खातों में किया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि क्रय पंजिका में सभी किसानों के मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज किये जाएं, ताकि किसी भी स्थिति में किसानों से त्वरित संपर्क स्थापित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वयं की उपस्थिति में गेहूँ के नमूने की नमी की जांच कराई गई तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटे की शुद्धता भी परखी गई।

उन्होंने गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गेहूँ क्रय में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए तथा किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## शैक्षिक महासंघ प्रभारी निरीक्षक से मिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी प्रभारी निरीक्षक फतेहगढ़ से शिक्षकों पर दर्ज किये गये फर्जी एनसीआर के मामले में मिलकर पक्ष रखा। प्रभारी निरीक्षक द्वारा पीड़ित पक्ष का प्रार्थना पत्र को दर्ज किये बगैर शिक्षक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका को ही दोषी मान लिया गया एवं एनसीआर दर्ज कर दी गयी। जिससे कि शिक्षकों में आक्रोश है एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा यह कहा गया है कि पीड़ित पक्ष के प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इस दौरान पीयूष कटियार, प्रमोद कुमार, अतुल मराल, मजहर मो0, नरेन्द्र, प्रवेश कटियार, प्रमोद दीक्षित, पंकज यादव, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, धीरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक बच्चों को प्राइवेट विद्यालय में दाखिला कराने के लिए कर रहे प्रेरित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के लाख प्रयासों के बाद शिक्षा के दुश्मन बने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक छात्रों के टीसी न देकर प्राइवेट विद्यालयों में एडमिशन कराने के लिए छात्रों को प्रेरित कर रहे है। विकासखंड क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय के सभागार में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा लगातार शिक्षकों के साथ मासिक बैठक कर शत- प्रतिशत नामांकन, प्रेरणा पोर्टल पर आरबीटी में बच्चों को इंपोर्ट करना तथा बच्चों के दिनचर्या आदि के बारे में बताना। शनिवार के दिन बच्चों को स्कूल बैग ना लाकर के खेलकूद तथा अन्य क्रियो के बारे में बताना, शारदा ऐप पर बच्चों को शिक्षा देने आदि के बारे में बैठक की जाती हैं। वहीं परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और प्राइवेट विद्यालय में जाने के लिए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक ही छात्र-छात्राओं को मजबूर कर रहे हैं। जिसके चलते अभिभावकों ने तथा कई प्रधानाध्यापकों ने मांग करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नया गनीपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार पाल कक्षा 5 के बच्चों को टीसी सर्टिफिकेट नहीं दे रहे हैं। अभिभावक विद्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन प्रधानाध्यापक के द्वारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट न दिए जाने से अभिभावकों तथा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में भी आक्रोश है। खंड शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि कई बार ट्रांसफर सर्टिफिकेट बच्चों का मांगने पर अभिभावकों तथा बच्चों को विद्यालय के चक्कर कटवा रहे हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ऐसे शिक्षक जो कि परिषदीय विद्यालयों में शासनादेश के अनुसार छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं दी जाती हैं और वह मूलभूत सुविधाएं प्रकार कक्षा 5 की पढ़ाई पूर्ण कर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एडमिशन लेना चाहते हैं, लेकिन शिक्षकगण बच्चों को गुमराह कर प्राइवेट विद्यालय में जाने के लिए बात कर रहे हैं, ऐसा कृत्य शिक्षकों द्वारा एक निंदनीय कृत्य है, जिसके लिए वह अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे।

# रिश्वत लेते कानूनगो का विडियो वायरल,हड़कंप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कायमगंज में तैनात कानूनगो विजयपाल का कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद तहसील में हड़कंप मच गया। वायरल हो रहे वीडियो में कथित रूप से कानूनगो विजयपाल किसी हिस्सेदारी (हिस्साकसी) से जुड़े प्रमाण पत्र के एवज में रुपए लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह एक रजिस्टर में कुछ लिखते हुए पास खड़े लोगों से बातचीत कर रहे हैं। बातचीत के दौरान निफाज (हिस्साकसी) का जिक्र भी सुनाई देता है। विडियो के अंतिम हिस्से में एक व्यक्ति द्वारा उन्हें रुपए देते हुए और विजयपाल द्वारा पैसे अपनी शर्ट की जेब में रखते हुए भी दिख रहा है। हालांकि, इस वायरल विडियो की समृद्धि न्यूज पुष्टि नहीं करता है, लेकिन इसके सामने आने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। मामले को


रिश्वत लेते कानूनगो

लेकर जब एसडीएम अतुल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विडियो उनके संज्ञान में आज ही आया है। उन्होंने कहा कि वायरल विडियो की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

# डीएम ने आलू खरीद केंद्र का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना के अंतर्गत बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत संचालित आलू खरीद केंद्र, मण्डी समिति सातनपुर का जिलाधिकारी डॉ0अंकुर लाठर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर उपस्थित जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह से आलू क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं, खरीद प्रक्रिया एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तृत


आलू खरीद केंद्र का निरीक्षण करती डीएम

जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्रय केंद्र पर उपस्थित कृषकों से संवाद स्थापित कर बाजार में आलू के वर्तमान मूल्य की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। डीएम ने कृषकों से अपील की कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप ही आलू को क्रय केंद्र पर लेकर आए। जिससे अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल सके और उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत किसानों को पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है। डीएम ने दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए। किसानों के पंजीकरण हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे के साथ एपीआई/एग्री स्टैक एकीकरण के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग अनिवार्य है। यदि स्वचालित डेटा के आधार पर फसल सत्यापन संभव न हो, तो पारंपरिक सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों का राज्य पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। फेयर एवरेज क्वालिटी मानक के अनुरूप ग्रेडेड आलू का क्रय निर्धारित दर 650.09 प्रति कुन्तल की दर से सीधे किसानों से किया जाएगा। एफएक्यू गुणवत्ता की पुष्टि जिला उद्यान अधिकारी द्वारा की जाएगी। इसके अंतर्गत आलू का आकार 45 मिमी से 85 मिमी व्यास के बीच होना चाहिए। आलू साफ, मिट्टी रहित, ठोस, परिपक्व एवं रोगमुक्त होना चाहिए। कटा, फटा, हरा, सड़ा-गला अथवा धूप से प्रभावित आलू स्वीकार्य नहीं होगा। केवल छंटाई एवं ग्रेडिंग किए गए आलू का ही क्रय किया जाएगा। क्रय किए गए आलू का भुगतान सीधे संबंधित कृषक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्र पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को अधिकतम लाभ दिलाना प्राथमिकता है।

# डीएम ने बाढ़ नियंत्रण एवं राहत कार्य तैयारी की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें बाढ़ नियंत्रण एवं राहत कार्यों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बाढ़ से निपटने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर उसे 24वाई7 संचालित रखा जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों की स्थापना कर निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बाढ़ आश्रय स्थलों की स्थापना एवं वहां साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नावों, नाविकों एवं गोताखोरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही उनकी तैनाती संवेदनशील स्थानों पर प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पेयजल, खाद्यान्न, डीजल एवं मिट्टी के तेल की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने पर जोर दिया गया। पशुपालन विभाग को पशुओं के टीकाकरण एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को संभावित आपदाओं के मद्देनज़र चिकित्सा टीमों एवं


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित एजेंसियों को संपर्क मार्गों एवं सड़कों की मरम्मत एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही, विद्युत विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं करने को कहा गया। परिवहन व्यवस्था को भी सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए, जिससे राहत एवं बचाव कार्यों में कोई बाधा न आए। बैठक में पीएसी, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की तैनाती एवं उनकी तत्परता की भी समीक्षा की गई। आवश्यकता पड़ने पर इन बलों की सहायता से राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बाढ़ से विस्थापित विद्यालयों के संचालन हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। बाढ़ निरोधक कार्यों के अंतर्गत तटबंधों की सुरक्षा, कटान संभावित स्थलों की पहचान एवं आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ निरीक्षण कार्यों के दौरान आवश्यक सामग्री समय से कार्यस्थल पर उपलब्ध कराई जाए तथा क्षतिग्रस्त स्थलों की तत्काल मरम्मत हेतु मजदूरों एवं संसाधनों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बाढ़ निरोधक कार्यों की सुरक्षा के लिए आवश्यकतानुसार पीएसी, पुलिस या होमगार्ड्स द्वारा नियमित पेट्रोलिंग कराई जाए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां रात्रि के समय कार्य की आवश्यकता हो, वहां पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके। बैठक में संभावित कटान से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष चर्चा की गई तथा विगत तीन वर्षों में बाढ़ के दौरान आई समस्याओं एवं चुनौतियों का विश्लेषण कर उनके समाधान हेतु प्रभावी रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं धनहानि को न्यूनतम किया जा सके।

# जमीन का हिस्सा मांगने पर पिता व सौतेले भाई ने दंपत्ति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन का हिस्सा मांगने पर पिता तथा सौतेले भाई ने युवक व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव राजारमपुर मेई निवासी अमजद खान पुत्र जम्मू खान ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया बीती रात वह पीड़ित अपनी पत्नी साइन बेगम को डांट रहा था और घर में हिस्से को लेकर बात चल रही थी। जिस पर आए पिता जम्मू खान ने गाली-गलौज करने लगे।

जब पीड़ित ने गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त पिता जम्मू खान तथा सौतेले भाई ने पीड़ित को लाठी-


घायल युवक

डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी साइन बेगम को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित दंपत्ति का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# 55वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ में बालक वर्ग हेतु आयोजित तीन दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग के 18 केन्द्रीय विद्यालयों से आए हुए 179 प्रतिभागियों ने निशानेबाज़ी, मुक्केबाज़ी एवं कबड्डी से संबंधित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागिता सुनिश्चित की। निशानेबाजी एवं मुक्केबाज़ी हेतु प्रतियोगिता हुई थी, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता 30 अप्रैल को संपन्न हुई। कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत लखनऊ संभाग के 11 केंद्रीय विद्यालयों- केंद्रीय विद्यालय, एनटीपीसी, दिबियापुर, केंद्रीय विद्यालय अयोध्या कैंट, केंद्रीय विद्यालय, एएफएस चकेरी कानपुर, केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ प्रथम एवं द्वितीय पाली, केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, केंद्रीय विद्यालय हरदोई, केंद्रीय विद्यालय नानपारा बहराइच, केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़, केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली से आई हुई टीमों के मध्य अंडर-14 एवं अंडर-17 आयु वर्ग के अंतर्गत विभिन्न मैच खेले गए। 28 अप्रैल को आरंभ हुई स्पर्धाओं की श्रृंखला में प्रतियोगिता के अंतिम दिवस 30 अप्रैल को प्रातःकाल अंडर-14 एवं अंडर-17 आयु वर्ग हेतु फाइनल मैच आयोजित किए गए। अंडर-14 आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय हरदोई ने केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली द्वितीय स्थान पर रहा। केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ ने केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ द्वितीय पाली को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व विजेता खिलाड़ी

अंडर-17 आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ ने केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ द्वितीय पाली को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ द्वितीय पाली द्वितीय स्थान पर रहा। दूसरा मैच केंद्रीय विद्यालय हरदोई एवं केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली के मध्य आयोजित हुआ, जिसमें केंद्रीय विद्यालय हरदोई ने जीत हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, शराफत अली नेशनल रेफरी के मार्गदर्शन में निर्णायक मंडल सुरेश सिंह, सीपी शुक्ला, अनूप शुक्ला, विमलेश कुमार, क्षमा रानी, सुनील पाल, सपना देवी, अजय मिश्रा, केशव गंगवार ने समस्त प्रतियोगिताओं का खेल की गरिमा एवं निर्धारित मानकों के अनुसार निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित किया। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा नियुक्त तकनीकी पर्यवेक्षक संदीप ओझा एवं धर्मेन्द्र सिंह रावत ने प्रत्येक गतिविधि का सूक्ष्म निरीक्षण किया एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संपूर्ण आयोजन में केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ के क्रीड़ा शिक्षक दीप चंद की भूमिका रही। द्वितीय सत्र में समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं स्थल प्राचार्य वी0 अरोरा ने विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने समस्त प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्साह, अनुशासन, सकारात्मकता एवं खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। अर्चना सिंह एवं ज्योति श्रीवास्तव ने संचालन किया। उप प्राचार्य बीरम पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महाकाल मंदिर में भगवान नरसिंह जन्मोत्सव पर हुई विशेष पूजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्री महाकाल मंदिर पांचाल घाट में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के अवसर पर भगवान विष्णु के चौथे अवतार नरसिंह भगवान की पूजा की गई। भगवान ने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए हिरणाकश्यप वध किया था। भगवान नरसिंह का जन्म उत्सव मंदिर की महंत अर्चना दीक्षित ने पूजन आरती किया। जन्मोत्सव पर फल फूल, पूरी सब्जी, पीले चावल का भोग लगाकर प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया। भगवान नरसिंह की पूजा अर्चना जो कोई भक्त करता है उसे भगवान नरसिंह कष्टों को हर लेते है और शत्रु से मुक्ति प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मंदिर की महंत अर्चना दीक्षित ने सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित चंदन, विजय आनंद, अवधेश बाजपेई, रामबाबू चौरसिया, बालकृष्ण, लालाराम, सोनू, निर्मला बाजपेई, जगदेवी, सरोज सक्सेना, शिखा, रीना, सपना, अनुज भक्तों ने पूजा में भाग लेकर भगवान नरसिंह के जन्मोत्सव मनाया और नत मस्तक होकरआशीर्वाद प्राप्त किया।



भगवान नरसिंह

# शिक्षा की गुणवत्ता और सर्वांगीण विकास पर दिया जोर



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को द्वितीय दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित प्रधानाचार्य कार्य योजना बैठक में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 राम मनोहर सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री और राजकुमार क्षेत्रीय संयोजक संस्कृति बोध उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में डॉ0 राम मनोहर ने कहा कि कार्य और कार्यकर्ता संस्थान की रीढ़ हैं। उन्होंने पंच प्राणों के विकास पर बल देते हुए शिक्षकों से आवाह्न किया कि वे विद्यालय के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया कि प्रत्येक छात्र कम से कम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करे। उन्होंने अभिभावकों के साथ निरंतर संपर्क और छात्रों के पंचकोशात्मक विकास को समाज की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। द्वितीय सत्र में डॉ0 राम मनोहर ने प्रवेश परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने का सुझाव दिया।

शिशु वाटिका के सुदृढ़ीकरण और आयु मानकों 3 से 6 वर्ष पर भी चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय में संगीतमय वंदना, वाद्य यंत्रों की उपलब्धता और संगीत शिक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में शारीरिक शिक्षा हेतु बीपीएड शिक्षकों की नियुक्ति, विज्ञान की प्रभावी प्रयोगशालाओं की स्थापना और छात्रों में नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रयासों पर सहमति बनी। प्रधानाचार्य को निष्ठा और निस्वार्थ भाव से कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ मल्लावा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले



सपा सैनिक प्रकोष्ठ के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरन के नेतृत्व में फर्रुखाबाद, हरदोई, लखनऊ, उन्नाव एवं आसपास के तमाम जिलों के पदाधिकारी ने हरदोई मल्लावा के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में राम रईस कुशवाहा की पुत्री की दबंगों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने के मामले में दिवंगत बेटी के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। जनपद से सैनिक प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारी भी मल्लावा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, अमित कुमार, राजेंद्र सिंह, बैजनाथ सिंह सक्सेना, रामाधार सिंह, हरि सागर सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, ठाकुर यशभान सिंह, नेत्रपाल सिंह, रूप सिंह, शंभू दयाल, कैलाश गुप्ता, अजीत सिंह, मनोज कुमार, अवधेश सिंह, हरि सिंह, धनीराम, सज्जन सिंह, बहादुर सिंह जाटव, सत्यवीर सिंह, देवेंद्र सिंह राजपूत, अरविंद सिंह पाल, मदनपाल, योगेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# नियुक्त तिथि एनपीएस अंशदान ब्याज सहित धनराशि की जायेगी आवंटित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे, सतेन्द्र सिंह व रजनीश शिवा ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि अंशदायी एनपीएस पेंशन योजना के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों के 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं की नियुक्त तिथि ब्याज एनपीएस अंशदान हेतु मांग पत्र माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रेषित डीआईओएस को सौंपा। संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने सतेन्द्र सिंह व रजनीश शिवा ने बताया कि 2020 व 2021, 22, 23 में जनपद के कई अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक, शिक्षिका कर्मचारियों का ब्याज अंशदान हेतु ग्रांट आवंटित हो चुकी है, लेकिन शेष बचे हुए माध्यमिक विद्यालयों के ब्याज अंशदान शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रान खातों में स्थानांतरित नहीं हो पाया है। पिछले वर्ष नियोक्ता अंशदान पर ब्याज की धनराशि 225,00,000 कार्यालय को प्राप्त हो गयी थी। जिनको शिक्षक कर्मचारियों के प्रान खातों में स्थानांतरित किया जाना था, लेकिन मानक मद 59 डीडीओ पोर्टल पर प्रदर्शित न होने के कारण एनपीएस शिक्षक कर्मचारियों के खातों में नहीं भेजा जा सका है। जिस कारण शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाखों रुपयें का नुकसान हो रहा है। जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं के अभी तक ब्याज अंशदान प्राप्त नहीं हुआ है उनका मांग पत्र डीआईओएस कार्यालय के माध्यम से शासन को प्रेषित कर दिया गया है। जिसकी जानकारी प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने दे दी है। धनराशि शासन से वार्ता कर जनपद को आवंटित करा दी जायेगी।



डीआईओएस से वार्ता करते शिक्षक नेता

# फिल्म जिंदगी फ्यूज का पोस्टर एवं ट्रीजर हुआ रिलीज़

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिले के चर्चित करथिया कांड पर आधारित फिल्म जिंदगी फ्यूज का पोस्टर एवं ट्रीजर रिलीज़ किया गया।

फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं लेखक डॉक्टर भारत गौड़ ने फतेहगढ़ स्थित अपने आवास पर फिल्म का ट्रीजर एवं पोस्टर रिलीज़ किया। डॉ0 भारत गौड़ ने बताया कि यह फिल्म स्क्रीन फीचर फिल्म के द्वारा बनी है। अपराधिक पृष्ठभूमि में लिखी इस फिल्म जिंदगी फ्यूज़ की पटकथा रोमांच से भरी रोगटे खड़े कर देने वाली विश्व में अपने तरह की पहली अपराधिक सत्य घटना पर आधारित है। हृदय को दहला देने वाली यह घटना जनपद में 30 जनवरी 2020 को घटी थी। वहाँ पर एक सिरफिरे अपराधी सुभाष बाथम ने अपनी पत्नी रूबी बाथम के साथ मिलकर अपने गाँव करथिया कोतवाली मोहम्मदाबाद के 24 बच्चों को अगवा कर लिया था और प्रति बच्चा एक करोड़ की माँग की थी। तेरह घंटे चालीस मिनट तक चले इस घटना क्रम में प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार भी सकते में आ गयी थी। सुभाष बाथम की पत्नी रूबी को गाँव की भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था और सुभाष बाथम को पुलिस ने मार गिराया था। बच्चे पूरी तरह सुरक्षित बचा लिये गये थे। प्रदेश सरकार ने इस घटना को आपरेशन मासूम नाम दिया था। फिल्म में सुभाष बाथम का मुख्य किरदार अमित सक्सेना व सुमन कुमारी सुभाष बाथम की पत्नी रूबी बाथम की भूमिका निभाई है। इस अवसर पर भूपेंद्र प्रताप सिंह, धीरज मौर्य, सम्यक जैन, दिलीप कश्यप, नावेद अंसारी, नौशाद अली, शैली दिवाकर, अंकित गुप्ता, सत्या भाई, लिरिक्स दीपक कुमार, लालजी टंडन, गिरीश अवस्थी, राज गौरव पाण्डेय, संध्या पांडे, डॉ0 कमल गौतम, शिवानी कटियार, नेहा सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।



पोस्टर रिलीज करते डायरेक्टर मौजूद कलाकार

# 12 यूपी तथा 4 यूपी गर्ल्स बटालियन ने मनाया एनसीसी एलुमनाई मेगा इवेंट सेमीनार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ के तत्वावधान में 12 यूपी बटालियन एनसीसी एवं 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा राजपूत रेजिमेंटल सेंटर फतेहगढ़ के जसराम ऑडिटोरियम में एनसीसी एलुमनाई एसोसिएशन मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। अलीगढ़ एवं फतेहगढ़ ग्रुप के लगभग 400 एनसीसी एलुमनाई एवं कैडेट्स ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक विशिष्ट सेना मेडल तथा 4 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजेंद्र शारदा के निर्देशन में जीसीआई प्रियंका और पायल के संयुक्त संचालन से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कराई। एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित गीत-संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम पाए पूर्व एनसीसी कैडेटों के कुछ चुनिंदा रिकॉर्डेड वीडियो स्क्रीन पर दिखाए गए।



कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी अधिकारी

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान वक्ताओं ने राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, महिला सशक्तीकरण, नेतृत्व विकास और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। एलुमिनाई वक्ताओं में मेजर आलोक दुबे, डॉ0 आलोक बिहारी, इंस्पेक्टर मनोज कुमार भाटी, लेफ्टिनेंट डॉ0 पारुल मिश्रा और डॉ0 बृजभूषण प्रमुख रूप से शामिल रहे। एनएकेपी डिग्री कॉलेज की छात्रा ऋनी चौहान द्वारा महिला सशक्तीकरण पर प्रस्तुत किये गए भाषण ने सभी का मन मोह लिया। सभागार में बैठे सभी की तालियों की गड़गड़ाहट से मंच गूंज उठा। कैप्टन बलविंदर सिंह ने पुलवामा आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भावपूर्ण पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। पूर्व एनसीसी कैडेटों ने अपने छात्र जीवन एवं वर्तमान कार्य क्षेत्र से जुड़े प्रेरक अनुभव साझा किए। वहीं मंच का संचालन सीटीओ राजीव कुमार द्वारा किया गया, जबकि लेफ्टि0 राजेश दुबे ने एनसीसी पर अपने विचार रखे। 12 यूपी एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने कहा, हमारे दिग्गज एलुमनाई के प्रत्यक्ष एवं वीडियो संदेशों का अनुभव और कैडेट्स की ऊर्जा ने इस आयोजन को एकता और अनुशासन का सच्चा उत्सव बना दिया।

ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति ने विशेष रूप से सभी में गर्व और उद्देश्य की भावना भर दी। इस आयोजन ने एलुमनाई-कैडेट संबंधों को सुदृढ़ करने एवं अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। इस अवसर पर 4 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजयेंद्र शारदा, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमनदीप सिंह खरोड, मेजर संदीप माधव, मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टि0अवनीश, लेफ्टि0 चंचल शर्मा, चीफ अफसर सतीश चंद्र, सूबेदार मेजर नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर डीआईओएस व दोनों लिपिकों को दी गई विदाई

▸ प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह का विदाई समारोह मनाया गया।

प्रधान सहायक संजीव सक्सेना एवं मनोज मिश्रा भी सेवानिवृत्त हुए। उन्हें भी माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने डीआईओएस व दोनों लिपिको को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी और प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, अनिल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

डीआईओएस के साथ उनकी पत्नी मौजूद रही। प्रधानाचार्य डॉ. विश्व मोहिनी पाण्डेय, इंदू मिश्रा, सुमन त्रिपाठी, नीतू मसीह, ऐस्टर रोज दयाल, नरगिस खान ने भी डीआईओएस व उनकी पत्नी को सम्मानित किया। प्रधानाचार्यो ने डीआईओएस के साथ पटल पर तैनात लिपिकों को भी सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। डीआईओएस ने कहा कि सभी का स्नेह हमें मिला मैं इसको भुला नहीं पाऊंगा और हमेशा याद रखूंगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनीत चौहान, राजेन्द्र कुशवाहा, कैप्टन बलविन्दर सिंह, ले. गिरिजा शंकर, राघवेन्द्र मिश्रा, सुखराम कुशवाहा, वेदराम शर्मा, प्रवीन कुमार चौधरी, गंगा नारायण त्रिवेदी, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, त्रिलोकी नाथ, विश्वकर्मा, संतोष कुमार त्रिपाठी, नागेन्द्र, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, वीरेन्द्र मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, सतेन्द्र सिंह, संतोष दुबे, रजनीश शिवा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने किया। आभार जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व महामंत्री डॉ. बृजभूषण सिंह ने किया।



डीआईओएस को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व अन्य

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल का आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में रहा 100 प्रतिशत रिजल्ट



उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ विद्यालय स्टाफ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आईएससी-आईसीएसई का रिजल्ट घोषित होते ही मॉडर्न पब्लिक स्कूल में गुरूवार को उत्सव का माहौल छा गया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। स्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कई बच्चों ने अपनी उम्मीद से भी कहीं बेहतर अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में अभिषेक मिश्रा ने स्कूल का नाम रोशन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्रथम अभिषेक मिश्रा 91.75 प्रतिशत रहा। द्वितीय प्रथम यादव 89.75 प्रतिशत, तृतीय हर्षित कुमार 88.75 प्रतिशत, चतुर्थ सैयद हानिया 87.25 प्रतिशत, पाँचवाँ परिधि श्रीवास्तव 84.75 प्रतिशत रहा। इसके अतिरिक्त अर्चित शर्मा, रिद्धि सिंह, अमर अंसारी, मयंक शाक्य तथा वंश पाण्डेय ने भी टॉप टेन में अपनी जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आईएससी कक्षा 10 के टॉपर्स में कक्षा 10वीं में भी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। प्रथम दर्श कुमार 92.08 प्रतिशत, द्वितीय अर्पित चौहान 91.045 प्रतिशत, तृतीय मो0 अली उद्दीन 91.02 प्रतिशत, चतुर्थ प्रखर पाल 85.04 प्रतिशत, पाँचवाँ एंजिल गुप्ता 83.04 प्रतिशत रहा। अन्य टॉपर्स में मानसी सिंह, समृद्धि पाल, सम्पन्न गुप्ता, रोहित राज तथा श्रेयस शामिल रहे। कॉमर्स स्ट्रीम में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। जिसमें अंजिया नाज ने प्रथम, गुनगुन रस्तोगी ने द्वितीय, तान्या गुप्ता ने तृतीय, आरोही सक्सेना ने चतुर्थ और सिया मिश्रा ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्कूल की प्रबंधिका निमिषा गुप्ता, प्रधानाचार्य आलोक सक्सेना तथा उप-प्रधानाचार्य रवि श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया।

## शुद्धिपत्र

24 अप्रैल 2026 को ब्लाक शमशाबाद के ग्राम अहमदगंज की निविदा निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु प्रकाशित की गई थी। जिसमें सबसे नीचे की लाइन में त्रुटिवश 18/03/2026 व 24/03/2026 अंकित हो गया है। जबकि सही तिथि 24/04/2026 व 28/04/2026 यह है। इसी को माना जाये।

# अर्पिता सहित विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

## विजेता अर्पिता भारद्वाज नेशनल प्रतियोगिता देहरादून में करेंगी प्रतिभाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कराटे एसोसिएशन ऑफ फर्रुखाबाद के द्वारा जनपद से कराटे की टीम ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में 23 से 26 अप्रैल में भाग लिया था। जिसमें अर्पिता ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। अर्पिता के साथ पाखी सक्सेना ने सिल्वर, आदित्य पाल ने सिल्वर, अक्षत ने सिल्वर, तनिष्का दीक्षित ने ब्रांज मेडल प्राप्त किये। कराटे एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज ने बताया कि यह फर्रुखाबाद के लिए बहुत बड़ी बात है कि जिसने मेडल निकालकर नेशनल के लिए अपना रास्ता साफ किया। उन्होने बताया कि अर्पिता देहरादून में 3 जून से 6 जून को होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगी। जिसके लिए संस्था के की संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, लालजी सक्सेना, सुमन राठौर, बबिता पाठक ने बधाई दी।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता कराटे खिलाड़ी

## सीपी विद्या निकेतन का सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। सीआईएससीई बोर्ड ने बोर्ड का कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा में आईसीएसई-10 एवं सीआईएससीई 12 में 302 एवं 282 छात्र परीक्षा में बैठे। कक्षा 10 की परीक्षा में मेघल गुप्ता ने 98.88 प्रतिशत अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12 में चक्रेश शाक्य ने 97.25 प्रतिशत अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा दस में अन्य ससम्मान उत्तीर्ण छात्रों में टॉप 5 छात्र आशीष गंगवार 97.60 प्रतिशत, मास्टर सोहन अग्निहोत्री 94.4 प्रतिशत, मास्टर आर्यन गुप्ता 94.4 प्रतिशत, मास्टर पुलकित गंगवार 93 प्रतिशत, मास्टर लक्ष्य गंगवार 92.6 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा बारह में टॉप 5 छात्र मास्टर आर्यन राज 95.50 प्रतिशत, मिस कशिश गंगवार 94.50 प्रतिशत, मिस मेधावी परी 94.50 प्रतिशत, मास्टर आशुतोष सिंह 93.25 प्रतिशत, मास्टर सनी राजपूत 93.00 प्रतिशत रहे। प्रबंधक एसपी अग्रवाल, निदेशक मिथलेश अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार बाजपेई ने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंध तंत्र के समस्त पदाधिकारियों ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों को दिया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफकी मेहनत की तारीफ की।



छात्रा को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य

## भाकृए एसो. ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत ने जिलाध्यक्ष राय सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ. अकुर लाठर को दिया। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि जनपद में रात्रि में घरेलू बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। फर्रुखाबाद ऋषीकेष पैसेंजर ट्रेन कोरोना काल से पहले फर्रुखाबाद से ऋषीकेष जाती थी, जिसे बन्द कर दिया गया। जिसे चलाये जाने की मांग की है। जादातर जिले में समुदायिक शौचालय बन्द पड़े है। उन शौचालय के ताले खुलवाये जाये। मौजा गुरऊ शादीनगर जो मोहम्मदाबाद ब्लॉक के अन्तर्गत आता है जिसमें 2024-2025 आनलाइन शौचालयों की एक किस्त मिलने के बाद दूसरी किस्त आज तक नहीं मिली। इसकी जाँच की जाये और जिन लोगों की फार्मर रजिस्ट्री है। उन्हे अभी तक किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है, आदि मांगें शामिल रही।

यदि समय रहते निस्तारण नहीं हुआ तो आन्दोलन होगा। ज्ञापन देने वालों में राष्टीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, राम वीर पाल, राम नरायन, प्रवीन गुप्ता, बादाम सिंह, स्वाति पाण्डेय, सुनीता दुबे, मधु, शिवराज सिंह राजपूत, शिवम राजपूत, रघुवीर सिंह, संजीव कुमार दुबे, अहिलकार सिंह, मुन्ना लाल सक्सेना, रामवीर जाटव, प्रताप सिंह गंगवार, सुग्रीव बाथम, राय सिंह आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मेरा नाम राजेश कटियार है, जबकि मेरे पासपोर्ट व अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश कुमार कटियार दर्ज था। अब मैंने पूर्ण रुप से अपना नाम बदलकर राजेश कटियार रख लिया है। भविष्य में मुझे राजेश कटियार के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। राजेश कटियार पुत्र स्व0 जयकृष्ण कटियार निवासी मकान नं0-6/55, नेकपुर कलां-3, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्रा0पं0 जनैया सठेया वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 30/04/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत जनैया सठेया विकास खण्ड बढ़पुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 01/05/2026 से दिनांक 07/05/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 07/05/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 01/05/2026 से दिनांक 07/05/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत में आरओ स्थापना कार्य | 195951 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत) सचिव (ओम शिव)

ग्राम पंचायत जनैया सठेया, विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद

# जनगणना-2027 की तैयारियां तेज: 7 से 21 मई तक स्व-गणना, प्रशासन ने झोंकी पूरी ताकत

## सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला, आमजन से भागीदारी की अपील

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी**



जनगणना-2027 को लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। पहले चरण में 7 से 21 मई तक होने वाली स्व-गणना (सेल्फ सर्वे) को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्व-गणना के फायदे विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि आमजन अब घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से अपनी जानकारी खुद दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही, स्वयं द्वारा भरी गई जानकारी अधिक सटीक होती है, जिससे डेटा की विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने कर्मचारियों से स्व-गणना पोर्टल पर अनिवार्य रूप से डेटा भरवाएं। इसके बाद सिस्टम से प्राप्त 11 अंकों की यूनिक आईडी प्रगणकों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य में तेजी और शुद्धता बनी रहे।

सीडीओ ने बताया कि जनगणना अभियान को गति देने के लिए प्रतिदिन 'विभाग दिवस' मनाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएगा और आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे खुद भी इस प्रक्रिया में भाग लें और दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके।

**सेल्फ सर्वे से समय की बचत, डेटा होगा ज्यादा सटीक और पारदर्शी**

जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह ने तृतीय चक्र का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी कार्मिकों को बधाई दी और निर्देश दिए कि अंतिम चरण में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शत-प्रतिशत समय से पूरा कराया जाए।

कार्यशाला में जनगणना निदेशालय से आए जिला प्रभारी दिव्यांक मिश्रा ने पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान एएसपी, सीएमओ, डीआईओएस, बीएसए, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीएसटीओ, महाविद्यालयों के प्राचार्य, डीसी एनआरएलएम, परियोजना अधिकारी सहित जनपद के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## बारात से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, एक गंभीर

### खड़ी बैलगाड़ी से टकराई बाइक, 20 वर्षीय युवक ने मौके पर तोड़ा दम, साथी जिला अस्पताल में भर्ती



**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारात से लौट रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी गन्ने से लदी बैलगाड़ी से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, सेमरा ग्रंट निवासी करीब 20 वर्षीय अमित कुमार पुत्र जगदीश कुमार अपने साथी दीपू पुत्र मलखे (निवासी धर्मपुर, थाना मैगलगंज) के साथ बारात में शामिल होकर मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर प्लस) से वापस घर लौट रहे थे। देर रात जैसे ही वे फतेपुर चौकी क्षेत्र के खानपुर ग्रंट के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी गन्ने से भरी बैलगाड़ी से पीछे से जा भिड़ी। हादसे में अमित कुमार के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठे दीपू को भी गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फतेपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### अधेड़ का खंभवा बंधी में मिला शव, परिजनों में कोहराम

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया मुड़ेपेली गांव निवासी एक अधेड़ का शव गुरुवार सुबह घर से दो सौ मीटर दूर खंभवा बंधी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के परसिया मुड़ेपेली निवासी राम किशोर (55) बुधवार शाम करीब पांच बजे घर से निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने अधेड़ की काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार की सुबह घर से दो सौ मीटर दूर स्थित खंभवा बंधी के किनारे ग्रामीणों ने एक जोड़ी जूता देखा, जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तलाश की तो बंधी में राम किशोर का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही हलिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुई इस घटना से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। मृत अधेड़ को एक पुत्र था जिसकी पहले ही मृत्यु हो चुकी है पत्नी छवीलिया का रो रोकर बुरा हाल है।आशंका जताई जा रही है कि बंधी में मौजूद मगरमच्छ ने अधेड़ को बंधी में खींच लिया जिससे अधेड़ की मौत हुई है मौके पर रेंजर हलिया संतोष कुमार राय वन दरोगा सूरज पांडेय, नीतू शर्मा पहुंचकर जांच पड़ताल कर रहे हैं पोस्टमार्टम के बाद ही अधेड़ के मृत्य का कारण पता चल सकेगा इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अधेड़ का शव बंधी में मिलने की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बारात में आये युवक की बाइक चोरी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में बुधवार की रात्रि बारात में आये युवक की बाइक चोरी हो गई काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर पीड़ित ने 112 पुलिस को सूचना दिया पुलिस जांच में जुटी है लालगंज थाना क्षेत्र के थरपरसिया गांव निवासी मोतीलाल अपने स्पेलेंडर बाइक से रिश्तेदार के यंहा सोनगढ़ा गांव में बारात में शामिल होने के लिए आये थे बाइक को खडी कर बारात में शामिल होने के लिए चले गए वापस आने पर देखा की बाइक नहीं है। खोजबीन शुरू किया लेकिन बाइक नहीं मिलने पर पीआरबी 112 पर सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका है बारात से बाइक चोरी होने पर पीड़ित परेशान है।

### गैस वितरण में अनियमितता पर एजेंसी संचालक से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने मांगा स्पष्टीकरण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम महेंद्र सिंह ने एक गैस एजेंसी में गैस वितरण को लेकर अनियमितता पाई है उन्होंने मंगलवार को पत्र लिखकर एजेंसी संचालक से स्पष्टीकरण मांगा है। उपभोक्ताओं की शिकायत पर एसडीएमध्ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लालगंज आईएएस महेंद्र सिंह ने गत 23 अप्रैल को क्षेत्र के हलिया स्थित एक गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर मिला। निरीक्षण के समय एजेंसी संचालक ने अभिलेखों में सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित दिखाया, लेकिन रजिस्टर से 15 उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर लेकर फोन पर सत्यापन किया तो कई लोगों ने सिलेंडर न मिलने की बात कही थी। इससे वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने 28 अप्रैल को एजेंसी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

### ऑनलाइन बीज के लिए बुकिंग शुरू

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि खरीफसत्र 2026-27 के प्रमाणित एवं संकर बीजों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई हैं। जिसमें सामान्य बीज (ढैचा, धान, अरहर, मूंग, उड़द तिल, बाजार, ज्वार, तिल आदि) एवं संकर बीजों (धान, बाजरा, ज्वार) पर 50: अनुदान तथा मिनीकिट प्रदर्शन का निशुल्क लाभ लेने के लिए कृषि विभाग की बेवसाइट पर जाकर अपना बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग की प्रक्रिया 10 मई तक की जाएगी उसके उपरांत की अध्यक्षता में लक्की ड्रा के माध्यम से चयनित कृषकों को बीज वितरित पीओएस मशीन से अंगूठ/फिंगर प्रिंट लगाकर किया जाएगा। किसानों भाइयों से अपील है कि अधिक से अधिक बीज बुकिंग कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बुकिंग करते समय अपना फॉर्मर रजिस्ट्री भी जरूर करा ले।

### विषाक्त पदार्थ खाने से किशोरी की हालत गंभीर, ट्रामा सेंटर रेफर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी द्वारा अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद किशोरी की हालत गंभीर हो गई, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने गुरुवार को भोर में किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार ने किशोरी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया।

## बैठक को हल्के में लेना पड़ा भारी 11 अफसरों का वेतन रोका

**3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण, लापरवाही पर सख्त चेतावनी**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी**

सरकारी बैठकों को हल्के में लेना जिले के 11 अधिकारियों को महंगा पड़ गया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 'जिला उद्योग बंधु' की अहम बैठक से गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों और कार्मिकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। साथ ही तीन कार्य दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअसल, 28 अप्रैल 2026 को जिला उद्योग बंधु, एमओयू कार्यान्वयन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जब डीएम पहुंचे, तो कई जिम्मेदार अधिकारियों की कुर्सियां खाली मिलीं। इससे उद्यमियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी, जिस पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। उन्होंने 'नो वर्क-नो पे' के सिद्धांत का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया और पूछा कि अनुपस्थिति वाले दिन का वेतन क्यों न काटा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर पर ऐसी बैठकों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। यदि अधिकारी ही गैरहाजिर रहेंगे, तो जन समस्याओं का समाधान कैसे संभव होगा। डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अगले आदेश तक संबंधित तिथि का वेतन आहरित न किया जाए।

## एक मई से होगा गन्ना खेतों का एआई आधारित जीपीएस सर्वे : डॉ. सुनील यादव

**समृद्धि न्यूज़, अमीरनगर खीरी**



बलरामपुर चीनी मिल्स लि. यूनिट, कुम्भी एंव गन्ना विकास परिषद, कुम्भी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को चीनी मिल कुम्भी के सभागार में सर्वे बैठक आयोजित की गयी।जिसमें गन्ना विकास परिषद, कुम्भी के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अजीत सिंह व चीनी मिल कुम्भी के मुख्य महा प्रबन्धक डा. सुनील कुमार यादव एवं उप महा प्रबन्धक (गन्ना) चन्द्रहास द्वारा सभी उपस्थित सर्वे कर्मियों को पूरी पारदर्शिता से सर्वेक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सभी उपस्थित कर्मियों को एच0एच0सी0 / जी0पी0एस0 मशीनों से सर्वे करनें के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिये गये।साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 1मई से विधिवत गन्ना सर्वेक्षण प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उप महा प्रबन्धक (गन्ना) चन्द्रहास द्वारा बताया गया कि सर्वे हेतु कुल 60 टीमों का गठन किया गया है तथा सर्वे में शुद्धता एंव पारदर्शिता हेतु जॉच टीमों का भी गठन किया गया है, जो व्यापक स्तर पर सर्वे किये गये प्लाटों की पुनः जांच करेंगें। मुख्य महा प्रबन्धक डा. सुनील कुमार यादव नें गन्ना कृषकों से यह अपील की है कि वे गन्ना सर्वेक्षण कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें तथा अपने समक्ष अपने प्लाट का सर्वे करावें, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना को समाप्त कर गन्ना किसानों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा से बचाया जा सके। इस बैठक में मुख्य गन्ना प्रबन्धक जगपाल सिंह, गन्ना प्रबन्धकगण पुष्पेन्द्र सिह, आर.के. सिंह, मनीष सिंह बघेल के साथ ही समस्त जोनल इंचार्ज उपस्थित रहे।

## पब्लिक इंटर कॉलेज में अव्यवस्थाओं पर सख्त हुए डीआईओएस, प्रधानाचार्य को जारी किया नोटिस

**छह माह से खराब मोटर और आपसी विवाद से बिगड़ी व्यवस्थाओं पर मांगा स्पष्टीकरण**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी**



पब्लिक इंटर कॉलेज, गोलागोकर्णनाथ में अव्यवस्थाओं और प्रबंधतंत्र व प्रधानाचार्य के बीच चल रहे विवाद को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग की छवि धूमिल होने पर डीआईओएस ने प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है और तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में कॉलेज में बीते छह माह से मोटर खराब होने, छात्रों को पेयजल संकट का सामना करने और हैंडपंप से भी स्वच्छ पानी न मिलने की बात सामने आई थी। इसके साथ ही प्रबंधक और प्रधानाचार्य के बीच मतभेद के चलते व्यवस्थाएं प्रभावित होने की बातें भी उजागर हुई थीं। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने अपने पत्र में कहा कि इस प्रकार की नकारात्मक सूचनाओं से न केवल विद्यालय बल्कि शिक्षा विभाग की छवि भी प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि छात्रहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

**प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य के बीच समन्वय की कमी पर जताई नाराजगी**

जांच में यह भी सामने आया कि प्रबंध समिति द्वारा सफाईकर्मी और लिपिक की नियुक्ति के बावजूद प्रधानाचार्य द्वारा उनकी उपस्थिति प्रमाणित नहीं की जा रही है, जिससे भुगतान में समस्या आ रही है। वहीं, प्रबंधक का आरोप है कि विद्यालय की समस्याओं से उन्हें समय पर अवगत नहीं कराया जाता।

डीआईओएस ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और वित्तीय कार्य केवल प्रधानाचार्य के माध्यम से ही किए जा सकते हैं। सामान्य प्रभार पर कार्य कर रहे शिक्षक को यह अधिकार नहीं है, जब तक कि उन्हें पूर्ण प्रभार न सौंपा गया हो।

**नियमों का हवाला देकर दिए निर्देश**

पत्र में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम-1921 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए प्रधानाचार्य के कर्तव्यों और अधिकारों की भी याद दिलाई गई। डीआईओएस ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था, संसाधनों का रखरखाव और छात्रों की मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की है।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी जलकर खाक



**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ा हादसा हो गया, जब महरिया गांव निवासी कन्नौजी कश्यप पुत्र भुरऊ कश्यप के घर में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा समस्त गृहस्थी का सामान उसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टी, पाइप आदि के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर सहित अन्य जरूरी सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। बताया जा रहा है कि आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस हादसे में पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है, जिससे उनका जीवन-यापन संकट में पड़ गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

## पेट्रोल पंप पर काला बाजारी का आरोप विडियो बनाने पर युवक से अभद्रता

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी**

जिले के तिकोनिया क्षेत्र में स्थित इंडियन ऑयल के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कथित काला बाजारी और उपभोक्ता से अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है।

तिकोनिया कोतवाली क्षेत्र के रामनगर बनवीरपुर निवासी धीरज कुमार ने शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल 2026 को वह अग्रवाल फिलिंग स्टेशन पर अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल लेने गया था। आरोप है कि वहां वाहनों में पेट्रोल देने के बजाय 20 लीटर की पीपियों में पेट्रोल भरकर ले जाया जा रहा था। जब उसने इसका वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पेट्रोल पंप के मालिक सागर अग्रवाल ने उसे रोकते हुए गाली-गलौज की और पेट्रोल देने से मना कर दिया। साथ ही उसे पंप से भगा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि उसने इस कथित काला बाजारी का वीडियो एक पत्रकार के माध्यम से सोशल मीडिया पर वायरल कराया, जिससे पंप संचालक उससे रंजिश मानने लगा। आरोप है कि 29 अप्रैल को जब वह दोबारा पेट्रोल लेने पहुंचा, तो पंप मालिक ने नशे की हालत में उसके साथ फिर से अभद्रता की, मां-बहन की गालियां दीं और मारपीट पर उतारू हो गया। धीरज कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई और कहा गया कि 'तुमको पेट्रोल नहीं देंगे।

## नव नियुक्त आरक्षियों को क्षेत्राधिकारी ने दिया ईमानदारी व निष्ठा से ड्यूटी करने का मंत्र



**समृद्धि न्यूज़**

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना परिसर में बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर आए नव नियुक्त आरक्षियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ईमानदारी निष्ठा और सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का पाठ पढ़ाया। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस सेवा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए आरक्षियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच पुलिस की बेहतर छवि बनाए रखना हर पुलिसकर्मी की प्रशासनिक और नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए अनुशासन का पालन और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का अक्षरशः अनुपालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्परता और सूझबूझ के साथ कार्य करने पर बल दिया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने ड्यूटी के दौरान शालीन व्यवहार, वर्दी की मर्यादा बनाए रखने और जनता के साथ सम्मानजनक संवाद रखने की भी नसीहत दी।

उन्होंने नव नियुक्त आरक्षियों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विभाग की गरिमा बनाए रखेंगे और समाज में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण स्थापित करेंगे। इस मौके पर उन्होंने आरक्षियों के बैरेक का निरीक्षण कर थाना अध्यक्ष हलिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अदवा फीडर में लगातार कटौती से उपभोक्ता परेशान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर )।** हलिया क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र हलिया के अदवा फीडर में लगातार हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन और रात में कई बार बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे घरेलू कामकाज, पढ़ाई-लिखाई और छोटे कारोबार पर असर पड़ रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार घंटों तक बिजली नहीं आती, जिससे पानी की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। स्थानीय संगम पांडे, भुक्कल सिंह, अंकुर सिंह, छल बिहारी मौर्या, कमलेश कुंदेरा ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली कटौती का समय निर्धारित कर सूचना दी जाए।

## कांग्रेसियों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़**



**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व मे इंटर कॉलेज संग्रामगढ़ के भूतपूर्व प्रिंसिपल व नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी,मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला,लालगंज ब्लॉक प्रमुख ई. अमित सिंह, नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष पति संतोष द्विवेदी जिला पंचायत सदस्य रघुनाथ सरोज उर्फ रघुराई, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केडी मिश्रा,लाल जी यादव, जिला पंचायत सदस्य अशोक धर द्विवेदी रामकृपाल सरोज सिंटू मिश्रा शैलेन्द्र मिश्रा मासूम हैदर आदि कांग्रेस विधान मण्डल दल नेता आराधना मिश्रा मोना के निर्देशानुसार गुरुवार को लालगंज स्थित पूर्व पीएम आयरन लेडी स्व इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत स्मार्ट मीटर प्रीपेड के विरोध मे हाथों मे तख्ती बैनर आदि लेकर दहाड़े मार नारेबाजी करते हुए तहसील लालगंज मे राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने बताया कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं के ऊपर जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपे जाने का कांग्रेस दल पुरजोर विरोध करता है।कांग्रेस दल जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है और आगे भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान समस्त कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन आज

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 01 मई को अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान जनपद प्रतापगढ़ आयेंगी। महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे निरीक्षण भवन गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ आयेंगी, पूर्वान्ह 11.15 बजे (जीआईसी/श्रीराम चौराहा) धम्म शोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी, अपरान्ह 1.20 बजे सुगतानन्द बुद्ध बिहार चिलबिला में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा में शोभा यात्रा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। अपरान्ह 2.15 बजे निरीक्षण भवन गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ आयेंगी।

## सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक लालमणि पाण्डेय को दी गयी भावभीनी विदाई



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में गुरुवार को एक भावुक वातावरण के बीच 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुये वरिष्ठ सहायक लालमणि पाण्डेय को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें माल्यार्पण, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि लालमणि पाण्डेय ने अपने पूरे सेवाकाल में कर्त्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन का परिचय दिया। उन्होंने न केवल अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया, बल्कि सहकर्मियों के साथ हमेशा सहयोगात्मक और सकारात्मक व्यवहार बनाए रखा। उनके शांत स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पण ने उन्हें कार्यालय में एक अलग पहचान दिलाई।जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कर्मठ और ईमानदार कर्मचारियों की सेवाएं प्रशासन के लिए अमूल्य होती हैं। उन्होंने लालमणि पाण्डेय के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और कार्यशैली आने वाले कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।ज्ञातव्य है कि लालमणि पाण्डेय ने 20 जून 2002 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर अपनी सेवा की शुरुआत की थी। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में दक्षता हासिल की और 04 जनवरी 2016 को उनकी पदोन्नति वरिष्ठ सहायक के पद पर हुई। वे लगभग 9 वर्षों तक जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय में सम्बद्ध रहकर महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते रहे। अपने लगभग 23 वर्ष 10 माह के सेवाकाल में उन्होंने कई प्रशासनिक कार्यों को सरल और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया।